दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

भोपाल ■ बुधवार 20 नवंबर 2024 ■ वर्ष -08 ■ अंक-268 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

पैसा कमाने के लिए इतना समय खर्च ना करो कि, पैसा खर्च करने के लिए जिंदगी में समय ही ना बचे।

# मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री गोधरा कांड पर बनी 'द साबरमती रिपोर्ट'

## पीएम मोदी- शाह कर चुके फिल्म की तारीफ, सीएम डॉ. मोहन ने किया एलान, मप्र भाजपा के सांसद-विधायक क्षेत्र की जनता को दिखाएंगे फिल्म

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

महाराष्ट्र और झारखंड जैसे राज्यों विधानसभा चुनाव के बीच गुजरात के गोधरा कांड ने एक फिल्म के जरिए जबर्दस्त एंट्री की है। फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री घोषित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अतीत की घटनाओं को तथ्यपरक रूप से फिल्म में प्रस्तुत किया गया है। अधिक से अधिक लोग यह फिल्म देख सकें, इस उद्देश्य से फिल्म को टैक्स फ्री किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में पीएम नरेन्द्र मोदी ने फिल्म की प्रशंसा करते हुए 'एक्स' पर लिखा है कि अच्छी बात है कि उसकी सच्चाई सामने आ रही है और वह भी इस तरह से कि आम लोग इसे देख सकें। एक झूठी कहानी सीमित समय तक ही चल सकती है। वहीं केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी द साबरमती रिपोर्ट की जमकर सराहना की है। शाह ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि एक शक्तिशाली ईकोसिस्टम कितनी ताकत से प्रयास करता है, लेकिन वह सच को हमेशा के लिए अंधेरे में छिपा नहीं सकता।

द साबरमती रिपोर्ट इतिहास के एक काले अध्याय को समझने का माध्यम है। यह फिल्म सच्चाई को उजागर करती है। वोटों की राजनीति के लिए इतना गंदा खेल खेलना बेहद शर्मनाक था। तत्कालीन सीएम और वर्तमान पीएम मोदी ने बेहद कुशलता और धैर्य से इस कठिन समय में गुजरात और देश की इज्जत बचाई।
**डॉ. मोहन यादव**, सीएम



### गोधरा कांड पर बेस्ट फिल्म

27 फरवरी, 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के कोच में आग लगाए जाने के बाद हुए दंगों पर निर्माता एकता कपूर ने फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' बनाई है। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। दरअसल, गोधरा कांड के तार अयोध्या के श्रीराम मंदिर से भी जुड़े हैं। इस ट्रेन में जिन लोगों को जलाकर मार डाला गया था, वह सभी अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन कर लौट रहे थे। फिल्म में इस पूरे घटनाक्रम को तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया गया है।



द साबरमती स्टोरी के जरिये ऐसे वास्तविक तथ्य समाज के सामने आए हैं, जो वर्षों से छिपे थे। गोधरा कांड पर सच्चाई को सामने लाने वाली इस फिल्म को सभी लोगों को देखना चाहिए। मध्य प्रदेश भाजपा के सांसद और विधायक अपने क्षेत्र की जनता को यह फिल्म दिखाएंगे। मप्र सरकार ने फिल्म को टैक्स फ्री भी कर दिया है।
**–वीडी शर्मा**, प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा



### सीएम योगी से मिले विक्रांत मैसी

**इधर**, अभिनेता विक्रांत मैसी ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। मुख्यमंत्री के ऑफिशियल एक्स हैंडल से एक फोटो को शेयर किया गया है। इसमें विक्रांत को योगी संग खड़े देखा जा सकता है। योगी अपने ऑफिस में हैं। उन्होंने अपना सिग्नेचर आउटफिट पहना है, तो वहीं विक्रांत मैसी ब्लैक हुडी पहने हैं। फोटो के साथ कैप्शन में लिखा गया– आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर फिल्म अभिनेता विक्रांत मैसी ने शिष्टाचार भेंट की।

## ब्रीफ न्यूज

### इंटरनेशनल गैंग: दिल्ली से चीनी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में साइबर पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश किया है। साइबर पुलिस ने सरगना पकड़ा है। शाहदरा पुलिस ने 100 करोड़ के धोखाधड़ी नेटवर्क के पीछे चीनी नागरिक को पकड़ा है। पुलिस ने एक बड़े साइबर धोखाधड़ी मामले में चीनी को गिरफ्तार किया गया।

### यूक्रेन ने रूस पर दागी छह अमेरिकी मिसाइल

**मॉस्को।** मंगलवार को रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को एक हजार दिन पूरे हो गए हैं। इस बीच एपी की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी सेना ने दावा किया है कि यूक्रेन ने रात को रूस के ब्रांस्क क्षेत्र पर छह अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइलें दागी हैं।

### थाईलैंड-एअर इंडिया के 100 यात्री 80 घंटे से फंसे

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के फुकेत में 100 से ज्यादा भारतीय यात्री पिछले 80 घंटे से फंसे हुए हैं। ये पैसेंजर एअर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली लौट रहे थे, पर टेक्निकल इश्यू की वजह से विमान उड़ान नहीं भर पा रहा। दिल्ली जा रही फ्लाइट 3 बार टाली गई।

### आतंकी बलवंत सिंह को हाईकोर्ट ने दी पैरोल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पूर्व सीएम बेअंत सिंह हत्याकांड के दोषी आतंकी बलवंत सिंह राजोआना को अपने भाई के भोग में बुधवार को शामिल होने के लिए तीन घंटे की पैरोल दी है। हाई कोर्ट के जस्टिस जी.एस गिल ने राजोआना की याचिका का निपटारा करते हुए यह आदेश जारी किए।

### जापान को सेमीफाइनल में भारत ने किया पराजित

**राजगीर।** बिहार के राजगीर में चल रही महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय महिला हॉकी टीम ने जापान को सेमीफाइनल में पराजित कर दिया है। बुधवार को फाइनल मैच में भारत का मुकाबला चीन से होगा। मंगलवार का यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा।

## महाराष्ट्र की 288 और झारखंड की 38 सीटों पर मतदान आजः भाजपा 149, कांग्रेस 101 सीटों पर लड़ रही

# पवार-शिंदे पर गढ़ बचाने की चुनौती दांव पर लगी दिग्गजों की साख

## महाराष्ट्र में छह बड़ी पार्टियों समेत 158 दल मैदान में, झारखंड में सीएम, कल्पना सहित 528 प्रत्याशी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

महाराष्ट्र विधानसभा की 288 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को एक चरण में वोटिंग होगी। वहीं झारखंड विधानसभा चुनाव के आखिरी और दूसरे चरण में आज 12 जिलों की 38 सीटों पर मतदान होगा। इसमें 1.23 करोड़ वोटर शामिल होंगे। सेकेंड फेज की 38 में से 18 सीटें संथाल, 18 सीटें उत्तरी छोटानागपुर और दो सीटें रांची जिले की है।

इधर, महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में टूट के बाद कुल 158 दल चुनाव मैदान में हैं। इनमें 6 बड़ी पार्टियां दो गठबंधनों का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा की अगुआई में शिंदे गुट की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी महायुति का हिस्सा हैं। जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) यानी महाविकास अघाड़ी का हिस्सा हैं।

देश के सबसे समृद्ध राज्य महाराष्ट्र में भाजपा नेतृत्व महायुति गठबंधन और विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां अपनी-अपनी जमीन मजबूत करने के लिए जमकर मेहनत करती नजर आईं तो इनके सहयोगी दलों शिवसेना-शिंदे, एनसीपी-अजित पवार, शिवसेना-उद्धव, एनसीपी-शरद पवार ने भी अपनी-अपनी सियासी स्थिति मजबूत करने के लिए जोर-शोर से प्रचार किया।



### फैसला 23 को ही होगा

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अपने-अपने दल और गठबंधन को जिताने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, सीएम डॉ. मोहन यादव, योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी जैसी राष्ट्रीय हस्तियों ने राज्यभर में जनसभाएं कीं। इन उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में कैद हो जाएगी। हालांकि, किसके सिर पर ताज सजेगा, इसका फैसला तो 23 नवंबर को ही होगा।

### महाराष्ट्र में मतदान के एक दिन पहले नोट के बदले वोट पर संग्राम



- आयोग ने विनोद तावड़े के पास से 9 लाख किए जब्त, एफआईआर दर्ज
- भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव पर पांच करोड़ बांटने का आरोप
- भाजपा ने कहा-राज्य में हार के डर से झूठ फैला रही एमवीए
- उद्धव बोले-मेरा बैग खाली था, तावड़े के बैग में तो पैसा मिला

इधर, महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से एक दिन पहले मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगा। मुंबई के उपनगर विरार के होटल में चुनाव आयोग के अफसरों ने तावड़े के कमरे से 9 लाख और कागजात बरामद किए। इसका वीडियो सामने आया है। चुनाव आयोग ने विनोद तावड़े और नालासोपारा से भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। दरअसल, बहुजन विकास अघाड़ी के विधायकों ने आरोप लगाया कि तावड़े मंगलवार को पांव करोड़ रुपए लेकर विरार इलाके के एक होटल पहुंचे। उनके साथ नालासोपारा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजन नाइक और दूसरे कार्यकर्ता भी थे। यहां उनकी मीटिंग चल रही थी। होटल में वोटर्स को पैसे बांटे जा रहे थे। जानकारी मिलने पर हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज ठाकुर भी होटल पहुंचे।

# दिल्ली के प्रदूषण ने निकाला लोगों का दम



- **प्रदूषण का स्तर का 500 तक पहुंचा**
- **सीजन का सबसे ज्यादा पॉल्यूशन**
- **22 ट्रेनें लेट, कार में टक्कर, दो की मौत**

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

दिल्ली में प्रदूषण बेहद खतरनाक लेवल पर बना हुआ है। मंगलवार को कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली का औसत प्रदूषण का स्तर 494 रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन में सर्वाधिक है। यानी राजधानी में मंगलवार को सीजन की सबसे खराब हवा रही। दिल्ली-एनसीआर के 10वीं तक के स्कूल पहले ही ऑनलाइन कर दिए गए थे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद 11वीं-12वीं की क्लासेस भी ऑनलाइन चलाने का आदेश दे दिया गया। वहीं, डीयू, जेएनयू और जामिया के कॉलेजों की क्लासेस 4 दिन तक वर्चुअल मोड पर चलेंगी। उधर, दिल्ली से सटे नोएडा में प्रदूषण और धुंध के कारण ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह कई एक्सीडेंट हुए। यहां विजिबिलिटी कम होने के कारण एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। इस कारण ट्रक के पीछे चल रहीं 4 कारें और कुछ बाइक आपस में टकरा गईं। एक्सीडेंट में दो बाइक सवार की मौत हो गई। कुछ जहाजों के साथ 22 ट्रेन भी अपने निर्धारित समय से काफी देरी से चलीं।

# सीधी में डंपर ने ऑटो को मारी टक्कर, चार लोगों की मौत

**ऑटो के उड़े परखच्चे, तीन लोगों की हालत गंभीर**

**मृतकों में मां-बेटी और नातिन एक अन्य शामिल**

**सत्ता सुधार ■ सीधी**

मध्यप्रदेश के सीधी जिले के एनएच-39 मुख्य मार्ग के ग्राम बढ़ौरा के पास मंगलवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दरअसल, यह घटना सीधी जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर घटी। यहां ऑटो चालक सीधी से सात लोगों की सवारी लेकर चुरहट की तरफ जा रहा था। रीवा की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी। डंपर की भीषण टक्कर से ऑटो पलट गई और चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



# अब तीन दिन होगी अत्यावश्यक केसों की 'सुप्रीम' सुनवाई

**मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने व्यवस्थाओं में किया बदलाव**

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई मामलों को लेकर एक अहम फैसला लिया है। जिसके तहत अब पीठें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को आंशिक रूप से सुने गए नियमित और अत्यावश्यक केसों की सुनवाई कर सकती हैं। बात अगर पहले की व्यवस्था की करें तो सुप्रीम कोर्ट की पीठें मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को नियमित मामलों की सुनवाई करती थीं जिन्हें गैर-विविध दिन कहा जाता था। वहीं सोमवार और शुक्रवार को विविध दिन होते थे जब नए मामलों और नोटिस के बाद आने वाले मामलों की सुनवाई होती थी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना ने नोटिस के बाद के मामलों की लंबितता को कम करने के लिए हाल ही में व्यवस्था में बदलाव किया है। जिसके तहत अब मंगलवार बुधवार और गुरुवार को स्थानांतरण याचिकाओं, जमानत मामलों और अन्य विविध मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा इन दिनों कोई नियमित मामला नहीं सुना जाएगा।



### अदालत में केसों लंबितता कम करने की नई पहल

यह बदलाव मुख्य रूप से नोटिस के बाद के मामलों की लंबितता को कम करने के लिए किया गया है। अगर जरूरत पड़ी तो इस व्यवस्था की समीक्षा दिसंबर 2024 में या उससे पहले की जाएगी। अभी तक नोटिस के बाद मामले कुल 37,317 हैं जिसमें 20,930 मुख्य और 16,387 जुड़े हुए मामले शामिल हैं। वहीं नियमित केसों की संख्या 21,639 है, जिसमें 10,988 मुख्य और 10,651 जुड़े हुए मामले हैं।

**जी-20 समिट**

## भारी चूक! अमेरिकी अधिकारी बोले-सभी नेताओं के आने से पहले हुआ फोटोशूट

# ग्रुप फोटो में 'नमो' सबसे आगे, बाइडन, ट्रूडो-मेलोनी गायब

### अमेरिका, फ्रांस, इटली के राष्ट्राध्यक्षों से पीएम मोदी ने की संक्षिप्त चर्चा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में जी-20 की बैठक हुई। इसके समापन के दौरान फोटो सेशन हुआ। इस फोटो सेशन से जो बाइडेन नदारद दिखे। बाइडेन अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में अपने अंतिम शिखर सम्मेलन में रियो डी जनेरियो में साथी जी-20 नेताओं के साथ एक तस्वीर लेने के लिए गए- लेकिन उन्हें पता चला कि फोटो सेशल पहले ही उनके बिना हो चुका था।

कुछ लोगों का कहना है कि इन नेताओं की नाराजगी और विरोध को इसका कारण है। वहीं निराश अमेरिकी अधिकारियों ने इस गलती के लिए लॉजिस्टिकल मुद्दों को जिम्मेदार ठहराया। ऐसा सिर्फ बाइडेन के साथ नहीं हुआ, बल्कि कनाडा के जस्टिन ट्रूडो और इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी भी यह मौका चूक गई।



### मोदी ने की अहम बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के नेताओं से मुलाकात की। जी20 सम्मेलन के लिए औपचारिक और अनौपचारिक बैठकें कीं। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ पीएम ने द्विपक्षीय बैठक भी की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि ब्राजील की अध्यक्षता के दौरान पिछले साल नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए 'जन-केंद्रित निर्णयों' को आगे बढ़ाया गया है। भारत की सफलता का मुख्य कारण उनकी सरकार का बुनियादी बातों की ओर वापस लौटना और भविष्य की ओर बढ़ने का दृष्टिकोण है।

### अन्य सभी नेता हुए फोटो सेशन में शामिल

जो बाइडेन, ट्रूडो और मेलोनी को छोड़कर अन्य सभी नेता फोटो सेशन में शामिल हुए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन सहित विश्व नेताओं ने फोटो सेशन में हिस्सा लिया।

# कनाडा में वर्क परमिट के बिना भी अब काम कर सकेंगे छात्र

### खुशखबरी! कनाडा ने भारतीयों के लिए कर दी मौज

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

कनाडा सरकार ने भारतीय छात्राओं के साथ-साथ विदेशी छात्राओं को भी राहत दी है। कनाडा में पहुंचे भारतीय विद्यार्थियों को अब सप्ताह में चौबीस घंटे काम कर सकेंगे। इमिग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा के मुताबिक, कनाडा में कैंपस के बिना परमिट हर सप्ताह चौबीस घंटे विद्यार्थी काम कर सकेंगे। अभी तक भारतीय छात्र बिना वर्क परमिट के बीस घंटे काम करने की अनुमति थी। भारतीय विद्यार्थियों में अधिक गिनती पंजाबी विद्यार्थियों की है। पौने दो लाख के करीब पंजाब के विद्यार्थी कनाडा पढ़ने के लिए जाते है। विभिन्न कोर्स में दाखिला लेकर सप्ताह में बीस घंटे काम कर रहा था। काम के घंटे बढ़ने से विद्यार्थियों की आय बढ़ेगी और पढ़ाई के साथ-साथ वर्क एक्सपीरियंस भी मिलेगा। हाल में कनाडा सरकार ने स्टूडेंट डायरेक्ट स्कीम को बंद कर दिया था।



## ब्रीफ न्यूज

### सरकार ने खोला सरकारी नौकरियों का पिटारा

**भोपाल।** प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए मोहन सरकार ने जहां एक ओर औद्योगिकीकरण पर फोकस किया है, वहीं अब सरकारी नौकरियों का पिटारा भी खोलने जा रही है। मप्र में सरकारी भर्ती से जुड़ी हुई बड़ी खबर सामने आई है। सीएम डॉ. मोहन यादव की घोषणा पर वित्त विभाग ने अमल किया है। आने वाले 5 सालों के भीतर सरकार ढाई लाख सरकारी पदों पर भर्ती करेगी। वित्त विभाग ने सभी विभागों को भर्ती की प्रक्रिया के लिए अनुमति दी है। साल 2028-29 तक भर्ती की प्रक्रिया पूरी होगी। प्रशासनिक सेवा के साथ एम्पलाई सिलेक्शन बोर्ड को भी निर्देश दिए है। समय पर परीक्षा कराने के लिए वित्त विभाग ने आदेश जारी किया है।

### पर्वतारोही मुस्कान को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव ने अशोक नगर जिले की रहने वाली पर्वतारोही मुस्कान रघुवंशी को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए 4 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोंजिअस्को को कम उम्र में फतह कर विश्व रिकार्ड बनाने वाली मुस्कान के साहसिक कार्य के लिए बधाई देते हुए आगामी पर्वतारोहण कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश की यह बेटी नई सफलताएं प्राप्त करेगी। बता दें मुस्कान भोपाल से बीपीएड का पाठ्यक्रम कर रही हैं। मुस्कान जल्द ही दक्षिण अफ्रीका के तंजानिया में माउंट क्लीमंजारो की चोटी को छूने रवाना होगी।

### प्रदेश के 20 जिलों में बनेंगे 100 ट्रायबल छात्रावास

**भोपाल।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा-दीक्षा एवं उनकी आवासीय सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत केंद्र ने सभी प्रदेशों में ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण के लिए मंजूरी दी है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए 20 जिलों में 100 ट्राइबल छात्रावासों के निर्माण की मंजूरी दी गई है। 20 जिलों के 50 ब्लॉक्स में 2-2 ट्राइबल छात्रावासों बनाए जाएंगे। यह सभी ट्राइबल छात्रावासों 4-4 करोड़ रुपए की लागत और 100-100 सीटर होंगे।

### अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल और विशेष अतिथि डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के कार्यक्रम का केन्द्रीय विषय भारत में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी, कानूनी सुरक्षा और मानव अधिकार पर आधारित होगा। मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने तैयारियों के संबंध में बैठक ली।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दिल्ली मेले में मध्यप्रदेश मंडप का किया उद्घाटन

### 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस का आयोजन

# औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनेगा मध्यप्रदेश

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों और संपदा से संपन्न राज्य है। प्रदेश की हर काल और युग में विशेष सांस्कृतिक पहचान रही है। आधुनिक काल में औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनाने के संकल्प के साथ प्रदेश में रोजगारपरक उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति और कलात्मक धरोहर को संजोए रखते हुए जन-कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार कर प्रदेश में व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्रों का वृहद विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, मप्र की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और मप्र लघु उद्योग निगम के प्रबंध संचालक दिलीप कुमार भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग स्थित है। यह नदियों का मायका है, जहां पावन नर्मदा और शिप्रा नदियां बहती हैं। प्रदेश वन्य-जीव से संपन्न एकमात्र टाइगर स्टेट, तेंदुआ स्टेट और चीता स्टेट राज्य है। प्रदेश में खनिज संपदा भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और यह एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है। इसके अलावा प्रदेश की सदियों से कला, संस्कृति और सभ्यता की विशेष पहचान रही है। इसका 5 हजार साल पुराना समृद्ध इतिहास रहा है और यह श्रीकृष्ण और श्रीराम की कर्मभूमि और तपोभूमि रही है।

उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक काल से ही प्रदेश की व्यापार और व्यावसायिक समृद्धि की भी विशेष पहचान रही है। इसी क्रम में वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और औद्योगिक केंद्रों में रोड-शो कर प्रदेश में उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है। प्रदेश में 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह को भी प्रोत्साहित किया जा रही है। प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ भारी उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश को सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। मध्यप्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद को अगले 5 साल में दोगुना करने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है।

मुख्यमंत्री ने मेले में मध्यप्रदेश मंडप का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने मध्यप्रदेश मंडप में लगे विभिन्न स्टॉल का अवलोकन भी किया और शिल्पकारों का मनोबल बढ़ाया। मंडप को 'विकसित भारतञ2047' की थीम पर विकसित किया गया है, जिसमें प्रदेश की धरोहर के साथ स्टार्ट-अप्स और उद्यमों का कलात्मक प्रदर्शन किया गया है। मंडप में युवा, गरीब, नारी और किसान कल्याण के मिशन को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी वितरित किए। मध्यप्रदेश मंडप में बेस्ट स्टॉल डिस्प्ले के लिए पर्यटन विभाग और हस्तकला के लिए मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड को पुरस्कृत किया गया। मंडप में सर्वश्रेष्ठ सजीव कला प्रदर्शन के लिए श्री मोहम्मद यूसुफ खत्री को सम्मानित किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश मंडप के अन्य प्रतिभागियों को भी श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

मध्यप्रदेश दिवस समारोह में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक देखने को मिली। डॉ. शिप्रा सुल्लेरे के संगीत निर्देशन और श्री दविंदर सिंह ग्रोवर के संयोजन में जबलपुर के श्री जानकी बैंड की प्रस्तुति दी गई। सुश्री पूजा श्रीवास्तव के निर्देशन में बुंदेलखंड के अखाड़ा लोक नृत्य की भी मनमोहक प्रस्तुति हुई।

**सीएम की गतिशीलता औद्योगीकीकरण में सहायक:** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि विकसित भारत की पीएम मोदी की परिकल्पना और सीएम डॉ. मोहन यादव की तत्परता के परिणामस्वरुप मध्यप्रदेश औद्योगीकीकरण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की परिकल्पना से रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन के माध्यम से हर जिले में युवा उद्यमी आगे बढ़ रहे है। प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव विदेश यात्रा पर भी जाने वाले हैं। विकसित मध्यप्रदेश बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

## मुख्यमंत्री ने किया एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक के 17वें सम्मेलन का शुभारंभ



### भगवान राम और पांडवों की जीत का आधार जीवन मूल्य ही थे

भोपाल। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत का अतीत गौरवशाली रहा है और भारत प्राचीनकाल से ही वैश्विक स्तर पर उच्च शिक्षा का मुख्य केन्द्र रहा। कई देशों के विद्यार्थियों, राजकुमारों ने तक्षशिला, नालंदा जैसे भारत के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण की, लेकिन ऐतिहासकि रूप से हमें ऐसा कोई उल्लेख प्राप्त नहीं होता, जिसमें भारत में शिक्षा ग्रहण किए किसी व्यक्ति अथवा सत्ताधीश ने अन्य राज्य पर आक्रमण किया हो। यह तथ्य प्राचीन काल से चली आ रही हमारी शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ जीवन मूल्यों और नैतिक मूल्यों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री मंगलवार को एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक के 17वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा का बदलता स्वरूप और हमारे जीवन मूल्य विषय पर आयोजित यह सम्मेलन सम-सामयिक महत्व का है। अतीत से लेकर वर्तमान तक की कई घटनाएं जीवन मूल्यों के प्रति दृष्टिकोण की भिन्नता के परिणाम स्वरूप ही घटित हुईं। रामायण काल में रावण हो या महाभारत काल में कौरव, योग्यता और क्षमता में कोई भी कम नहीं था, लेकिन उनके जीवन मूल्य और नैतिक मूल्य उचित नहीं थे, इसी कारण उन्हें कभी सम्मान नहीं मिला और वे समाज में तथा इतिहास में सदैव नकारे गए। कर्ण की योग्यता अद्भुत थी, लेकिन उनकी दृष्टि, प्रतिशोध, जिद और नकारात्मक भाव ने उन्हें पतन की ओर अग्रसर किया। इसी प्रकार के उदाहरण हमें सोने की लंका बनाने वाले रावण के भी प्राप्त होते हैं। सभी प्रकार के वैभव और सामर्थ्य होने के बाद भी वे कभी स्वीकारे नहीं गए और नैतिक मूल्यों के आधार पर ही वनवासी श्रीराम ने उन्हें परास्त किया। अर्थात् यह नैतिक मूल्यों और जीवन मूल्यों की ही विजय थी।

मुख्यमंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल के संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे आदर्शों और जीवन मूल्यों का ही परिणाम है कि पीएम मोदी इन संघर्षों में भी शांति के लिए प्रयास करते दिखाई देते हैं। यह भारतीय जीवन मूल्यों के सामर्थ्य को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 से लागू नई शिक्षा नीति के माध्यम से पढ़ने और सीखने की प्रक्रिया को अधिक लचीला, सरल और रूचिपूर्ण बनाते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों के विषयों के अध्ययन की सुविधा प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक को मध्यप्रदेश में अपनी गतिविधियों के विस्तार के लिए आमंत्रित किया।

### प्रदेश की पहली मेडिसिटी उज्जैन में बनेगी

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी बनने जा रही है। राज्य सरकार चिकित्सा सेवा और चिकित्सा शिक्षा के लिए गंभीर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में चिकित्सा सेवा और आयुष के माध्यम से स्वास्थ्य और चिकित्सा को समग्रता में देखते हुए नई अवधारणा पर कार्य हो रहा है। इसके चलते उज्जैन में बनने वाली मेडिसिटी में न केवल मेडिकल कॉलेज रहेगा अपितु नर्सिंग, पैरामेडिकल, अनुसंधान सुविधा, चिकित्सक-विशेषज्ञ और स्टॉफ के आवास सहित संपूर्ण व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं इस कैंपस का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन में मीडिया से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले 20 साल में मध्यप्रदेश सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाएं हैं।

### युवाओं को रोजगार देने सरकार संकल्पबद्ध, भर्ती की प्रक्रिया जल्द

राज्य शासन अगले पांच सालों में 2 लाख 50 हजार सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति करने के आदेश जारी कर दिए हैं। रिक्त पदों पर भर्ती के लिए हर साल सरकारी परीक्षा कैलेंडर जारी किया जायेगा। पदों की गणना करने के दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार ने संकल्प पत्र 2024 के बिन्दु रोजगार के अवसर में युवाओं को सरकारी नौकरियों में सेवा का अवसर देने संकल्प दोहराया है। इस संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकारी नौकरियों में भर्ती की सभी औपरिकताएं पूरी की जा रही हैं और जल्दी ही भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

### प्रदेश को आर्थिक रूप से बनाएंगे सबसे सशक्त राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से देश का सबसे सशक्त राज्य बनाने के लिए प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए लगातार कार्य जारी है। प्रदेश में संभाग स्तर पर उद्योग समूहों को आमंत्रित कर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जा रहे है, साथ ही तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में रोड-शो कर निवेशकों और उद्योग समूहों को प्रदेश में अपनी गतिविधियां संचालित करने और उनका विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया गया। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। अब भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वैश्विक स्तर से निवेशकों और उद्योग समूहों को प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए उनकी इंग्लैंड और जर्मनी की यात्रा प्रस्तावित है, साथ ही अन्य देशों की यात्रा की भी योजना है।

# विज्ञान मेले में एमपी ट्रांसको को मिला द्वितीय पुरस्कार

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दी बधाई

सत्ता सुधार ■ भोपाल

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार थीम पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेले 2024 में एमपी पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के स्टॉल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर ट्रांसको के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है।



महाकौशल विज्ञान परिषद द्वारा वेटरनरी कॉलेज जबलपुर में पहली बार आयोजित महाकौशल विज्ञान मेले में केन्द्र, राज्य, सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों सहित शैक्षणिक संस्थाओं के 111 स्टॉल प्रदर्शित किये गये थे। इसमें से एमपी ट्रांसको के स्टॉल को द्वितीय स्थान के लिये चयनित किया गया। चार दिवसीय इस विज्ञान मेले में एमपी ट्रांसको के स्टॉल में स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों से लेकर आम नागरिकों ने काफी दिलचस्पी दिखाई। कुल 3 लाख 25 हजार 949 आगंतुको ने एम.पी. ट्रांसको के स्टॉल में विजिट कर जानकारी हॉसिल की।

एमपी ट्रांसको को यह पुरस्कार मध्यप्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क में विभिन्न नवाचार करने, ट्रांसमिशन एलीमेंटस एचएमआई तकनीक से नियंत्रित और ऊर्जीकृत करने के साथ ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेन्स में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करने के विभिन्न मॉडलो के प्रदर्शन और सरल भाषा में आगंतुको को व्याख्या करने की उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर दिया गया है। यह चयन देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, विद्वान शिक्षाविदों और नामी अभियंताओं की कमेटी द्वारा किया गया। एमपी पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी कार्मिकों को बधाई दी है।

# किसानों से ज्यादा से ज्यादा मात्रा में दूध का संरक्षण कर दें अधिक लाभ : मंत्री पटेल

### सांची के उत्पाद सभी दुग्ध संघों को विक्रय के लिए भिजवाएं

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा है कि सांची दुग्ध संघ दुग्ध उत्पादक किसानों से ज्यादा से ज्यादा मात्रा में दूध का संग्रहण करे और उन्हें ज्यादा से ज्यादा लाभ दें। सांची के उत्पादों का राज्य से बाहर भी विक्रय किया जाए। सांची के सभी उत्पाद सभी दुग्ध संघों में उपलब्ध रहें और आवश्यकता अनुसार एक दूसरे संघ को विक्रय के लिए भिजवाए जाएं। मंत्री पटेल ने मंगलवार को मंत्रालय में सांची दुग्ध संघ के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, बुंदेलखंड, जबलपुर और ग्वालियर दुग्ध संघ के अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सांची के उत्पाद अच्छी गुणवत्ता और वाजिद दामों पर ग्राहकों को उपलब्ध होते हैं। इनके विपणन पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी जिलों में कलेक्टर कार्यालय और अस्पतालों में सांची पार्लर बनाए जाए। महिला स्व सहायता समूह को भी सांची के उत्पाद विक्रय से जोड़ा जाए। लाभ की राशि सीधे किसानों के खातों में अंतरित की जाए।



प्रमुख सचिव उमराव ने बताया कि सभी जिला मुख्यालय पर सांची एक्सक्लूसिव आउटलेट बनाए जा रहे हैं, जिन पर सांची के सभी उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। दुग्ध संघ के गेट पार्लर को भी सांची एक्सक्लूसिव पार्लर के रूप में विकसित किया जा रहा है। सांची दुग्ध संघ अब अन्य उत्पादों के साथ कुकीज, आइस क्रीम, सांची नीर, साबूदाना खीर, नमकीन और फ्रोजन मटर भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सांची उत्पादों की बिक्री के लिए अभियान चलाकर कार्य किया जाए। ऑफेंसिव मार्केटिंग तकनीक का उपयोग किया जाए। विभाग आगामी एक साल के लिए कार्य योजना बनाकर तदनुसार कार्रवाई करे। सांची नीर की बिक्री पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

भोपाल दुग्ध संघ के सीईओ आरपी तिवारी ने बताया कि भोपाल दुग्ध संघ द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए सांची नारियल पानी का भी अच्छा विक्रय हो रहा है। दुग्ध संघ द्वारा ब्रेड, चिप्स नमकीन, इत्यादि निर्मित करवाने हेतु निविदा जारी की गई है। जबलपुर दुग्ध संघ फ्रोजन मटर बाजार में लाने की तैयारी कर रहा है। कोदो कुटकी के बिस्किट भी तैयार किए जा रहे हैं। इंदौर दुग्ध संघ के कुकीज की अच्छी बिक्री है। टेट्रा पैक में दुग्ध प्रदाय के लिए निजी भागीदारी से संयंत्र स्थापना के संबंध में भी कार्रवाई की जा रही है।

# पीएम सूर्य घर योजना में मिलेगी मुफ्त बिजली: ऊर्जा मंत्री

### तीन किलोवॉट के सौर संयंत्र लगाने पर 78 हजार की मिलेगी सब्सिडी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना शुरू की गई है। इस योजना में एक किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने पर 30 हजार रुपए, दो किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवाट या उससे ऊपर 10 किलोवॉट तक के सोलर संयंत्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है। इसके लिए देशभर के उपभोक्ताओं को इस योजना में शामिल करके पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत पीएम सूर्य घर योजना के



शुभारंभ दिवस 13 फरवरी 2024 से अब तक 6 हजार 377 से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा गया है। आवेदन के लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट https:// www. pmsuryaghar. gov.in पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट www .portal. mpcz.in अथवा उपाय एप, वॉट्सएप चेटबॉट व टोल फ्री नं, 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है। पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन/पंजीयन करें। राज्य का चुनाव करके विद्युत वितरण कंपनी चुनें। फिर उपभोक्ता क्रमांक दर्ज करें। इसके बाद अपना मोबाइल नंबर और मेल आईडी डालें। उपभोक्ता नंबर और मोबाइल नंबर से लॉगिन कर रूफटाप सोलर के लिए आवेदन करें। अनुमोदन अर्थात अप्रूवल के लिए थोड़ा इंतजार करें। बिजली वितरण कंपनी में पंजीकृत वेंडर से ही सौर संयंत्र लगवाएं। एक बार इंस्टॉलेशन पूरा हो जाने पर प्लांट का विवरण जमा करें। नेट मीटर की स्थापना और डिस्काम द्वारा निरीक्षण के बाद पोर्टल से प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**बयान** — विधानसभा सत्र की समय सीमा पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल, कहा-

# बढ़ रहे जनता के सवाल और घटती जा रही अवधि

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। शासन-प्रशासन इसकी तैयारियों में जुट गया है। इस बार पांच दिनों में ही सत्र खत्म कर दिया जाएगा। इतने कम दिनों तक सदन की कार्यवाही चलने को लेकर समय सीमा पर नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाए हैं। उमंग सिंघार ने कहा कि जनता के सवाल बढ़ते जा रहे हैं और अवधि घटती जा रही है।

सिंघार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि विधानसभा सत्र अपने पूरे कार्यकाल तक चलें, अध्यक्ष जी ऐसे इंतजाम करें। भाजपा के 20 साल के राज में



विधानसभा के ज्यादातर सत्र दिनों के बजाए घंटों में निपट गए। साल में बजट, मानसून और शीतकालीन सत्र कम से कम 60 दिन चलना चाहिए। लेकिन ये 15-20 दिन ही चल पा रहे। उन्होंने आगे लिखा कि मप्र की भाजपा सरकार हमेशा जनता के मुद्दों से भागती रही है। यही वजह है कि हर बार बहाने से सत्र खत्म कर दिया जाता है। ये सरकार की जिम्मेदारी है कि वो सभी विधायक को अपनी बात कहने का पर्याप्त समय दे। ये जनता के प्रति उनकी जवाबदेही भी है। नेता प्रतिपक्ष न कहा कि जनता के सवाल बढ़ रहे हैं और सत्रों की अवधि घटती जा रही है। क्षेत्र की समस्याओं पर सदन में चर्चा कम ही होती है। इससे जनता में संतुष्टी का भाव नहीं आता। इस बार विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ऐसी व्यवस्था करना चाहिए कि सत्र अपने पूरे समय तक चले। विधायकों को अपनी बात रखने का पर्याप्त समय दिया जाए।

**शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से होगा शुरू**

जब विधायक सदन में अपनी बात रख सकेंगे, तभी विधानसभा सत्रों की सार्थकता भी साबित होगी। बता दें कि मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। 5 दिनों तक चलने वाले सत्र का समापन 20 सितंबर को होगा। बताया जा रहा है कि सत्र में सरकार 04 विधेयक ला सकती है।

भोपाल आज का तापमान

MIN 16 MAX 27

## ब्रीफ न्यूज

### अंडर 17 गर्ल्स टीम की कप्तान बनी अनुष्का दुबे



**भोपाल।** 68वीं एसजीएफआई राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर 17 गर्ल्स जो कि 19 नवम्बर से 24 नवंबर तक कटनी में आयोजित जा रही है उसमें भोपाल अंडर 17 गर्ल्स टीम की कप्तान अनुष्का दुबे को बनाया गया है। टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम मैनेजर मो. मुकर्रम सहित विंध्याचल एक्सप्रेस से कटनी रवाना हुई।

### आरपीएफ थाने के पास हम्माल की मिली लाश

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में स्थित आरपीएफ थाने के पास नाले में हम्माल की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मचुरी में रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार गणेश सरयाम पिता बसोर सरयाम (40) मूलत-गांव पिपरिया, तहसल ढिंढोरी, जिला ढिंढोरी में रहता था। पुलिस ने बताया कि मृतक गणेश का शहर में कोई स्थाई ठिकाना नहीं था। वह माल गोदाम में हम्माली के काम सहित मेहनत-मजदूरी का जो भी काम मिलता उसे करने लगता था। उसके साथी मजदूर गोपाल नरवरिया ने पुलिस को बताया कि गणेश अक्सर नाले पर रखे पटियो पर सोता था। साथ ही उसे शराब पीने की लत थी। पुलिस का अनुमान है, कि सोते समय नशे की हालत में वह नाले में गिर गया होगा और कीचड़ में फंसने के कारण उठ नहीं सका जिससे उसकी मौत हो गई।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहित से मारपीट

**भोपाल।** राजधानी के महिला थाना पुलिस ने एक दहेज लोभी परिवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी शादी के बाद से विवाहित को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर मारपीट कर रहा था। जिससे परेशान विवाहिता ने थाने जा कर पुलिस को सूचना दी। सांई बाबा मंदिर के पास रहने वाली 22 वर्षीय शाहिस्ता खान की शादी 2023 में सलमान खान से हुई थी। सलमान और उसके परिवार वाले शहिस्ता खो दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर रहे थे। पुलिस ने विवाहित की शिकायत पर पित सलमान खान सहित परिवार के सदस्य शकीला बी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित मारपीट का मामला दर्ज किया है।

### युवक पर चाकू से हमला

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के निशातपुरा थाना इलाके में युवक पर चाकू से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा कि सोमवार देर रात युवक अपने काम से सार्थक अस्पताल के पास वकील कालोनी से जा रहा था। इसी बीच बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

### राज्यपाल पटेल ने भोपाल हॉट में फीता काटकर किया उत्सव का शुभारंभ

# ग्रामीण विकास उत्सव, उत्पादों और कारीगरों के प्रोत्साहन का प्रभावी मंच

सत्ता सुधार ■ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि ग्रामीण विकास उत्सव, देश भर के कारीगरों और प्रसिद्ध उत्पादों के प्रोत्साहन का प्रभावी मंच है। ऐसे आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

राज्यपाल पटेल नाबार्ड द्वारा भोपाल हॉट बाजार में आयोजित ग्रामीण विकास उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 19 से 27 नवम्बर तक आयोजित हो रहे ग्रामीण विकास उत्सव का फीता काटकर शुभारंभ किया। राज्यपाल पटेल ने विगत 6 वर्षों से देशभर के कारीगरों के प्रोत्साहन के लिए उत्सव का आयोजन करने पर नाबार्ड को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नाबार्ड ऐसे आयोजनों का व्यापक और सघन स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। राज्यपाल पटेल ने स्थानीय मीडिया से भी अपील की कि देश के कारीगरों के उत्पादों के प्रचार-प्रसार में भरपूर सहयोग करें। राज्यपाल पटेल ने कहा कि नाबार्ड, सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम, आजीविका एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम और गैर कृषि उत्पादक संगठन बनवाने जैसे विकास के महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। कृषि, कुटीर, ग्रामीण एवं लघु उद्योगों हस्तशिल्प के विकास परक कार्यों के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था



की मजबूती और समृद्धि में प्रभावी योगदान दे रहा है। नाबार्ड द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं, हस्तशिल्पियों और कृषक उत्पादक संघों के सदस्यों के लिए कौशल विकास की कई योजनाएं भी चलाई जा रही है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि हमारे देश की आत्मा गांवों में बसती है। जब आत्मा मजबूत होगी तभी पूरा शरीर यानि हमारा देश मजबूत, सक्षम और आत्म-निर्भर होगा। उन्होंने नाबार्ड के ग्रामीण युवाओं के कौशल उन्नयन के द्वारा सम्मानजनक आजीविका पाने के प्रयास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती की दिशा में सार्थक कदम बताया।

#### अलग-अलग राज्यों के कारीगरों से संवाद

राज्यपाल पटेल ने योजनाओं में प्रशिक्षित ग्रामीण किसानों, महिलाओं के समूहों और कृषक उत्पादक संघो के उत्पादों की बिक्री के लिए रूरल मार्ट, रूरल हाट और रूरल मार्ट ऑन व्हील्स जैसी पहल के लिए नाबार्ड की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन के दौर में ग्रामीण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्व-सहायता समूहों की भूमिका को विस्तारित किया जाना चाहिए। राज्यपाल पटेल ने ग्रामीण विकास उत्सव के शुभारम्भ अवसर पर देश के प्रसिद्ध उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने अलग-अलग राज्यों के कारीगरों से संवाद करते हुए उनके उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। पटेल का नाबार्ड के महाप्रबंधक कमर जावेद ने पुष्प-गुच्छ से स्वागत कर स्मृति-चिन्ह भेंट किया। स्वागत उद्बोधन नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार ने दिया। कार्यक्रम को आरबीआई की क्षेत्रीय निदेशक सुरेखा चंदना बेदी, एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक सीएस शर्मा और एसएलबीसी के संयोजक नरसीम सिंह जीरा ने भी संबोधित किया। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष आरसी बेहरा और मध्यान्चल ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष प्रवीण अवस्थी उपस्थित थे।

# डस्टबिन में रखकर कचरा वाहन को ही दें और अतिक्रमण भी न करें : राय

### महापौर ने न्यू मार्केट क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ भोपाल

महापौर मालती राय ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के निर्धारित मापदण्डों अनुसार साफ-सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता की गतिविधियां सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत न्यू मार्केट क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया और प्रातःकालीन सफाई के उपरांत दुकानदारों द्वारा मार्केट के रास्तों पर कचरा फैला पाए जाने पर व्यापारियों के प्रतिनिधियों को समझाइश दी कि निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में सक्रिय रूप से सहयोग करें और गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक डस्टबिन में रखकर कचरा वाहन को ही दें और अतिक्रमण भी न करें। महापौर राय ने सफाई उपरांत कचरा फैलाने वाले व्यवसायियों पर सख्ती से अपने समक्ष ही स्पॉट फाईन की कार्यवाही कराई। निगम अमले ने महापौर मालती राय के निर्देश पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही करते हुए 07



प्रकरणों में 04 हजार 500 रुपए का स्पॉट फाईन वसूल किया। इस दौरान महापौर राय ने अपने समक्ष ही खंबों आदि के आसपास लगी मिट्टी व गंदगी आदि को भी साफ कराया। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्यद्वय आर.के.सिंह बघेल व जगदीश यादव, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजीव सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी व न्यू मार्केट व्यवसायी संघ के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

#### व्यापारियों को समझाइश

महापौर ने यू मार्केट क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यू मार्केट के रास्तों आदि पर दुकानों के सामने कचरा फैला पाए जाने पर निगम अधिकारियों से चर्चा की। महापौर को बताया कि न्यू मार्केट क्षेत्र में नियमित रूप से रात्रिकालीन एवं प्रातःकालीन सफाई कार्य कराया जा रहा है और सुबह सफाई उपरांत दुकानदारों द्वारा दुकाने खोलते समय कचरा रास्तों पर फैलाया जाकर साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करते हैं। महापौर ने दुकानदारों एवं व्यवसायी संघ के प्रतिनिधियों को समझाइश दी कि दुकानों से निकलने वाले कचरे के लिए 2 डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखे जाए और पृथक-पृथक कचरा, कचरा वाहन को ही देकर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में सक्रिय रूप से सहयोग करें और अन्य लोगों को भी समझाइश दें।

#### दो हजार रुपए का स्पॉट फाइन, फीडिंग रूम का ताला भी खुलवाया

महापौर मालती राय ने विश्व शौचालय दिवस पर न्यू मार्केट स्थित शौचालयों का औचक निरीक्षण किया और साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक न पाए जाने पर सुलभ इंटरनेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन पर 2 हजार रुपए का स्पॉट फाइन करने के निर्देश दिए साथ ही निर्देशित किया कि सार्वजनिक शौचालय नागरिकों की सुविधा के लिए हैं और इनमें आमजन के लिए साफ सफाई सहित अन्य सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। महापौर ने यहां स्थित महिला शौचालय का भी निरीक्षण किया और शौचालय से संलग्न महिला फीडिंग रूम का ताला भी खुलवाया।



# क्राइम ब्रांच पुलिस ने 5 गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

### 44 किलो 610 ग्राम गांजे के साथ बैटरी रिक्शा जब्त



सत्ता सुधार ■ भोपाल

भोपाल की क्राइम ब्रांच पुलिस ने पांच गांजा तस्करों को 44 किलों 610 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। अभियान के तहत क्राइम ब्रांच पुलिस ने तीन अलग-अलग इलाकों से गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गणेश नमकीन के पास, खेजड़ा में अंदर जंगल कच्चा रोड थाना छोला मंदिर से ग्राहक को गांजा बेचने के लिए खड़े हैं। किरण सौदा पति चंदा लाल सौदा (60) के साथ नाबालिग बालक के पास से कुल 15 किलो 310 ग्राम अवैध गांजा कीमती 1,50,000 रुपए जब्त कार्यवाही की। वहीं बैरसिया बस स्टैण्ड गौतमनगर से नाबालिग लड़के को एक बैटरी आटो रिक्शा में अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 8 किलो 100 ग्राम के साथ गिरफ्तार किया है। कीमत 1,60,000 रुपए बताई जा रही है। बजरिया थाने के गरम गड्डा कब्रिस्तान के पास से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से कुल 21 किलो 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसकी कुल कीमत 2,50,000 रुपए है। जिनसे नाम पता पूछने पर चेतन मालावतउम्र 25 वर्ष निवासी जयपुर राजस्थान दूसरे का नाम मोनू उर्फ धीरज तिवारी (32)सीतापुर उप्र डोंगरी थाना करधनी जयपुर राजस्थान का रहने वाला बताया।

#### इनका कहना है

क्राइम ब्रांच भोपाल की टीम लगातार नशे के विरुद्ध अभियान चला रही है। पांच गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। 44.610 किलों ग्राम गांजे के साथ एक बैटरी रिक्शा जब्त किया है। जिसकी कीमती आठ लाख रुपए है। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

**- शैलेन्द्र सिंह चौहान, अति. पुलिस उपायुक्त अपराध**

# बिल्डर के बंधक भू-खण्ड की नीलामी से होगा पटेल नगर कॉलोनी का विकास

### राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

सत्ता सुधार ■ भोपाल

रायसेन रोड पटेल नगर में बिल्डर के बंधक भू-खण्ड को नगर निगम नीलाम करेगा। नीलामी से प्राप्त राशि से पटेल नगर कॉलोनी में पेयजल, सीवेज, सड़क, बिजली और पार्क आदि की व्यवस्था की जायेगी। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर के पटेल नगर के रहवासियों की मांग पर दिये निर्देशों के अनुक्रम में आयुक्त नगर निगम हरेन्द्र नारायण ने उक्त बात कही। राज्यमंत्री गौर ने मंगलवार को निवास कार्यालय पर पटेल नगर और रोहित नगर के रहवासियों की समास्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। राज्यमंत्री गौर ने कहा कि पटेल नगर के रहवासियों को बिल्डर द्वारा मुलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। बार बार अवश्वासन देने



के बाद भी बिल्डर कॉलोनी का अपेक्षित विकास नहीं कर रहा है। पटेल नगर की यह समस्या दशकों पुरानी है। उन्होंने कहा कि बिल्डर द्वारा विकास नहीं करने पर बिल्डर के बंधक भू-खण्ड को नगर निगम नीलामी से प्राप्त राशि विकास कार्य करने के प्रावधान है। इस प्रावधान के तहत आयुक्त नगर निगम ने कहा कि बिल्डर के बंधक भू-खण्ड की नीलामी से कॉलोनी के विकास के लिये अनुमानित आवश्यक राशि 20 से 25 करोड़ रुपए प्राप्त किये जाएंगे। इससे कॉलोनी के विकास कार्यों को नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इस निर्णय से पटेल नगर के 750 आवासों के 5 हजार से अधिक रहवासी लाभान्वित होंगे। रोहित नगर में रहवासियों को पेयजल के लिए नर्मदा जल की सप्लाई दिये जाने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। कॉलोनी में सिंगल कनेक्शन देने के लिए प्राक्लन तैयार किया जाएगा।

### कोचिंग टीचर ने छात्रा से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली छात्रा जिस कोचिंग में पढ़ने के लिए जाती थी। वहां पर पढ़ाने वाले टीचर से उसका प्रेम-प्रसंग हो गया। तीन साल पहले टीचर ने छात्रा को शादी का झांसा दिया तथा शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पिछले दिनों जब टीचर ने शादी करने से मना कर दिया तो छात्रा ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 27 वर्षीय छात्रा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। वह कोचिंग पढ़ने के लिए जहांगीराबाद इलाके में जाती थी। इस कोचिंग में रंजीत नाम का टीचर था। पढ़ाई के दौरान उनके बीच जान-पहचान हुई बाद में दोस्ती हो गई। उनके बीच जब नजदीकियां बढ़ीं तो रंजीत छात्रा को अपने कमरे पर लेकर गया। यहां पर उसने छात्रा के साथ जबरन शारीरिक संबंध बना लिए। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# किसानों के बीच पहुंचे कलेक्टर अफसरों से बोले- खाद बांटने में गड़बड़ी न हो

### बैरसिया में राजस्व अभियान 3.0 की प्रगति का लिया जायजा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को बैरसिया क्षेत्र का व्यापक दौरा कर खाद की उपलब्धता, राजस्व अभियान 3.0 के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिये मंडी, तहसील कार्यालय और ग्रामीण इलाकों का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**किसानों की जरूरतों और समस्याओं को समझा :** कलेक्टर ने बैरसिया स्थित मंडी का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में उपस्थित किसानों से बातचीत कर उनकी जरूरतों और समस्याओं को समझा। किसानों ने खाद की मांग और वितरण प्रक्रिया पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो और किसानों को समय पर उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों के हित में हर संभव कदम उठा रहा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसान बिना किसी असुविधा के आवश्यक खाद प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने बैरसिया तहसील का निरीक्षण कर राजस्व अभियान 3.0 के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, आधार से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान योजना का सेचुरेशन और स्वामित्व योजना के तहत चल रहे प्रकरणों के शीघ्र और पारदर्शी निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को राजस्व अभियान 3.0 की सफलता के लिए आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये।

**अच्छी खबर** | यात्रियों को मिलेगा लाभ, रोजाना करीब एक लाख अतिरिक्त यात्री करेंगे सफर

# साढ़े छह सौ नियमित ट्रेनों में जुड़ेंगे सामान्य श्रेणी के 1000 से ज्यादा कोच

### दो साल में जीएस श्रेणी के 10 हजार से ज्यादा कोच जुड़ेंगे

### तीन महीने में छह सौ नए अतिरिक्त कोच जोड़े दिए हैं

सत्ता सुधार ■ भोपाल

रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती संख्या और बढ़ते दबाव को देखते हुए पूरे देश में समान्य श्रेणी के दस हजार अतिरिक्त कोच लगाने जा रहा है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना व प्रचार) दिलीप कुमार ने भी स्वीकार किया है कि यह बहुत बड़ी समस्या है इसे जल्दी से जल्दी दूर किया जा रहा है। रेलवे ने बीते तीन माह में ही विभिन्न ट्रेनों में सामान्य श्रेणी (जीएस) के लगभग छह सौ नए अतिरिक्त कोच जोड़े हैं। ये सभी कोच नियमित ट्रेनों में जोड़े गए हैं।

नवंबर माह में जीएस श्रेणी के एक हजार से ज्यादा कोच लगभग साढ़े छह सौ नियमित ट्रेनों में जोड़े जाएंगे। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना व प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्री रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इस



श्रेणी के यात्रियों को अधिकतम सुविधा मुहैया कराने की दिशा में रेलवे विभिन्न दिशाओं में कार्य कर रहा है। इसके तहत जुलाई से अक्टूबर के तीन माह के दौरान जीएस श्रेणी के कुल 583 नए कोचों का निर्माण किया गया। साथ ही इन नवनिर्मित कोचों को 229 नियमित ट्रेनों में जोड़ा गया है। इससे रोजाना हजारों अतिरिक्त यात्रियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस नवंबर माह तक जीएस श्रेणी के कुल एक हजार से ज्यादा नए कोच तैयार होकर रेलवे के बेड़े में जुड़ जाएंगे। इन्हें 647 नियमित ट्रेनों में जोड़ा जाएगा। इन डिब्बों के शामिल होने से रोजाना करीब एक लाख अतिरिक्त सवारी रेल यात्रा के सफर का लाभ उठा पाएंगे।

#### नए जीएस कोचों का निर्माण तेजी से चल रहा

कार्यकारी निदेशक ने बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर नए जीएस कोचों का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में रेलवे के बेड़े में ऐसे गैर-वातानुकूलित सामान्य श्रेणी के दस हजार से ज्यादा जीएस कोचों को शामिल कर लिया जाएगा। इनमें छह हजार से ज्यादा जीएस कोच होंगे, जबकि बाकी डिब्बे स्लीपर श्रेणी के होंगे। इतनी बड़ी संख्या में नान एसी कोचों के शामिल होने से सामान्य श्रेणी के करीब आठ लाख अतिरिक्त यात्री रोजाना रेल यात्रा का सफर कर पाएंगे। जीएस श्रेणी के ये नवनिर्मित तमाम कोच एलएचबी के होंगे। हादसे की स्थिति में इन कोचों में नुकसान भी कम से कम होगा।

# दो नकबजन गिरफ्तार, 5 लाख नगदी समेत सोने-चांदी के आभूषण बरामद

**भोपाल।** राजधानी भोपाल की टीलाजमालपुरा थाना पुलिस ने नकबजनी की घटना के कुछ घटों बाद ही। आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए। सोने-चांदी के आभूषण बरामद करने में सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है कि 17 नवबंर को कबीटपुरा निवासी लता सिरमोरिया पति मनोज सिरमोरिया उम्र 36 साल घर को ताला लगा कर रिस्तेदार के घर शादी में गई थी। 18 नवम्बर को जब वह घर वापस आई तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर में जा कर देखा तो अलमारी से सोने-चांदी के जेवर सहित कीमती समान गायब है। जिसकी कीमत पांच लाख रुपए के करीब है। जिसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर एक टीम गठित कर अज्ञात चोरों की तलाश मुखबिर तंत्र विकसित कर निगरानी गुण्डा बदमाशों की चैकिंग व पूछताछ की। जिसके बाद संदेहियों अजहर अली पिता अनवर अली और सरवर अली पिता अनवर अली को अभिरक्षा मे लेकर हिकमत अमली व सख्ती से पूछताछ की जिसमें दोनों ने उक्त चोरी नकबजनी की घटना को स्वीकार किया। दोनों के पास से पुलिस ने पांच लाख रुपए की नगदी और सोने चांदी के आभूषण बरामद किए।

**तानसेन समारोह से पहले ग्वालियर में पूर्व रंग के तहत सजेंगीं दो बड़ी संगीत सभाएँ**

# सुर-साज की मीठी संगत से महकेंगी संगीतधानी ग्वालियर की फिजाएं

**ग्वालियर।** शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश और दुनियाँ के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन समारोह में इस बार नए-नए रंग जुड़ रहे हैं। तानसेन समारोह के पहले से ही संगीतधानी ग्वालियर की फिजाएँ सुर-साज की मीठी संगत से महकेंगीं। संगीत शिरोमणि तानसेन की याद में आयोजित होने वाले शास्त्रीय संगीत के सालाना महोत्सव का यह शताब्दी वर्ष है। इस बात को ध्यान में रखकर ग्वालियर में तानसेन समारोह के प्रति सुखद वातावरण बनाने के लिये पहले से ही पूर्व रंग मंगलाचरण स्वरूप सुर-संगीत की महफिलें सजेंगीं। इस क्रम में तानसेन स्वर स्मृति के रूप में संगीतधानी ग्वालियर में 6 दिसम्बर को ग्वालियर का सांगीतिक वैभव एवं 10 दिसम्बर को गालव वाद्यवृंद - सुर ताल समागम के नाम से संगीत सभायें सजेंगीं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियाँ होंगीं। इन कार्यक्रमों की तैयारियों के सिलसिले में कलेक्टर रुचिका चौहान ने मंगलवार को बैठक ली।

कलेक्टर चौहान ने कहा कि विश्व संगीत समागम तानसेन समारोह में प्रस्तुति देने आ रहे ब्रम्हनाद के शीर्षस्थ साधकों के लिये अनुकूल वातावरण तैयार करने एवं शहरवासियों में शताब्दी तानसेन समारोह के प्रति जागरूक करने के लिये जिला प्रशासन, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय एवं शास्त्रीय संगीत के स्थानीय कलाकारों के सहयोग से इन कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार



की गई है। मंगलवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में स्मार्ट सिटी की सीईओ नीतू माथुर, वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक आनंद, डॉ. मनीष करवड़े एवं शिशिर श्रीवास्तव सहित इन कार्यक्रमों के आयोजन से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी व कलाकार मौजूद थे। कलेक्टर रुचिका चौहान ने शहर के कला रसिकों से इन पूर्व रंग कार्यक्रमों का आनंद लेने और ब्रम्हनाद के साधकों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### आईआईटीटीएम में 6 दिसम्बर को सजेगी ग्वालियर का सांगीतिक वैभव सभा

तानसेन समारोह के पूर्व रंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में 6 दिसम्बर को सायंकाल 5 बजे भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान के ऑडिटोरियम में ग्वालियर का सांगीतिक वैभव के नाम से संगीत सभा सजेगी। इस कार्यक्रम की संकल्पना राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. इस्मिता सहस्त्रबुद्धे की है। यह आयोजन ग्वालियर की समृद्ध संगीत विरासत की उत्पत्ति की सम्पूर्ण यात्रा पर केन्द्रित होगा। जिसमें ध्रुपद व ख्याल गायन के साथ लोक गायन की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के आचार्य व विद्यार्थी प्रस्तुतियां देंगे।

### शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़ा पर होगा गालव वाद्यवृंद-सुर ताल समागम

पूर्व रंग कार्यक्रम की विशिष्ट संगीत सभा गालव वाद्यवृंद - सुर ताल समागम 10 दिसम्बर को शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़े पर सायंकाल 5.30 बजे सजेगी। इस सभा में ग्वालियर घराने के मूर्धन्य संगीत साधक पं. उमेश कम्पूवाले और सुविख्यात ध्रुपद गुरू अभिजीत सुखदाड़े का ध्रुपद गायन होगा। साथ ही डॉ. पारूल बांदिल द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किए जायेंगे। इस आयोजन में पाश्चात्य एवं भारतीय वाद्यों की जुगलबंदी से सुरों का उत्सव साकार होगा। दिसम्बर की सर्द सांझ सुरों का संपर्क पाकर शहर की फिजाओं में गर्माहट घोलेगी। तानसेन समारोह के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब सुरों की नगरी ग्वालियर में समारोह से पहले स्थानीय कलाकारों के सहयोग से संगीत महफिलें सज रही हैं।



# सबको जोड़कर नई गाथा लिखेंगे: सुनील शास्त्री

### सम्यक अभियान का कार्यक्रम हुआ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के पुत्र व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील शास्त्री ने कहा है कि हर भारतीय को देश में सबको जोड़कर एक नई गाथा लिखनी होगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सर्वहारा वर्ग का हित होना चाहिये। शास्त्री ने आम लोगों से सम्यक अभियान से भी जुड़ेंगे का आव्हान किया। मंगलवार को ग्वालियर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 109वीं जयंती के अवसर पर मानस भवन में आयोजित सम्यक अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केबिनेट मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील शास्त्री ने कहा कि देश इस समय विषम परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। अतः हमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री व स्व. इंदिरा गांधी के दिखाये मार्ग पर चलना होा। तभी हम समाज के हर वर्ग का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह स्व. इंदिरा गांधी की नीतियों से बेहद प्रभावित रहे हैं। स्व. इंदिरा गांधी ने देश के हर वर्ग, हर व्यक्ति के लिये काम किया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें स्व. इंदिरा गांधी ने ही हाथ पकड़कर मंत्री बनाया था। इस मौके पर युवाओं में नवक्रांति व सम्यक अभियान के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े ने कहा कि सम्यक अभियान सभी वर्ग व समाज की बेहतरी का सिद्धांत है। उन्होंने कहा कि अब देशभर में लोग सम्यक अभियान से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर सम्यक अभियान से जुड़े व बेहतर कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया।

# डाकघर अपनी योजनाओं के साथ देश के हर कोने में मौजूद हैं: सिंह

■ 'व्यवसायिक, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा में डाकघर का योगदान' विषय पर दिए व्याख्यान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

डाकघर देशभर में विगत 150 वर्ष से अपनी सेवायें दे रहा है। देश की जनसंख्या 20 करोड़ थी तब से लेकर आज 140 करोड़ जनसंख्या वाला देश होने तक डाकघर अपनी सेवाओं को निरंतर प्रदान कर रहा है। आज देशभर में विभिन्न बैंकों की 39 हजार शाखायें हैं जबकि हम 1 लाख 50 हजार शाखाओं के साथ शहर से लेकर ग्रामीण तक एवं जंगल से लेकर जल तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यह बात चेम्बर भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रवर अधीक्षक एके सिंह ने अपने उद्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि डाकघर ने स्वयं को अपग्रेड किया है और आज हम नेटबैंकिंग, आरटीजीएस, एनईएफटी, डीबीटी सभी प्रकार की आधुनिकतम बैंकिंग सुविधायें देश में उपलब्ध करा रहे हैं। स्वागत भाषण अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम में उप अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी द्वारा डाकघर की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर पोस्ट मास्टर बृजेश शर्मा एवं विस्तार अधिकारी डाक संभाग ग्वालियर श्याम शर्मा उपस्थित रहे। अंत में आभार



उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल ने व्यक्त किया।

### एमपीसीसीआई डिजिटल पेमेंट सिस्टम लॉन्चिंग

कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल ने बताया कि एमपीसीसीआई द्वारा सदस्यों के लिए सहज एवं सरल डिजिटल पेमेंट सिस्टम बनाया गया है। इससे चेम्बर का सदस्यता शुल्क अपने संस्थान, घर से ही जमा कर सकेंगे। उन्होंने पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन द्वारा स्क्रीन पर सदस्यों को सदस्यता शुल्क जमा करने की आसान विधि से अवगत कराया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मनोज अग्रवाल द्वारा डिजिटल पेमेंट सिस्टम के तहत अपना सदस्यता शुल्क जमा किया गय। इसके साथ ही रवि कुमार गर्ग, मनोज सरावगी, संदीप आदि के द्वारा भी सदन में डिजिटली अपना सदस्यता शुल्क जमा किया गया।

### सदस्यता प्रमाण-पत्र बांटे

कार्यकारिणी समिति की बैठक 23 अक्टूबर में बनाये गये 25 नवीन सदस्यों को पदाधिकारियों द्वारा उनका चेम्बर ऑफ कॉमर्स में स्वागत करते हुए सदस्यता प्रमाण-पत्र एवं एमपीसीसीआई पिन का वितरण किया गया।

### एमपीसीसीआई सोलर प्लांट का लोकार्पण

मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर भवन में वर्ष भर में औसतन 56 हजार यूनिट बिजली की खपत होती है और लगभग 7 लाख रूपये का बिजली बिल आता था। एमपीसीसीआई द्वारा 30 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाया गया है, जो कि वर्ष भर में 40 हजार यूनिट बिजली का उत्पादन करेगा। चेम्बर की 75 प्रतिशत ऊर्जा उपयोग को यह पूरा करेगा7 इस प्लांट से चेम्बर का बिजली का बिल घटकर 4 लाख रूपये रह जायेगा और 3 वर्ष में इसकी लागत निकल आयेगी। आगामी 30 वर्ष तक यह प्लांट 40 हजार यूनिट बिजली उत्पादित करेगा। पदाधिकारियों द्वारा फीता काटकर सोलर प्लांट का लोकार्पण किया गया।

# आदिवासियों एवं दलितों पर अत्याचार ही भाजपा की नीति: विधायक डॉ. सिकरवार

■ ग्वालियर पूर्व विधानसभा के सभी ब्लॉक में हुआ धरना प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के ब्लॉक इंदरगंज, मेला ग्राउण्ड, मुरार, गोला का मंदिर एवं थाटीपुर में अलग-अलग स्थानों पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा में मतदान के दौरान एवं उसके बाद से हो रहे आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़े



जाने के विरोध में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशाल धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर विधायक डॉ. सिकरवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा सरकार में मध्यप्रदेश दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार का केन्द्र बन चुका है। भाजपा की सरकार इस अत्याचार के खिलाफ गूंगी-बहरी सरकार बनी हुई है। विजयपुर में आये दिन दलितों और आदिवासियों पर हो रहा अत्याचार इसका जीता जागता उदाहरण है। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुये शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों की रक्षा करने में असफल साबित हुई है। इसका प्रमाण एनसीआरबी का वो डाटा है, जिसके अनुसार मध्यप्रदेश आदिवासियों पर अत्याचार में नंबर एक पर है। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष चतुर्भुज धनौलिया, सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपोरिया, ब्लॉक अध्यक्ष हितेन्द्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शिवहरे, एमआईसी सदस्य एवं पार्षद अवधेश कौरव, रामअवतार जाटव, पार्षद केदार बरहादिया, प्रमोद खरे, गायत्री सुधीर मण्डेलिया, सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल, राहुल गुर्जर, प्रतीक जैन 'लालू' आदि मौजूद रहे।

### इन स्थानों पर हुआ धरना प्रदर्शन

ब्लॉक इंदरगंज का डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क फूलबाग, ब्लॉक गोला का मंदिर का डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क दीनदयाल नगर, ब्लॉक मेला ग्राउण्ड का डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा सरकारी मल्टी, ब्लॉक थाठीपुर का आनंद नगर बजरिया थाने के पीछे एवं ब्लॉक मुरार का डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क हुरावली में धरना-प्रदर्शन किया गया।

### स्टेंडिंग कमेटी की बैठक कल

**ग्वालियर।** नगर पालिक निगम के वार्ड-39 में पार्षद पद के लिये होने जा रहे उपचुनाव के संबंध में जानकारी देने के लिये 20 नवम्बर को स्टेंडिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक दोपहर 12 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) रुचिका चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में होगी। स्टेंडिंग कमेटी में शामिल राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने के लिये कहा गया है।

# विद्यार्थियों की ऊर्जा को सही दिशा देने का काम करता है दीक्षारंभ: डॉ. शुक्ला

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

विद्यार्थियों की ऊर्जा को सही दिशा देने का काम दीक्षारंभ करता है। हिन्दी के पाठ्यक्रम में चढ़ती उम्र का एक पाठ हुआ करता था। यह पाठ क्यों होता था इसका कारण था कि चढ़ती उम्र की सीमा होती है 16 से 22 साल की। जिसमें विद्यार्थी के अंदर का एनर्जी लेवल काफी हाई होता है। इस वक्त आप जो भी कार्य करते हैं, वह पूरी ऊर्जा के साथ करते हैं। यह बात प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्रों के दीक्षारंभ समारोह के समापन अवसर पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला ने कही। डॉ. शुक्ला ने कहा कि यहां पर आप जो भी सीखते हैं वह आपको आगे की पढ़ाई में काम आएगा और जीवन को सरल बनाएगा। दीक्षारंभ आपको संस्थान के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करने का एक तरीका है। जिससे कॉलेज में आने



पर जो अनावश्यक भय विद्यार्थियों के मन में होता है, वह समाप्त हो जाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता ललित कला, तत्कालीक भाषण, भाषण, रंगोली, कैनवास, पेपर आर्ट, स्टोन आर्ट, लिप्पन आर्ट तथा मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया तथा विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गये। कार्यकम का शुभारंग शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर तथा कलावा बांधकर स्वागत के साथ किया गया। इसके बाद छात्राओं द्वारा गणेश वन्दना नृत्य किया गया। स्वागत उद्बोधन अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. एमएल शर्मा ने दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कुलसचिव डॉ. अनिल सक्सेना ने सम्पूर्ण कार्यकम की जानकारी दी। निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। निदेशक शिक्षण एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. वायपी सिंह ने गुरु की भूमिका को बताया तथा गुरु की तुलना आइने से की जिससे छात्र सीखते हैं। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉ. एससी शर्मा सेवानिवृत्त मृदा विज्ञान एवं ललित कला विशेषज्ञ श्रीमती सीता सोनी सारपेज विद्यालय हरिशंकरपुरम तथा डॉ. आरके जायसवाल द्वारा किया गया।

### नवाचार सुदूर क्षेत्रों में बसे गाँवों के लोगों की घर की दहलीज पर होगा समस्याओं का समाधान

**ग्वालियर।** जो लोग दूर-दराज के क्षेत्र में रहते हैं और शहर में स्थित सरकारी दफ्तर में जाकर अक्सर संकोचवश अपनी बात नहीं कह पाते। इस कारण पात्रता होने के बाबजूद योजना की पहुँच से दूर रह जाते हैं या देर से योजनाओं का लाभ मिल पाता है। जिले के सुदूर क्षेत्र में बसे गाँवों के ऐसे लोगों की बात सुनने और उन तक योजनाओं की पहुँच आसान करने के लिए ग्वालियर जिला प्रशासन सभी विभागीय अधिकारियों के साथ उनके दरवाजे पर पहुँचेगा। इस उद्देश्य से कलेक्टर रुचिका चौहान की पहल पर ग्वालियर जिले में गाँव-गाँव सरकार अभियान शुरू होने जा रहा है। गाँव-गाँव सरकार अभियान के तहत हर माह जिले के सभी चारों विकासखंडों (मुरार, डबरा, भितरवार व घाटीगाँव) की चुनिंदा 5 - 5 ग्राम पंचायतों में जिला प्रशासन एवं जनता से जुड़े प्रमुख विभागों के अधिकारी एक साथ पहुँचेंगे। मौजूदा माह में हर विकासखंड की एक - एक ग्राम पंचायत से इस अभियान की शुरूआत होगी। अगले माह से 5 - 5 ग्राम पंचायतों में अभियान की गतिविधियां मूर्तरूप लेंगीं।

## रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी कर चलाया गया टिकट जांच अभियान, मचा हड़कंप

**ग्वालियर।** मंडल रेल प्रबंधक झांसी दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर व ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए 74 यात्रियों से 59115 रूपए का रेल राजस्व वसूल किया गया, वहीं अनियमित रूप से यात्रा करने वाले 122 यात्रियों से 61310 रुपए रेल राजस्व वसूल किया गया। जांच अभियान के दौरान ट्रेन में अनियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्री इधर उधर छिपते नजर आए तथा स्टेशन पर अफरा तफरी का माहौल रहा। इस प्रकार जांच के दौरान कुल 198 अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों से 1,20,725 रुपए जुर्माना रेल राजस्व के रूप में वसूल किया गया। जांच अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक मनोहर लाल मीना, विकास श्रीवास्तव, आरके छारी, नागेन्द्र कुमार, रामकेश मीना, आसिफ अली, अभिषेक जगधारी तथा अभिषेक भटनागर द्वारा योगदान दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा ने बताया कि इस प्रकार के जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे।



**सत्ता न्यूज** | चिकित्सा महाविद्यालय में हुआ मध्यप्रदेश का पहला आयोजन

# जीआरएमसी के नवीन विद्यार्थियों ने ली महर्षि चरक शपथ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के एमबीबीएस सत्र-2024 के नवीन चिकित्सा विद्यार्थियों के लिए महर्षि चरक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के प्रारंभ में द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का पुष्पवर्षा कर महाविद्यालय में स्वागत किया गया। इसके बाद जीआरएमसी के अधिष्ठाता डॉ. आरकेएस धाकड़ ने शपथ का वाचन किया तथा सभी छात्र-छात्राओं ने शपथ लेकर अपने जीवन को मानव कल्याण के लिये समर्पित करने का संकल्प लिया। इससे पहले मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की







प्रतिमा व महर्षि चरक के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का आधिकारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की रुपरेखा डॉ. प्रीति पंचोली, डॉ. गौरव जैन व डॉ. गजेंद्र धाकड़ ने रखी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. सुधीर सक्सेना, विभागाध्यक्ष एनाटॉमी डॉ. अखिलेश त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष फिजियोलॉजी डॉ. अजीत राजपूत, विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव सिंह, अध्यक्ष आईएमए डॉ. बृजेश सिंघल, सचिव डॉ. स्नेहलता दुबे, उप अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र वर्मा, सहायक अधीक्षक डॉ. प्रवेश सिंह भदौरिया उपस्थित थे। यहां बतादें कि गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय एमबीबीएस के स्नातक छात्र-छात्राओं को महर्षि चरक की शपथ दिलाने वाला मध्यप्रदेश का पहला महाविद्यालय है। हाल ही में एनएमसी द्वारा चिकित्सा महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को महर्षि चरक शपथ दिलाने की भी सिफारिश की गई थी।

### कांग्रेस ने इंदिरा गांधी और लक्ष्मीबाई को किया नमन

**ग्वालियर।** प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न इंदिरा गांधी और वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती पर कांग्रेसजनों ने नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई को पुष्पांजलि नमन करते हुए उपस्थित कांग्रेसजनों से कहा कि भारत को अंग्रेजी हुकूमत से भारत को आजादी दिलाने के लिये स्वाधीनता संग्राम की क्रांति का श्रीगणेश वीरांगना लक्ष्मीबाई ने किया। उन्होंने अंग्रेजों को भारत से भगाने के लिए जो क्रांति की मशाल जलाई उससे पूरे भारत के स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा मिली, उनका बलिदान भारत के इतिहास में अजर अमर रहेगा।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिज़ा नगरीय पुलिस जिला भोपाल (म.प्र.)**

OFFICE OF THE POLICE STATION KOHEFIZA, BHOPAL-PIN 460021 (M.P.)

क्रमांक - थाना/कोहे/भो/मर्ग/क्र 77/24 दिनांक 19/11/24

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15/11/24 को [illegible] 15/11/24 [illegible] इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है। जिसका [illegible] न. 1518/24 है। मर्ग की कायम कर जांच में लिया गया [illegible] SDM महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है।

मृतक का हुलिया - कद - 5.2 इंच
रंग - सांवला
चेहरा - [illegible]
पहनावा - [illegible]

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिज़ा भोपाल

G-19210/24

## ब्रीफ न्यूज

### ब्रिटेन के शाही महल में चोरी, नकाबपोश ट्रक और बाइक चुराकर ले गए

**लंदन।** ब्रिटेन में शाही परिवार भी अब सुरक्षित नहीं रहा। ब्रिटिश राज घराने के शाही महल विंडसर कैसल में नकाबपोश ट्रक से दरवाजा तोड़कर महल मे घुसे।सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए नकाबपोश फार्म हाउस से एक छोटे ट्रक और बाइक को लेकर भाग गए। विंडसर पैलेस में जब यह घटना हुई।उस समय किंग चार्ल्स और रानी कैमिला महल में नहीं थी। प्रिंस विलियम और कैट मिडलटन अपने तीन बच्चों के साथ जरूर महल के अंदर बने कॉटेज में सो रहे थे। यह घटना 13 अक्टूबर की बताई जा रही है। 2021 में भी सुरक्षा में बड़ी चूक हुई थी। एक हमलावर दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को मारने के लिए महल में घुसा था। उसे पकड़ लिया गया था। उसको कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई थी। 2023 में भी एक व्यक्ति किंग चार्ल्स के निवास तक पहुंच गया था। जिसे सुरक्षा बल ने गिरफ्तार कर लिया था। ब्रिटेन का शाही महल अब सुरक्षित नहीं रहा।

### ट्रंप के स्वास्थ्य मंत्री ने दिया सुर्खियां बटोरने विवादित बयान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्वास्थ्य और मानव सेवा मंत्री रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर अक्सर विवादित बयानों के लिए सुर्खियां बटोरी हैं। इस बार उन्होंने भारत यात्रा के दौरान अपने स्वास्थ्य को लेकर विवादित बयान दिया है। कैनेडी ने कुछ महीने पहले बताया था कि 2010 में भारत में यात्रा के दौरान उनके दिमाग में एक कीड़ा घुस गया था। उनका कहना था कि उन्होंने भारत में अधपका पॉर्क खाया, जिसके कारण यह समस्या पैदा हुई। उन्होंने कहा था कि भारत में काम के लिए गए थे और वहां खाना खाने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई थी। शुरुआत में डॉक्टरों ने इसे ब्रेन ट्यूमर समझा था। हालांकि बाद में कैनेडी ने इसे फूड प्वॉइजनिंग के चलते कारण होना बताया था। कैनेडी ने ट्रंप के खानपान को लेकर भी आलोचना की है। उन्होंने कहा था कि ट्रंप का आहार जहर जैसा है। उन्होंने बताया कि ट्रंप के प्रचार अभियान के दौरान उनका खाना काफी खराब था और वे ज्यादातर केएफसी और बिग मैक जैसे जंक फूड पर निर्भर थे। कैनेडी जूनियर के ये बयान उनके विवादित व्यक्तित्व को और बढ़ा रहे हैं, और स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद ये बयान और भी चर्चा का विषय बन गए हैं।

### सूडान में हजारों लोग कर रहे गंभीर संकट का सामना

**जेनेवा।** सूडान में बढ़ती हिंसा के कारण हजारों लोग गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। यह हिंसा सूडान में मानवीय संकट को और गहरा बना रही है। यह चेतावनी दी है है संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्मियों ने। इंटरनेशनल माइग्रेशन ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, पिछले एक महीने में सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण में स्थित अज जजीरा राज्य में 3,43,000 से अधिक नागरिक विस्थापित हो चुके हैं। ये लोग बढ़ती लड़ाई और असुरक्षा के बीच जीवन बसर कर रहे हैं।

मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, इनमें से अधिकांश नागरिक पड़ोसी राज्यों गेदारेफ और कसाला में शरण लेने के लिए भाग गए हैं।



वैलिंगटन में विरोध प्रदर्शन के दौरान ट्रीटी ऑफ वेटांगी की एक प्रति दिखाते हुए शोना पिरी।

# चीन में बेरोजगारी के चलते हिंसक हो रहे युवा, कुछ दिनों में 43 की हत्या

**एजेंसी ■ बीजिंग**



चीन में अर्थव्यवस्था में मंदी के हालात के चलते युवा वर्ग में हताशा बढ़ती जा रही है। बीते कुछ सालों में चीन की अर्थव्यवस्था में मैन्युफैक्चरिंग से लेकर आवास क्षेत्र में गिरावट देखी गई है। इससे न केवल बेरोजगारी बढ़ी है, बल्कि युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरियां भी नहीं मिल रही हैं, जिससे वे मानसिक तनाव और डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। चीन के आर्थिक संकट की वजह से वहां के युवा निराश हो गए हैं। नौकरी की कमी और आर्थिक कठिनाइयों के चलते कुछ युवाओं ने हिंसा तक की घटनाओं को अंजाम दिया। हाल ही में पूर्वी चीन में एक युवक ने अपनी नौकरी से परेशान होकर चाकू से हमला कर आठ लोगों की हत्या कर दी और 17 अन्य को घायल कर दिया। इसी तरह की एक दूसरी घटना में दक्षिणी चीन के झुहाई में एक व्यक्ति ने अपनी कार से एक भीड़ को रौंद दिया, जिससे 35 लोग मारे गए और 43 घायल हुए। अक्टूबर में शंघाई के सुपरमार्केट में चाकूबाजी की घटना भी इसी तरह की एक दुखद घटना थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। इन घटनाओं के पीछे मुख्य कारण युवाओं का मानसिक तनाव और डिप्रेशन है, क्योंकि वे अपनी शिक्षा और योग्यता के अनुसार उचित नौकरी पाने में असमर्थ हैं। इस स्थिति को देखते हुए चीन की सरकार ने आगामी पांच वर्षों में 1.4 ट्रिलियन डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की है।

# पीएम मोदी और फ्रांस राष्ट्रपति ने की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा

## जी-20 शिखर सम्मेलनः 2047 तक भारत-फ्रांस के बीच संबंधों को और मजबूत करने का लक्ष्य रखा

**एजेंसी ■ रियो डी जेनेरियो**



पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच द्विपक्षीय वार्ता रियो जी-20 शिखर सम्मेलन में हुई। भारत-फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। 2047 तक भारत-फ्रांस के बीच संबंधों को और मजबूत करने का लक्ष्य रखा। इसको ध्यान में रखते हुए बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी की प्रतिबद्धता दोहराई। जिसे होराइजन 2047 रोडमैप और अन्य द्विपक्षीय घोषणाओं को ध्यान में रख कर आकार दिया गया।

मैक्रों से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने अपने एक्स पर लिखा- मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलना हमेशा ही बेहद खुशी की बात होती है। इस साल की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक की सफल मेजबानी के लिए उन्हें बधाई दी। जनवरी 2025 में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति मैक्रों की भारत यात्रा और जून में इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान उनकी बैठक के बाद, दोनों नेताओं के बीच इस साल तीसरी बार मिले और बैठक की। पीएम मोदी ने कहा कि मुलाकात में हमने चर्चा की कि कैसे भारत और फ्रांस अंतरिक्ष, ऊर्जा, एआई और ऐसे अन्य भविष्य के क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। हम दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संपर्क बढ़ाने के लिए भी मिलकर काम करेंगे। पिछले कुछ साल दोनों नेताओं ने अपनी मित्रता और संबंधों को मजबूत किया है। मैक्रों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को भविष्य में निर्णायक भूमिका निभाने वाला एक दिग्गज बताया। मैक्रों ने पीएम मोदी को गले लगाते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा- भारत के साथ हमारी साझेदारी समृद्ध और बहुआयामी है। पिछले जनवरी में मेरी राजकीय यात्रा के दौरान शुरू की गई पहलों की प्रगति के साथ-साथ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों की भी समीक्षा की थी। विदेश मंत्रालय ने बाद में एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने रक्षा, अंतरिक्ष और असैन्य परमाणु ऊर्जा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई प्रगति की सराहना की।

### वैश्विक संस्थाओं में सुधार की पीएम मोदी ने की वकालत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 समिट के उद्घाटन भाषण में दुनिया के अमीर देशों को कामयाबी का मंत्र बताया। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' इस शिखर सम्मेलन में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि यह पिछले वर्ष था। नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान लिए गए जनहितैषी निर्णयों को ब्राजील ने आगे बढ़ाया है। हमारी कामयाबी का एक ही मंत्र है कि हम बैक बेसिक्स और मार्च टू फ्यूचर वाला अप्रोच रखते हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने वैश्विक संस्थाओं में तुरंत सुधार की नसीहत दी।पीएम मोदी ने कहा कि किसानों के स्कीम के तहत 20 बिलियन डॉलर किसानों को दिया गया है।

# कॉन्सर्ट में आयुष्मान खुराना पर फैन ने उड़ाए डॉलर्स, उनके जवाब पर जमकर बजीं सीटियां



**एजेंसी ■ न्यूयॉर्क**

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना इन दिनों अपने बैंड आयुष्मान भव के साथ अमेरिका के न्यूयॉर्क, शिकागो और जैन जोस जैसे शहरों में कॉन्सर्ट कर रहे हैं। एक्टर जब न्यूयॉर्क में परफॉर्म कर रहे थे तो उनके एक फैन ने उन पर डॉलर की गड्डी उड़ा दी। गांव-कस्बों में किसी इवेंट के दौरान जिस तरह कलाकार पर नोट उड़ाए जाते हैं उसी तरह आयुष्मान खुराना पर डॉलर उड़ाए गए। यह घटना तब हुई जब एक्टर परफॉर्म करने के दौरान पानी पीने के लिए रुके थे और स्टेज पर खड़े होकर पानी पी रहे थे। आयुष्मान खुराना ने पहले तो स्टेज पर पड़े उन डॉलर्स को देखा और फिर सामने ऑडियंस की तरफ देखकर एक क्यूट सी स्माइल दी। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने माइक लिया और अपने इस दिलदार फैन से कहा, ÷पाजी ऐसे ना करें यार। डोन्ट डू दिस प्लीज। ऐसे ना करो आप। आप इसको चैरिटी कर दें, या कुछ कर दें। ये मत करें आप प्लीज। इस प्यार के लिए मैं आप लोगों से बहुत प्यार करता हूं। आपके लिए बहुत सारी इज्जत है। लेकिन प्लीज आप इसकी खुलकर चैरिटी करें। बिना किसी को बताए। मैं क्या करूंगा इसका। न्यूयॉर्क शहर के एक कॉन्सर्ट में परफॉर्म कर रहे थे तब उनके एक फैन ने देसी अंदाज में उन पर प्यार लुटाया जिसके बाद आयुष्मान खुराना का रिएक्शन देखने लायक था। आयुष्मान खुराना ने इसके बाद जो कहा उस पर जमकर सीटियां और तालियां बजीं। अब एक्टर के कॉन्सर्ट का यह वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है। कमेंट सेक्शन में लोग एक्टर के जवाब की तारीफ कर रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना एक कमाल के कलाकार हैं।

# इजरायल ने लेबनान के संसद भवन और दूतावासों पर किया हमला

**एजेंसी ■ बेरूत**



सोमवार देर रात इजरायल ने लेबनान की राजधानी में घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया। हमलों में बेरूत के जिस क्षेत्र को निशाना बनाया गया वहां से पास में ही संयुक्त राष्ट्र कार्यालय, संसद भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय और कई दूतावास हैं। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने कहा कि बेरूत के जौक अल-ब्लाट इलाके में दो मिसाइलें गिरी हैं। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब खबर आई है कि अमेरिकी दूत ने युद्धविराम वार्ता के लिए अपनी यात्रा स्थगित कर दी है।

हमले के कुछ ही मिनटों बाद, लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सभी देशों और निर्णयकर्ताओं से यह अपेक्षित है कि वे लेबनान पर खूनी और विनाशकारी इजराइली हमलों को रोकें और अंतरराष्ट्रीय प्रस्तावों, विशेष रूप से प्रस्ताव 1701 को लागू करें।' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 को 2006 में अपनाया गया था, जिसका उद्देश्य दक्षिणी लेबनान में एक बफर जोन बनाना तथा इजराइल और हिजबुल्ला के बीच शत्रुता को समाप्त करना था। एक महीने से ज्यादा समय तक के विराम के बाद मध्य बेरूत पर लगातार दूसरे दिन इजराइल ने हमला किया। रविवार को रास अल-नबा के इलाके में हुए हमले में हिजबुल्ला के मीडिया प्रवक्ता मोहम्मद अफीफ के साथ-साथ एक महिला समेत छह अन्य लोग मारे गए थे। हमलों के बाद पूरे इलाके में एम्बुलेंस के सायरन गूंज रहे थे, लेकिन हताहतों की कोई आधिकारिक संख्या जारी नहीं की गई है। घटनास्थल पर स्थानीय मीडिया के मुताबिक सड़क पर काफी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। हवाई हमले का लक्ष्य अब भी स्पष्ट नहीं है। इजराइली सेना ने हमले से पहले से कोई चेतावनी जारी नहीं की थी।

### एलन मस्क की कंपनी ने भारत की सैटेलाइट को अंतरिक्ष में पहुंचाया

**वॉशिंगटन।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स की मदद से भारत की सैटेलाइट जीएसएटी-एन 2 या जीएसएटी 20 सफलतापूर्वक लॉन्च हो चुकी है। इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने स्पेस एक्स के फॉल्कन 9 रॉकेट की मदद से सैटेलाइट की लॉन्च कराया।

खबर है कि इस सैटेलाइट की मदद से संचार व्यवस्था और इंटरनेट के मामले में बड़े फायदे के आसार हैं। सैटेलाइट को 32 यूजर बीम्स से डिजाइन किया गया है, जिसमें 8 संकरी और 24 चौड़ी बीम शामिल हैं।

इन सभी पर देशभर में फैले सब स्टेशन काम कर रहे हैं। खास बात है कि भारत लगभग 430 विदेशी सैटेलाइट लॉन्च कर चुका है, लेकिन इस विदेशी सैटेलाइट को केप कार्निवल से लॉन्च किया जाना था। मस्क से पहले भारत भारी सैटेलाइट्स के लिए यूरोप के एरियनस्पेस पर निर्भर रहता था।



इजरायल में राजधानी तेल अवीव के एक दूरदराज के इलाके में हिजबुल्लाह हमले के बाद राहत और बचाव के काम में लगे कर्मचारी।

## रिपोर्ट

## एक रिपोर्ट से पता चला है कि कनाडा के टोरंटो में खाद्य बैंकों में पिछले कुछ समय में भारी वृद्धि देखी गई है

# कनाडा के फूड बैंकों में बढ़ती जा रही है भीड़

**एजेंसी ■ टोरंटो**

हाल की एक रिपोर्ट से पता चला है कि कनाडा के टोरंटो में खाद्य बैंकों में पिछले कुछ समय में भारी वृद्धि देखी गई है। इन दिनों कनाडा में एक गंभीर खाद्य और पानी संकट का सामना किया जा रहा है, जिसके कारण फूड बैंकों में भीड़ बढ़ती जा रही है।

टोरंटो के 10 फीसदी से ज्यादा लोग अब पेट भरने के लिए खाद्य बैंकों पर निर्भर हो गए हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 36 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। यह आंकड़ा टोरंटो की जनसंख्या के आंकड़े से भी अधिक है, जो कि 28 लाख के आसपास है। यह स्थिति कनाडा जैसे समृद्ध देश के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रही है। डेली ब्रेड फूड बैंक के सीईओ नील हेदरिंगटन ने कहा, यह समझ से परे है कि अब फूड बैंकों में आने वाले क्लाइंट की संख्या टोरंटो की पूरी आबादी से ज्यादा हो गई है। उन्होंने बताया कि फूड बैंक का इस्तेमाल करने वालों में पहली बार आने वालों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। यह खाद्य बैंकों के लिए एक चुनौती बन गया है क्योंकि पहले कभी खाद्य बैंकों का सहारा न लेने वाले लोग भी अब मदद के लिए आ रहे हैं। फूड बैंक्स कनाडा की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कनाडा में हाल ही में आए नए लोग भी पहले से कहीं ज्यादा खाद्य बैंकों पर निर्भर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 32 फीसदी फूड बैंक ग्राहक वह लोग हैं जो कनाडा में 10 साल या उससे कम समय से रह रहे हैं, और इनमें से अधिकांश लोग पिछले दो वर्षों में कनाडा आए हैं। रिपोर्ट में बढ़ती आवास लागत और महंगाई को इस वृद्धि का प्रमुख कारण बताया गया है। क्रिस्टीन बियर्डस्ले, फूड बैंक्स कनाडा की सीईओ, ने इस संकट के पीछे सार्वजनिक सेवाओं और बुनियादी ढांचे में कम निवेश को जिम्मेदार ठहराया। उनका कहना था, फूड बैंकों का उपयोग करना एक नीतिगत विफलता है। हमें गरीबी और खाद्य असुरक्षा को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। यह स्थिति कनाडा में खाद्य असुरक्षा की गंभीरता को उजागर करती है और सरकार से इस समस्या को सुलझाने के लिए तात्कालिक उपायों की मांग करती है। डेली ब्रेड फूड बैंक और नॉर्थ यॉर्क हार्वेस्ट फूड बैंक द्वारा जारी की गई वार्षिक रिपोर्ट हूज हंग्री में यह सामने आया कि पिछले एक साल में 35 लाख लोग फूड बैंकों का रुख कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले 10 लाख ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार, 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक टोरंटो के खाद्य बैंकों में रिकॉर्ड संख्या में लोग पहुंचे, जो टोरंटो शहर की पूरी आबादी से भी ज्यादा है।



# एंटी-टेरर ऑपरेशन के दौरान 8 जवानों की मौत, 9 आतंकी ढेर

**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**

खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में 8 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई जबकि 9 आतंकी भी मारे गए हैं। दरअसल, पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने सोमवार देर रात एंटी-टेरर ऑपरेशन चलाया। इस दौरान हथियारबंद उग्रवादियों और पाकिस्तान के सुरक्षाकर्मियों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें 9 उग्रवादी मारे गए और 8 सुरक्षाकर्मियों की भी मौत हो गई। इस स्पेशल ऑपरेशन को इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर अंजाम दिया गया. खैबर पख्तूनख्वा की तिराह घाटी में कुछ देर चली मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-इस्लाम के 2 बड़े कमांडर भी मारे गए। इस ऑपरेशन में 7 उग्रवादी और 6 सिक्योरिटी पर्सनल घायल भी हुए हैं।

ऑपरेशन करीब 3 घंटे तक चला और इस दौरान करीब 3 इलाकों में पाकिस्तानी सेना के जवान तैनात रहे। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानी मीडिया को बताया कि आस-पास के इलाकों के कुछ निवासी भी इस आपरेशन में घायल हो गए। बता दें कि जिस इलाके में पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

# ब्रह्मज्ञान से विश्व में शांति संभव



दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) की दिव्य अनुकंपा से दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 17 नवंबर 2024 को एनसीयूआई ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर, अगस्त क्रांति मार्ग, हौज खास, नई दिल्ली में दिव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। गुरुदेव के प्रबुद्ध शिष्यों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण भजनों की श्रृंखला ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक रस से भिगो दिया।

साध्वी परमा भारती जी ने भजनों के मर्म को उजागर करते हुए समस्त शास्त्र-ग्रंथों में उद्घोषित मानव जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बखूबी समझाया कि सफलता की अंधी दौड़ में मनुष्य मन की शांति को खोता जा रहा है। धन और सफलता द्वारा अर्जित सांसारिक सुख अस्थायी होता है। जब एक भौतिक वस्तु से प्राप्त सुख समाप्त हो जाता है, तो मनुष्य दूसरी वस्तु के पीछे भागने लगता है। अर्थात मनुष्य आनंद की तलाश में निरंतर भागता रहता है। अतः यह अत्यावश्यक है कि अपने जीवन की दिशा को जानने के लिए कुछ पलों के लिए इस भाग-दौड़ को विराम देकर आत्मनिरीक्षण किया जाए। यह कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी यदि कहा जाए कि इस समस्त संसार से परे एकमात्र 'ईश्वर' ही आनंद का शाश्वत स्रोत है। परंतु यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि शास्त्रों के अनुसार शाश्वत आनंद के स्रोत ('परमेश्वर') तक पहुँचने के लिए भक्ति के उसी मार्ग का अनुसरण करना होगा जिसका प्राचीन काल के संतों ने किया था। वह मार्ग जो सभी के लिए एक है- 'समय के पूर्ण सतगुरु की शरणागत होना।' अतः अहम प्रश्न यह उठता है कि हम कौन से संत-महापुरुष की शरण में जाएँ? इसका उत्तर शास्त्रों में वर्णित है कि जिसने स्वयं ईश्वर को देखा हो और जो आपके अंतःकरण में ईश्वर का दर्शन करवा दे वही आपको ईश्वर तक पहुँचा सकता है। अतः जीवन की नश्वरता को ध्यान में रखते हुए क्यों न शीघ्र ऐसे पूर्ण गुरु की खोज की जाए जो ब्रह्मज्ञान की शाश्वत विधि प्रदान कर हमें ध्यान की आनंदमय यात्रा पर अग्रसर कर दे। वर्तमान युग में ब्रह्मनिष्ठ पूर्ण सतगुरु- श्री आशुतोष महाराज जी ने न केवल ब्रह्मज्ञान के अति दुर्लभ ज्ञान पर प्रवीणता हासिल की है बल्कि आज इसे जन-जन के लिए सुलभ भी करवा दिया है। अपने विश्व शांति के लक्ष्य को साकार करने हेतु वह 'ब्रह्मज्ञान' की विधि का उपयोग एक अद्वितीय उपकरण के रूप में कर रहें हैं और जन मानस को शांति की डगर पर आगे बढ़ा रहे हैं। डीजेजेएस द्वारा आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनमानस को भक्ति पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का समापन 'ब्रह्मज्ञान- मानव के आंतरिक परिवर्तन का विज्ञान' के बहुमूल्य संदेश से किया गया। संगीतमय शैली में प्रस्तुत इस गूढ़ संदेश को प्राप्त कर उपस्थित सभी श्रोतागण आत्म विभोर हुए बिना न रह पाए।

# भारत में शोषण एवं अपराध मुक्त नया बचपन उभरे



▪ ललित गर्ग

**हम में से प्रत्येक को बच्चों के अधिकारों की वकालत करने, उन्हें बढ़ावा देने, उनके शोषण को रोकने, उनका समग्र विकास करने और बच्चों का उत्सव मनाने के लिए एक प्रेरणादायी अवसर के रूप में सार्वभौमिक बाल दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। इसकी स्थापना 1954 में हुई थी।**

20 नवंबर एक महत्वपूर्ण तारीख है क्योंकि इसी दिन 1959 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा को अपनाया था। इसी दिन 1989 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों पर कन्वेंशन को भी अपनाया था। सार्वभौमिक बाल दिवस पहली बार 1925 में जिनेवा, स्विटजरलैंड में बाल कल्याण के विश्व सम्मेलन में घोषित किया गया था। हालाँकि, इसे आधिकारिक तौर पर दुनिया भर में मान्यता नहीं मिली, लेकिन 1954 में ब्रिटेन ने अन्य देशों को बच्चों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने और दुनिया भर में बाल कल्याण में सुधार की दिशा में कदम उठाने के लिए एक दिन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सार्वभौमिक बाल दिवस, जिसे विश्व बाल दिवस या सिर्फ़ बाल दिवस के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया भर में बच्चों के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है।

बाल अधिकारों की घोषणा बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दस्तावेज़ है। इसे मूल रूप से मानवाधिकार कार्यकर्ता एग्लेंटाइन जेब ने प्रस्तावित किया था और 1924 में राष्ट्र संघ द्वारा अपनाया गया था, इससे पहले 1959 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसका विस्तारित संस्करण पेश किया गया था। एग्लेंटाइन जेब एक समाज सुधारक और पूर्व शिक्षिका थीं, जिन्होंने 1919 में सेव द चिल्ड्रन नामक चैरिटी की स्थापना की थी। प्रथम विश्व युद्ध के परिणामस्वरूप मुख्य भूमि यूरोप में बच्चों को जिस गरीबी का सामना करना पड़ रहा था, उससे वह भयभीत थीं और उन्होंने पर्चे बाँटकर जागरूकता फैलाने की कोशिश शुरू कर दी। उनके जुनून के कारण उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन जज उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उनका जुर्माना खुद ही भर दिया। जिनेवा में एक बाल सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें जेब ने बाल अधिकारों की घोषणा की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने लिखा कि बच्चे को उसके सामान्य विकास के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए, भौतिक और आध्यात्मिक दोनों रूप से। जो बच्चा भूखा है उसे भोजन दिया जाना चाहिए, जो बच्चा बीमार है उसे दूध पिलाया जाना चाहिए, जो बच्चा पिछड़ा है उसकी मदद की जानी चाहिए, अपराधी बच्चे को वापस लाया जाना चाहिए, तथा अनाथ और बेसहारा बच्चे को आश्रय और सहायता दी जानी चाहिए। संकट के समय सबसे पहले बच्चे को राहत मिलनी चाहिए। बच्चे को आजीविका कमाने की स्थिति में रखा जाना चाहिए तथा उसे हर प्रकार के शोषण से बचाया जाना चाहिए। बच्चे को इस चेतना के साथ बड़ा किया जाना चाहिए कि उसकी प्रतिभाएं उसके साथियों की सेवा के लिए समर्पित होनी चाहिए। दुनिया भर में बच्चों की दुर्दशा के बारे में भावुकतापूर्वक बात करते हुए उस समय उजागर की गयी ये बातें आज भी अधिक प्रासंगिक बनी हुई है। इसलिये सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की अपेक्षा है।



भारत के सन्दर्भ में सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक प्रासंगिक एवं कारगर बनाने की जरूरत है। भारत में कई ऐसे बड़े नेता और दिग्गज लोग हुए हैं, जिनका बच्चों के प्रति प्रेम जग-जाहिर है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू हों या पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम दोनों दिग्गजों ने बच्चों के हित में व्यापक कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने शानदार व्यक्तित्व और हर उम्र के लोगों से जुड़ने के लिए जाने जाते हैं। बच्चों के प्रति उनका स्नेह कुछ खास है। नेहरू की ही भांति उन्हें भी बच्चों का प्रेमी कहा जा सकता है। आज वे एक विश्वनेता के रूप में उभरे हैं, अतः उन्हें देश एवं दुनिया के बच्चों के कल्याण के लिये कोई बड़ा उपक्रम करना चाहिए। विशेषतः भारत के बच्चों के लिये। क्योंकि भारत में बच्चों के शोषण, उत्पीड़न, दुर्दशा, हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। मोदी बच्चों को देश के भविष्य की तरह देखते थे। वे बच्चों के मासूम चेहरों और चमकती आँखों में भारत का भविष्य देख रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों का जैसा पालन-पोषण करेंगे वह देश का भविष्य निर्धारित करेगा।' लेकिन भारत का यह बचपन रूपी भविष्य आज नशे, शोषण, बाल-मजदूरी एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन डरावना एवं भयावह हो गया है। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित एवं बदहाल क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह और ऐसे अनेक प्रश्न सार्वभौमिक बाल दिवस की भारत के सन्दर्भ में प्रासंगिकता को उजागर करते हुए हमें झकझोर रहे हैं। बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। बचपन की उपेक्षा एक अभिशाप है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरेंट या ढाबे पर 4-5 से लेकर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर 'हमें क्या लेना है' कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे।

# बच्चों के अधिकारों का हो सम्मान

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष यह दिवस 'प्रत्येक बच्चे के लिए, प्रत्येक अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है।



संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वी के कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में।



योगेश कुमार गोयल

दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में, 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्की, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरा रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्तूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्तूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्तूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्तूबर को ईरान, 12 अक्तूबर को ब्राजील, अक्तूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्तूबर के चौथा रविवार को आस्ट्रेलिया, नवम्बर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवम्बर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।

बहरहाल, अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर हमें यह समझने का अवसर प्रदान करता है कि बच्चों का भविष्य उनके आज पर निर्भर करता है, जिसके लिए हमें ही यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बाल श्रम और शोषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, बच्चों को उनकी प्रतिभा को निखारने के पर्याप्त अवसर मिलें, उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और पोषित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। भारत में बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए कई कानून और योजनाएं लागू हैं, जिनमें बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, पॉक्सो एक्ट 2012 प्रमुख रूप से शामिल हैं। मिड-डे मील योजना और आंगनवाड़ी सेवा जैसी योजनाएं भी बच्चों के पोषण और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा भले ही अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके और बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके।

## राजकाज



### 1975 के छात्र आंदोलन की झलक प्रयागराज में

उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग के फैसले को लेकर प्रयागराज के छात्र सड़क पर उतरे। स्थानीय प्रशासन ने उन्हें लाठियों से नवाजा। उसके बाद अन्य जिलों के छात्र प्रयागराज पहुंचना शुरू हो गए। लाठी चार्ज के बाद भी पुलिस को कामयाबी नहीं मिली। अंतोगतवा शासन को बीच का रास्ता अपनाना पड़ा। छात्रों की आधी अधूरी मांग पूरी की गई। छात्रों के आंदोलन को दो हिस्सों में बांटने का सरकारी प्रयास हुआ। लेकिन आंदोलन खत्म नहीं हुआ। छात्र समझ गए हैं, बिना लड़े कुछ मिलने वाला नहीं है। छात्रों में ऊर्जा बहुत है, लड़ने की क्षमता और अपनी बात मनमाने की क्षमता भी है।

### बुलडोजर न्याय क्या सुप्रीम कोर्ट रोक पाएगी?

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के बुलडोजर न्याय पर रोक लगाने का आदेश पारित किया है। क्या सरकारें सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश मान लेगी, इसमें संदेह है। सरकार के पास बहुत ताकत होती है। भगवान की सारी ताकत सरकार के पास ही होती है। अभी अपराधियों कि घर को अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर से तोड़ा जा रहा था। अब कोई नया तरीका इजाद कर लिया जाएगा। सरकार जो करना चाहती है,वह कर लेती है। अभी जिस तरह की न्यायपालिका है। वह स्वयं डरी हुई है, तो न्यायपालिका के आदेश क्या सरकार को क्या डरा पायंगे। यह बात सरकार अच्छे तरीके से समझ रही हैं। सरकार जो चाहेगी, वही होगा। सुप्रीम कोर्ट के बहुत सारे आदेश हैं।

### दो पाँटों के बीच में पिस रहे हैं अधिकारी

बुलडोजर न्याय के बारे में सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है। उस आदेश से सबसे ज्यादा परेशान अधिकारी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में अधिकारी के ऊपर 500000 रूपये का जुर्माना लगाया है। सरकार जो आदेश देती है। वह मौखिक आदेश देती है। यदि उसका पालन नहीं किया जाए, तो नौकरी खतरे में पडती है, ट्रांसफर हो जाता है। सीआर बिगड़ जाती है,प्रमोशन रुक जाते हैं। सरकार के आदेश का पालन किया तो सरकार का समर्थन होते हुए भी मुकदमे की तलवार लटकने लगते हैं। इसी बीच सरकार बदल जाए, तो सारा ठीकरा अदालतों का अधिकारियों के ऊपर टूटता है। मंत्री और बड़े-बड़े अधिकारी मौखिक आदेश देकर छोटे अधिकारियों कर्मचारियों से काम करते हैं। उसके बाद वह अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। छोटे कर्मचारियों और अधिकारी, बेचारे करें तो क्या करें।

### सारी दुनिया के देशों में ट्रंप चर्चाओं में

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत गए हैं। सारी दुनिया के देशों में सबसे ज्यादा चर्चा डोनाल्ड ट्रंप की हो रही है। उनके बेतुके बयान, महिलाओं के बारे में उनकी उटपटांग कथन, किसी के बारे में कुछ भी बोल देना। सारी दुनिया में चर्चा का विषय हैं। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध बंद कराने की घोषणा कर दी। इजराइल को भी शुद्ध हिंदी में समझा दिया। युद्ध बंद करो नहीं तो अमेरिका की मदद बंद। चीन के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया।

## फीचर



# जीरे वाला पानी गर्भावस्था में फायदेमंद

**गर्भावस्था के बाद महिलाओं में वजन बढ़ बढ़ना एक आम समस्या है जिसे ठीक करने व्यायाम के साथ ही खानपान का भी ध्यान रखना होगा।**

इसके अलावा हमारी रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसाले भी उपयोगी रहते हैं। खासकर जीरे वाला पानी विशेष रुप से लाभदायक रहेगा।

जीरे वाला पानी शरीर के कॉलेस्ट्रॉल और बीपी को ठीक करता है। इससे दिल की बीमारी का खतरा भी कम होता है।

शरीर में ग्लूकोज का स्तर ठीक रहता है, डायबिटीज का खतरा भी कम होता है।

डिलीवरी के बाद जीरे वाला पानी वजन घटाने में मददगार साबित होता है।

यह भी माना जाता है कि गर्भावस्था के बाद जीरा पानी पीने से दूध न बनने की समस्या भी ठीक होती है। इस पानी से दूध बनने लगता है।

जीरा पानी से रक्त संचार ठीक होता है। शरीर में समान रूप से रक्त का संचार होता है, जिससे मांसपेशियों के विकास में भी मदद मिलती है। मांसपेशियों में लगी चोट भी इससे ठीक होती है।

जीरा पानी पीने से मेटाबोलिज्म ठीक होता है। इसकी वजह से वजन नहीं बढ़ता।

यह खून की कमी अनीमिया से भी बचाता है।

बुखार कम करने में भी जीरे का पानी सहायक है। इसे पीने से छोटा-मोटा बुखार तो ऐसे ही उतर जाता है।

जीरा पानी पीने से नींद अच्छी आती है। इसलिए अगर आपको नींद न आने की समस्या है तो रोजाना जीरे वाला पानी पीने की आदत डालें।

## प्रेरणा

# कुसंग का फल

प्रतिदिन कुछ बगुले आकर एक किसान के खेत की फसल बर्बाद कर जाया करते थे। इसे देखकर किसान ने उन बगुलों को पकड़ने के लिए खेत में जाल बिछा कर रख दिया। बाद में उसने जाकर देखा तो बहुत से बगुले उसके जाल में फंसे हुए थे और उनके साथ ही एक सारस भी फंसा हुआ था।



सारस ने किसान से कहा, ''भाई किसान, मैं बगुला नहीं हूं। मैंने तुम्हारी फसल बर्बाद नहीं की है। मुझे छोड़ दो। तुम विचार करके देखो कि मेरी कोई गलती नहीं है। जितने भी पक्षी हैं, मैं उन सबकी अपेक्षा अधिक धर्म परायण हूं। मैं कभी किसी को नुक्सान नहीं पहुंचाता। मैं अपने वृद्ध माता-पिता का अतीव सम्मान करता हूं और विभिन्न स्थानों में जाकर प्राण-प्रण से उनका पालन-पोषण करता हूं।

इस पर किसान बोला, ''सुनो सारस, तुमने जो बातें कहीं, वे सब ठीक हैं, उन पर मुझे जरा भी संदेह नहीं है। परन्तु चूंकि तुम फसल बर्बाद करने वालों के साथ पकड़े गए हो इसलिए तुम्हें भी उन्हीं के साथ सजा भोगनी होगी क्योंकि कुसंग का फल बुरा होता है''

## अपनी बात



सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह केवल अमरजीत का चुनाव नहीं है, बल्कि हर कार्यकर्ता को अमरजीत बनकर काम करना होगा, तभी हमारी जीत सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने जय श्री राम के नारे से सभा का उत्साह बढ़ाते हुए विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जैसे ही हम जय श्री राम बोलते हैं, दुश्मनों की छाती जल जाती है। उनके भीतर का भ्रम टूटने लगता है।



मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में रिजल्ट ओरिएंटेड काम किए जाएं। सभी तालाबों एवं बावडियों का जीर्णोद्वार करें। इसके लिए पंचायत बार कार्य-योजना बनाए चरणबद्ध तरीके से काम करें। पौधरोपण के बाद उनका सर्वाइवल रेट अधिक रहे, इस पर भी कार्य किया जाए। मंत्री पटेल ने सोमवार को मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

## ब्रीफ न्यूज

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुना।** शहर की पुरानी छावनी राधेनगर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। युवक ने रात को कमरे में फांसी लगा ली। वह पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। सुबह वह फांसी पर लटका मिला। इसके बाद घर में बच्चों और पत्नी की चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे। फिलहाल आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से शिवपुरी जिले के रन्नोंद थाना अंतर्गत ग्राम मथना निवासी माखन पुत्र कमर गिरी विगत 15 सालों से गुना में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा था। वह ताटके मार्केट में साड़ी की दुकान पर काम करता था।

### बमोरी पुलिस ने पकड़े जुआरी

**गुना।** जिले की बमोरी थाना पुलिस ने कस्बे में चल रहे जुए के फड पर दबिश देकर आधा दर्जन के करीब जुआरियों को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चिरौजीलाल अहिरवार के खेत में बनी टपरिया के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर गोलू पुत्र पुरूषोत्तम धाकड़, वलल्भ पुत्र जगदीश धाकड़, हरिओम पुत्र छोटेलाल किरार, मनोज पुत्र हेमलाल किरार, मंगल पुत्र मरिया अहिरवार, मोहनबाबू पुत्र रामदयाल किरार, शाकिर पुत्र छुन्नू शाह निवासीगण बमोरी को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने कुल 6870 रूपये नगदी एवं एक ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने सभी जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### खेत में खड़ा ट्रेक्टर चोरी

**गुना।** शहर के कैंट थानांतर्गत एबी रोड स्थित ढाबे के पीछे खेत में खड़े एक ट्रेक्टर को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अमित शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी भगवती कॉलोनी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम उसके बैष्णवी ढाबा ए.बी. रोड़ के पीछे अपने खेत पर अपना क्रमांक एमपी 08-2622, जो उसकी पत्नि सोनम शर्मा के नाम पर है को खड़ा करके खाना खाने गुना घर चला गया था। जब वह रात को करीब 11 बजे लौटकर खेत पर आया तो मैने देखा मेरा ट्रेक्टर खेत पर नहीं था। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया।

### अपहृत नाबालिग किशोरी दस्तयाब, दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग किशोरी को पुलिस द्वारा दस्तयाब कर उसके अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जून 24 को फरियादी पिता ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के 24-25 जून 24 की रात्रि में घर पर किसी को बिना कुछ बताये कहीं चले जाने की धरनावदा थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर से धरनावदा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 234/24 धारा 363 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

### घटना के विरोध में लामबंद हुए डॉक्टर्स, कोतवाली में मामला दर्ज

# जिला अस्पताल में ड्यूटी से लौट रहे डॉक्टर पर देर रात अज्ञात लोगों ने किया हमला

**सत्ता सुधार ■ गुना**

सिटी कोतवाली थानांतर्गत जिला अस्पताल के निकट एक डॉक्टर पर गत रात तीन-चार अज्ञात चोरों ने गाड़ी रोककर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने गाली गलौंच कर उनकी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। घटना को लेकर मंगलवार को जिला अस्पताल के डॉक्टरों में आक्रोष फैल गया और घटना के खिलाफ लामबंद हो गए। इस दौरान डॉक्टर्स ने जिला अस्पताल में बैठक भी की। तत्पश्चात एकजुट होकर सिटी कोतवाली पहुंचे। यहां पुलिस ने फरियादी डॉक्टर की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. सतीश राजपूत पुत्र रामस्वरूप राजपूत निवासी कान्हा मल्टी सोमवार रात 10.30 बजे जिला अस्पताल से ड्यूटी करके घर जा रहे थे। तभी डॉ. भोला के घर के निकट जिला अस्पताल के पास



पहुंचे तो 3-4 अज्ञात व्यकि आये और उनकी स्कूटी रोककर गाली गलौंच कर मारने पर अमादा हो गए। इस दौरान उन्होंने गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादी डॉ. राजपूत की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 126, 296, 131, 351(2)(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

इधर घटना के बाद मंगलवार को जिला अस्पताल के सभी चिकित्सक लामबंद हो गए। यहां उन्होंने घटना पर आक्रोष जाहिर कर सख्त कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान लामबंद डॉक्टर्स ने कोतवाली पहुंचकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने फरियादी चिकित्सक डॉ सतीश राजपूत की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। डॉ सतीश राजपूत ने पुलिस को बताया कि वह जिला अस्पताल से रात को मरीज देखकर अस्पताल के पीछे अपने घर स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान डॉ भोला के निवास के पास अज्ञात लोगों ने उन्हें रोका और स्कूटी को धक्का मारकर गाली-गलौज करने लगे। वह हमला करने के फिराक में थे, इसलिए चिकित्सक वहां से भाग कर अपने घर पहुंचे। चिकित्सक ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज चेक कराएं जाएं तो वह आरोपियों को पहचान लेंगे। सभी चिकित्सकों ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

#### इनका कहना है

जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. सतीश राजपूत पर सोमवार रात को अज्ञात चोरों ने पीछा कर मारपीट कर गाली गलौंच की गई है। मामले में सीसीटीवी फुटेज आदि देखकर जांच की जा रही है।

**- बृजमोहन भदौरिया,** टीआई कोतवाली

# जल जीवन मिशन के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें - कलेक्टर डॉ. सिंह

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**सत्ता सुधार ■ गुना**

कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष किया गया। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक, महाप्रबंधक एमपी जल निगम पीआईयू एस.एस. यादव, सहायक यंत्री पीएचई टीएल मेहरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजकुमार ऋषिश्वर सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाये। अधिकारी मैदानी स्तर पर लगातार भ्रमण करते हुए कार्यों की मॉनिटरिंग करें। पीएचई एवं जल निगम के अधिकारी मैदानी स्तर पर बेहतर समन्वय करते हुए कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करें। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन, नलजल योजना



निर्माण कार्य एवं अन्य निष्पादित कार्य, वर्तमान में प्रगतिरत कार्यो एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्य अंतर्गत सिविल एवं मैकेनिकल संकाय की एकल योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह द्वारा समीक्षा के दौरान जल निगम की 02 समूह नलजल प्रदाय योजनाओं (राजघाट एवं गोपीकृष्ण सागर बांध आधारित) के निष्पादित कार्य, वर्तमान में प्रगतिरत कार्यो एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्य कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन अन्तर्गत एकल नलजल योजना निर्माण कार्य की समीक्षा अन्तर्गत सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, उपखण्ड गुना द्वारा अवगत कराया गया कि गुना जिले के 1243 ग्रामों में से 03 अयोग्य के अलावा शेष 1240 में से 427 ग्रामों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग कार्य कर रहा है। इनमें से 337 ग्रामों में नलजल योजना निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है एवं 90 में प्रगतिरत है जो माह मार्च 2025 तक पूर्ण होना सम्भावित है। जल निगम की 02 समूह नलजल प्रदाय योजनाओं (राजघाट एवं गोपीकृष्ण सागर बांध आधारित) के निष्पादित कार्य की समीक्षा अन्तर्गत महाप्रबन्धक, म.प्र.जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई गुना ने अवगत कराया कि राजघाट बांध आधारित योजना के कार्य की भौतिक प्रगति 68 एवं वित्तीय प्रगति 65 प्रतिशत हो गयी है। योजना के कार्य माह दिसम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाना सम्भावित है। इसी प्रकार गोपीकृष्ण बांध आधारित योजना के कार्य की भौतिक प्रगति 66.71 प्रतिशत एवं वित्तीय प्रगति 66 प्रतिशत हो गयी है। योजना के कार्य माह मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना सम्भावित है एवं कुछ ग्रामों में माह जनवरी/ फरवरी में पेयजल प्रारम्भ करवा दिया जायेगा।

बैठक में 'विश्व शौचालय दिवस' अभियान के संबंध में आयोजित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कौशिक ने अवगत कराया कि 'हमारा शौचालय हमारा सम्मान'' की थीम पर 19 नवम्बर विश्व शौचालय दिवस से आरंभ होकर 10 दिसंबर तक संचालित होगा। अभियान अवधि में व्यक्तिगत, संस्थागत तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर को संवारने व रंग रोगन कर साफ-सुथरा करने का अभियान संचालित किया जायेगा। इसके अलावा गैर क्रियाशील शौचालयों की पहचान कर उनको क्रियाशील बनाने के साथ ही सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शौचालय के हितग्राही को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वच्छता कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही लोगों में व्यवहार परिवर्तन करने व शौचालय के उपयोग के लिये जागरूक करने का भी अभियान इस दौरान संचालित होगा। व्यक्तिगत शौचालयों को साफ-सुथरा कर रंगरोगन कराते हुए इसके उपयोग व समुदाय में जागरूकता अभियान चलाकर निर्मित शौचालयों की आईएमआईएस में प्रविष्टि कराई जाएगी।

# वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को होगी आयोजित



**सत्ता सुधार ■ गुना**

इस वर्ष की अंतिम लोक अदालत 14 दिसंबर शनिवार को जिले के समस्त न्यायालयों में वृहद स्तर पर आयोजित की जाएगी। जिसमें समझौता योग्य आपराधिक, सिविल, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण-पोषण मामले, विद्युत चोरी प्रकरण, चैक बाउन्स, बैंक रिकवरी, श्रम मामले, क्लेम प्रकरण, भू-अर्जन, नगर निगम के जलकर एवं संपत्तिकर, बीएसएनएल प्रकरण आदि विषयक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में आज जिला मुख्यालय के समस्त बैंक प्रबंधक के साथ प्रीसिटिंग बैठक एडीआर भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह चुण्डावत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैंक प्रबंधकों को बैंको में लंबित प्रकरणों का निराकरण किये जाने एवं अधिक से अधिक प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कर आमजन को लोक अदालत के माध्यम से लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बैंकों से संबंधित सूचना पत्रों की त्वरित तामीली करायी जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। रवीन्द्र प्रताप सिंह चुण्डावत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना ने बताया कि- पक्षकार संबंधित न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करनेशनल लोक अदालत में राजीनामा कर प्रकरण का निराकरण करा सकते हैं। लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर मामले का शीघ्र और बिना किसी व्यय के निराकरण होता है। इससे पक्षकारों के बीच का प्रेम और स्नेह बना रहता है। नेशनल लोक अदालत में दीवानी एवं चैक अनादरण से संबंधित प्रकरणों में न्यायशुल्क की राशि की वापसी होती है।

# सी.ई.ओ. जिला पंचायत ने की समय-सीमा बिंदुओं की समीक्षा

**सत्ता सुधार ■ गुना**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना प्रथम कौशिक द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में समय-सीमा के बिंदुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 50 दिवस से अधिक की लंबित सभी शिकायतों में गंभीरता बरतते हुए शिकायतें बंद करायें। साथ ही नॉट अटेंड होने वाली शिकायतों के संबंध में प्रभारी सीएम हेल्पलाइन जिला पंचायत को निर्देशित किया कि बिना जबाब डाले कोई भी शिकायत समय-सीमा से बाहर न हो, अन्यथा की स्तिथि में संबंधित का उक्त दिवस का वेतन काटा जावे। सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि प्रति दिवस दर्ज होने वाली शिकायतों में उसी दिन जबाब दर्ज करवाया जावे। सीईओ द्वारा शिकायतों की संख्या बढ़ने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।

बैठक के दौरान सीईओ जनपद



पंचायतों द्वारा 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों में जनपद आरोन द्वारा 01, बमोरी द्वारा 17, चांचौडा द्वारा 03, गुना द्वारा 11 एवं जनपद राघोगढ़ द्वारा 12 शिकायतें संतुष्टिपूर्वक बंद कराने हेतु आश्वस्त किया गया। समाधान की लंबित शिकायतों में जनपद बमोरी की 06, चांचौड़ा की 02 एवं गुना की 06 शिकायतें आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व बंद कराने एवं सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट एवं सीएम हाउस से प्राप्त पत्रों का जबाब निर्धारित समय-सीमा में भेजने के निर्देश दिये गए। सीईओ द्वारा जिला पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत होने वाले ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शेष आरोन के 01, बमोरी के 07, चांचौड़ा के 26, गुना के 01 एवं जनपद राघोगढ़ के 07 ओडीएफ प्लस ग्रामों को नवंबर माह के अंत तक अनिवार्य रूप से मॉडल ग्राम घोषित किये जाने के निर्देश सीईओ जनपद को दिये गये।

### धरनावदा पुलिस ने पकड़ी सवा लाख की स्मैक

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना पुलिस द्वारा छाबड़ा रोड पार्वती नदी के पास से एक तस्कर को दबोचकर सवा लाख के करीब की स्मैक बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस धरनावदा छबडा रोड पार्वती नदी के पास पहुंची। यहां उसे मुखबिर के बताये अनुसार हुलिये का एक व्यक्ति पार्वती नदी के पास बबूल के पेड के नीचे खड़ा दिखा। जो पुलिस को अपनी ओर आता देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम राजा पुत्र कमलेश बाल्मीक निवासी वार्ड न. 01कबीरपुरा राघौगढ़ बताया। जिसके पास से पुलिस ने एक पॉलीथिन में 12.36 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की। जिसकी कीमती करीबन 120,000 रूपये बताई जाती है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उस पर धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# दूसरे दिन लौटे विमान जी, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**सत्ता सुधार ■ गुना**

सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाले जा रहे दो दिवसीय वार्षिक विमानोत्सव के दूसरे दिन विमानजी की वापिसी उत्साह और उमंग के साथ हुई। इस मौके पर प्रातः 9 बजे बीजी रोड स्थित नसियांजी से श्रीजी को रजत रथ में विराजमान कर विमान नगर भ्रमण पर निकला गया। श्रीजी के विमानजी बीजी रोड, जयस्तंभ चौराहा, लक्ष्मीगंज, बैजू चौराहा, बोहरा मस्जिद चौराहा, नईसड़क, पंडाजी चौराहा से होते हुए पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। यहां मुनिश्री निर्दोष सागरजी, निर्लोप सागरजी एवं निरूपम सागरजी महाराज के सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा हुई। इस अवसर पर मुनिसंघ ने विश्व शांति की कामना से भगवान की वृहद शांतिधारा कराई। वहीं विमानोत्सव के दूसरे दिन रथ में विराजमान श्रीजी की आरती नगरवासियों ने अपने घरों एवं





प्रतिष्ठानों के आगे की। विमान के दूसरे दिन समाज बड़ा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान जगह-जगह विमान जी का भव्य स्वागत हुआ। जैन श्रद्धालुओं ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों के आगे भगवान की आरती की। नईसड़क पर विमानजी के आते ही उत्साह चरम पर पहुंच गया। इस मौके युवाओं द्वारा जमकर चांचड़ नृत्य किया गया। इसके पूर्व रात्रि में नसियांजी में सीता जी की अग्नि परीक्षा नृत्य नाटिका का मंचन हुआ। विमानोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से समाजबंधु शामिल हुए।

### उपचुनाव में गुंडागर्दी और हिंसा कर भाजपा ने फैलाई दहशत - कांग्रेस

# बाबा अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ना लोकतंत्र पर प्रहार

**सत्ता सुधार ■ गुना**

मध्यप्रदेश के विजयपुर और बुधनी में 13 नवम्बर को हुए मतदान के दौरान भाजपा पर हिंसक गतिविधियां करने और संविधान निर्माता बाबा साहब की प्रतिमा तोडने की घटना का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने धरना दिया है। कांग्रेस ने भाजपा से पूछा है कि वह लोकतंत्र के मूल्यों को दरकिनार करते हुए क्या बूथ लूटकर चुनाव जीतना चाहती है? मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर रानी लक्ष्मीबाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ की



अगुवाई में पार्टी ने बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अंबेडकर चौराहे पर प्रदर्शन किया और भाजपा पर संविधान विरोधी गतिविधियां करने का आरोप लगाया। इस दौरान पार्टी जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने आरोप लगाया कि विजयपुर और बुधनी उपचुनाव में भाजपा के लोगों ने उत्पात मचाया और राजस्थान से गुंडे-डकैतों को बुलाकर मतदाताओं सहित आदिवासी दलित जन को पीटा गया घर जलाए गए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष के मुताबिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा को भी तोड़ दिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने गुना में एक दिन पहले छात्र संगठनों में हुई झड़प का जिक्र करते हुए कहाकि दो छात्र दलों में यदि झगड़ा हुआ है तो दोनों पक्षो की शिकायत सुनना प्रशासन का दायित्व है लेकिन भाजपा हर जगह संविधान के खिलाफ काम कर रही हैं। इस दौरान पार्टी नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का स्मरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। इसके बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन स्थानीय एसडीएम को दिया गया, जिसमें विजयपुर और बुधनी घटनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गई है।

आज के कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, नूर हसन नूर, हरिशंकर विजयवर्गीय, विश्वनाथ तिवारी, जिनेंद्र जैन भूरा, रणवीर कुशवाहा, आलोक नायक, शेखर वशिष्ट, रमेश सैंडो, रजनीश शर्मा,पंकज कनेरिया, माधव महाराज, सीमा यादव, कैलाश यादव, राजेंद्र तिवारी, लालजीराम जाटव, ओम प्रकाश शर्मा, धर्मेन्द्र धाकड़ ,हर्ष मेर, अशोक सेन, रतिराम धाकड़, भगवान सिंह अहिरवार, नरेंद्र कुशवाह पार्षद,तरुण सेन पार्षद, राकेश वाल्मीकि, अविनाश परोचीया , अशोक जाटव, राजू जाटव पार्षद, रहीस खान पार्षद, संदीप श्रीवास्तव, बृजेश भार्गव, खालिद बंटी, प्रमोद रघुवंशी, मोहित शर्मा, अनुज रघुवंशी, बनवारी ओझा, वीरेंद्र ओझा, अकबर खान, कपिल श्रीवास्तव, दिलीप ओझा, बलवीर सिंह इत्यादि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### एसपी ने दी बास्केटबॉल खिलाड़ियों को बधाई

**गुना।** मप्र उच्च शिक्षा विभाग कि राज्य स्तरीय तथा वेस्ट जोन बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में संजय गांधी खेल परिसर में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित बास्केटबॉल मैदान के चार खिलाड़ियों योगेश जाटव, कुणाल यादव, अनिल यादव एवं अजय सिंह सिकरवार का चयन होने पर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बधाई दी है। शासकीय निर्भय सिंह पटेल विश्वविद्यालय इंदौर में 8 से 9 नवंबर तक आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में जीवाजी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया एवं उपविजेता का खिताब हासिल किया। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा आयोजित बेस्ट जॉन पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता में इन चारों खिलाड़ियों ने जीवाजी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम MARIYAM था। जो मेरे पासपोर्ट में लिखा है। परंतु अब मैंने अपना नाम बदलकर MARIYAM SAIFY कर लिया है। मुझे अब MARIYAM SAIFY W/O BURHANUDDIN SAIFY के नाम से जाना/ पहचाना जाए।

ADDRESS : H.No. 09, Dubey Colony, Dr.Chaya Sharma Gali, Guna (M.P.) - 473001

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं GOVIND AGRAWAL निवासी AGRAWAL OIL TRADERS, SABJI MANDI, WARD NO. 09, NARSINGHGARH, RAJGARH, (M.P.) - 465669 सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम GOVIND KUMAR AGRAWAL लिखा है, परंतु मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम GOVIND AGRAWAL लिखा है। ये दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः मेरे पासपोर्ट में भी अब मेरा नाम GOVIND AGRAWAL दर्ज किया जाए।

# टैबलेट बाजार में घमासान



**टैबलेट** के बाजार में आइपैड प्रो, सर्फेस प्रो-3 के खिलाफ अब गूगल ने पिक्सेल-सी उतारने का ऐलान कर दिया है। 10.2 इंच स्क्रीन वाला ये टैबलेट गूगल के नए ऑपरेटिंग सिस्टम मार्शमैलो पर चलता है और उसमें एनवीडिया का क्वैड कोर प्रोसेसर है। गूगल का कहना है कि यह बिल्कुल डेस्कटॉप जैसा काम करता है। इसका स्क्रीन अपने कीबोर्ड से अलग होकर टैबलेट की तरह काम करता है। पिक्सेल-सी टैबलेट अगले महीने बाजार में दिखाई देगा। सितंबर में लॉन्च हुए 12 इंच स्क्रीन वाले सर्फेस प्रो के फीचर भी कुछ ऐसे ही हैं। इंटेल के आई5 कोर प्रोसेसर से इसका सॉफ्टवेयर चलता है और इसकी लिथियम आयन बैटरी आपको नौ घंटे तक सर्फिंग का मौका देती है। सर्फेस प्रो की रैम 4 गीगाबाइट है लेकिन 90 हजार रुपये तक की कीमत वाला ये टैबलेट खरीदना सबके लिए आसान नहीं होगा। उधर, ऐपल ने अपने 12.9 इंच की स्क्रीन वाले आइपैड प्रो की घोषणा तो कर दी है लेकिन ये नवंबर में बाजारों में दिखाई देगा। ऐपल का भी मानना है कि आईपैड प्रो उसके डेस्कटॉप के जैसा ही बनाया गया है। इसके साथ कीबोर्ड तो नहीं आता है लेकिन आप इसके लिए अलग से कीबोर्ड खरीद सकते हैं। कंपनियों की कोशिश ये है कि आपके हाथ में वो ऐसा प्रोडक्ट दें जिसे आप ऑफिस और घर दोनों में इस्तेमाल कर सकते हैं। तीनों बड़ी टेक कंपनियां अब चाहती हैं कि आप जेब से उनके टैबलेट के लिए पैसे निकालें, लेकिन सबसे ज्यादा स्मार्टफोन बेचने वाली कंपनी सैमसंग अब टैबलेट के बजाय फैबलेट पर ध्यान दे रही है। दुनिया भर में अब स्मार्टफोन और टैबलेट के बीच का प्रोडक्ट, जिसको फैबलेट कहते हैं, लोगों में सबसे ज़्यादा पसंद किया जा रहा है इसलिए ऐपल ने हाल ही में बड़े साइज का आईफोन भी बाजार में उतारा है। ग्राहकों की पसंद को देखते हुए कंपनियों ने ऐसा किया है।

# क्यों गरम होता है स्मार्टफोन...?



**स्मार्टफोन** हर दिन पतले होते जा रहे हैं। उनमे डेटा प्रोसेसिंग की क्षमता बढ़ती जा रही है। स्क्रीन का रिजाल्यूशन बेहतर होने के कारण आपके लिए वीडियो देखना आसान तो हो ही गया है और साथ में वीडियो की क्वालिटी भी बेहतर हो गई है। लेकिन इन सबका मतलब है कि आपके स्मार्टफोन के प्रोसेसर को आपकी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए और मेहनत करनी पड़ती है। वीडियो और मोबाइल इंटरनेट के कारण भी आपका फोन गरम हो जाता है। एंड्रॉयड स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वालों के बीच ऐसी शिकायत की चर्चा कोई नई बात नहीं है। पर फोन गरम क्यों होता है ये समझना जरूरी है। जब आप अपने फोन को काफी ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो फोन के प्रोसेसर पर इसका असर दिखता है। उसके कारण फोन गरम हो जाता है। जब आप अपने स्मार्टफोन को चार्ज करते हैं तब भी फोन गरम हो सकता है। और जब रेडियो सिग्नल, जिसकी मदद से वायरलेस फोन काम करता है, कमजोर होता है तो कनेक्टिविटी के लिए फोन की बैटरी पर जोर पड़ता है। थोड़ा बहुत गरम हो जाना स्मार्टफोन के लिए कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन ज्यादा गरम होना अच्छी बात नहीं है। अगर ऐसा होता है तो उसे अपनी जेब से निकाल कर थोड़ी देर के लिए अलग रख देना ठीक होगा। हर समय गरम होने वाले फोन को चैक कराएं। चार्ज करते समय अगर फोन काफी गरम हो गया है तो थोड़ी देर तक चार्जिंग बंद कर देना बढ़िया होगा। लेकिन खराब कनेक्टिविटी के कारण गरम होने वाले स्मार्टफोन का कोई इलाज नहीं है। इन सभी स्थितियों में अगर आप फोन को थोड़ी देर के लिए बंद कर दें तो बढ़िया होगा। अगर हर समय फोन गरम रहता है तो एक बार कंपनी से बात कर अपने डिवाइस को दिखा जरूर लें। हो सकता है कुछ और खराबी होगी।

# स्पीकर्स की प्रॉब्लम आसानी से कर सकते हैं फिक्स



आधुनिक समय में स्मार्ट बनाना है तो स्मार्टफोन फोन रखना बहुत जरूरी है। यही कारण है कि आज कल लगभग सभी यूजर्स स्मार्टफोन रखना ही पसंद करते हैं पर यूजर्स को स्मार्टफोन के साथ भी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसमें कैमरा, नेटवर्क व चार्जिंग ऐरर, स्मार्टफोन का गरम होना, एप्स का क्रेश होना आदि शिकायतें प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त, मोबाइल के स्पीकर में आवाज न आना भी एक प्रमुख समस्या बनी हुई है। इसका प्रमुख कारण स्पीकर का काम न करना अथवा वॉल्यूम सेटिंग में गड़बड़ हो सकता है। आज कल नोकिया, सैमसंग, एलजी, एप्पल, माइक्रोमैक्स आदि प्रमुख ब्रांडों के मोबाइल में आम समस्या आ रही है कि उनके स्पीकर से आवाज नहीं आती। अगर आप भी इसी प्रकार की समस्या से जूझ रहे हैं तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हम आपको आज इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**वॉल्यूम सेटिंग** - अनेक बार मोबाइल में वॉल्यूम सेंटिग के कारण यह समस्या आ सकती है। सर्वप्रथम, जांच लें कि कहीं मोबाइल साइलेन्ट और वाइब्रेट मोड पर तो नहीं है। अगर ऐसा है तो मोड को बदल लें।

**कॉल करके देखें** - अपने मोबाइल से दोस्त या अपने नेटवर्क प्रोवाइडर कस्टमर केयर को कॉल करें और वॉल्यूम की जांच करें। आवाज की दिक्कत अभी भी आ रही हो और जरूरी लगे तो कॉल के दौरान ही वॉल्यूम को बढ़ाएं।

# फेसबुक के खतरे...

पिछले कुछ समय में फेसबुक ने प्राइवेसी को लेकर अपने मानकों को काफी कड़ा किया है, लेकिन फेसबुक में कुछ चीजें आज भी ऐसी हैं जिनसे न केवल आपकी प्राइवेसी को नुकसान पहुंच सकता है, बल्कि कई बार बहुत बड़ी मुसीबत में भी पड़ सकते हैं। यदि आपने भी अपना मोबाइल नंबर फेसबुक पर डाला है, तो यह बहुत खतरनाक है। मोबाइल नंबर के जरिये हैकर्स आपकी बहुत सी पर्सनल जानकारी निकाल सकते हैं। इसके अलावा फेसबुक में किसी भी यूजर की अपलोड की गई प्रोफाइल पिक्चर को कोई भी दूसरा यूजर बड़ा करके देख सकता है, इससे न केवल वह आपके फोटो का गलत इस्तेमाल कर सकता है बल्कि उस पर कमेंट भी कर सकता है।



समय-समय पर फेसबुक अपने यूजर्स को प्राइवेसी सेटिंग और मोबाइल नंबर डालने के लिए कहता रहता है और हम ऐसा कर भी देते हैं पर एक रिपोर्ट की मानें तो यदि आपने भी अपना मोबाइल नंबर फेसबुक पर डाला है, तो यह बहुत खतरनाक है। मोबाइल नंबर के जरिए हैकर्स आपकी बहुत सी पर्सनल जानकारी निकाल सकते हैं। यदि आपने अपना मोबाइल नंबर फेसबुक पर यह सोच कर डाल रखा है कि इससे आपकी प्राइवेसी सुनिश्चित हो जाएगी, तो सावधान हो जाएं। इस संबंध में एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कहा गया कि मोबाइल नंबर के माध्यम से आपकी सभी जानकारियों का गलत इस्तेमाल हो सकता है। वैसे तो समय-समय पर फेसबुक प्राइवेसी सेटिंग और मोबाइल नंबर डालने के लिए कहता रहता है, और हम ऐसा कर भी देते हैं पर इस रिपोर्ट की माने तो यदि आपने भी अपना नंबर फेसबुक पर डाला है तो कोई भी फेसबुक के सर्च बार में जाकर आपका नंबर डालकर आपकी सभी जानकारियां, लोकेशन व प्राइवेसी सेटिंग आदि ले सकता है। पिछले साल एक नेशनल सिक्युरिटी डिविजन के अनुसार फेसबुक पर आपके फोटो, नंबर, नाम, शैक्षिक योग्यता, लोकेशन आदि की जानकारी को अपराधी लोगों को बेचने वाला गिरोह आजकल सारी दुनियाभर में सक्रिय हैं, जो इन जानकारियों का गलत इस्तेमाल कर सकता हैं। अब प्रश्न उठ रहे हैं कि इसके लिए फेसबुक क्या कर रही है?



## ऑप्शन का इस्तेमाल नहीं

एजेंसी ने ब्रिटेन, यूएस और कनाडा के कॉम्बिनेशन में हर संभव नंबर को जेनरेट करने के लिए एक कोडिंग स्क्रिप्ट प्रयोग की थी। उन्होंने इसके बाद फेसबुक एप-बिल्डिंग प्रोग्राम को बड़ी मात्र में ऐसे ही एकत्र किये गये लाखों नंबर भेजे, जिसके बदले में उन्हें लाखों निजी प्रोफाइल आसानी से मिल गईं। फेसबुक पर यह डाटा आपके नंबर के साथ सार्वजनिक है जबकि वहां एक ऑप्शन हैं कि आप इस डाटा को किस-किस से साझा करना चाहते हैं पर इस पर शायद ही कोई ध्यान देता हो और इस लापरवाही से आपकी जानकारियों का दुरुपयोग साइबर क्रिमिनल्स द्वारा सरलता से हो सकता है।

## यूजर्स को खतरा

चूंकि आजकल आपके क्रेडिट या डेबिट कार्ड से भी अधिक महत्वपूर्ण आपका फेसबुक व ट्विटर अकाउंट है, जिनका उपयोग कई तरह के अपराधों में सरलता से कर आपको चोट पहुंचाई जा सकती है। बताया जाता है कि फेसबुक को इसकी जानकारी अप्रैल में दे दी गई थी पर किसी ठोस कदम का अभी भी इंतजार है। इससे हैकर्स के लिए लगभग 1.44 बिलियन यूजर्स को नुकसान पहुंचाने का पूरा मौका है।

## इस तरह बचें

इसके लिए जरूरी है कि आप अपना मोबाइल नंबर आदि जानकारियां दूसरों से छुपाएं। इसके लिए सबसे पहले अपने फेसबुक अकाउंट को ओपन करें। होम पेज दिखाई देने पर होम पेज से अलग अपनी टाइमलाइन में जाकर क्लिक करें। यहां आपको अपने सभी पोस्ट्स दिखाई दे रहे होंगे। यहां अबाउट में जाकर ओवरव्यू, वर्क एंड एजुकेशन, रहने का स्थान, कांटेक्ट और बेसिक इनफार्मेशन, फेमिली और रिलेशनशिप, आपके बारे में जानकारी, और लाइव इवेंट जैसे कई टैब होगे। अब आप कांटेक्ट और बेसिक इनफार्मेशन पर क्लिक करें। यहां आपको सबसे पहले अपना नंबर दिखेगा। इससे आप यह देख सकते हैं कि आपके नंबर को कितने और कौन-कौन लोग देख सकते हैं। अब आप अपने नंबर को 'ओनली मी' पर जाकर सेट करें। इसके बाद आपके सिवा कोई दूसरा आपका नंबर नहीं देख पाएगा। इसी प्रकार आप अपनी सब निजी जानकारियों के लिए 'ओनली मी' पर सेट कर लें। इसके बाद आपका अकाउंट काफी हद तक सुरक्षित हो जाता है।

## प्रोफाइल पिक्चर से खतरा

पिछले कुछ समय में फेसबुक ने प्राइवेसी को लेकर अपने मानकों को काफी कड़ा किया है, लेकिन फेसबुक में कुछ चीजें आज भी ऐसी हैं जिनसे न केवल आपकी प्राइवेसी को नुकसान पहुंच सकता है, बल्कि कई बार बहुत बड़ी मुसीबत में भी पड़ सकते हैं। जी हां, ऐसा ही कुछ है हो सकता है आपकी फेसबुक प्रोफाइल पिक्चर और एल्बम की दूसरी पिक्चर्स के साथ भी। अगर आपने अपनी फेसबुक प्रोफाइल पिक्चर को फेसबुक की पुरानी सेटिंग के साथ ही लगा रखा है, तो उसे तुरंत ही बदल दें क्योंकि कोई भी खुराफती दिमाग का यूजर आपकी फोटो का गलत इस्तेमाल कर सकता है। आपको बता दें कि फेसबुक ने प्रोफाइल पिक्चर की पुरानी सेटिंग में बदलाव किया है और इस नई सेटिंग के बारे में बहुत ही कम लोगों को जानकारी है।

## फोटो का गलत इस्तेमाल कैसे?

फेसबुक में किसी भी यूजर की अपलोड की गई प्रोफाइल पिक्चर को कोई भी दूसरा यूजर बड़ा करके देख सकता है, इससे न केवल वह आपके फोटो का गलत इस्तेमाल कर सकता है बल्कि उस पर कमेंट भी कर सकता है। पिछले कुछ समय में लगातार इस बात की शिकायत आती रही हैं कि फेसबुक में कई लड़कियों के प्रोफाइल पिक्चर के साथ अलग तरह से छेड़खानी की गई और गलत तरह से अपलोड किया गया है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कोई भी यूजर अपनी प्रोफाइल पिक्चर को डालने के बाद उसे सेटिंग में जाकर अनक्लिकेबल नहीं करता।

## छोटा फोटो यूज करें



फेसबुक ने हाल ही में अपनी सेटिंग में बदलाव किया है। यह बदलाव प्रोफाइल पिक्चर अपलोड करने के सैक्शन में ही किया गया है। इसके मुताबिक आपकी प्रोफाइल पिक्चर अब सबके लिए क्लिकेबल रहेगी। पुरानी सेटिंग के मुताबिक ऐसा पहले नहीं होता था। पहले कोई भी अजनबी आपके प्रोफाइल पिक्चर को 160-160 सेटिंग में ही देख सकता था, यानी की कोई भी यूजर आपकी फोटो को उतना ही देख सकता था, जिससे वह केवल आपको पहचान सके, लेकिन इसे केवल देखा जा सकता था, इसमें कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती थी, लेकिन फेसबुक ने बिना बताए इसमें चेंजेस कर दिए, जिससे न केवल कोई भी यूजर आपके फोटो को न केवल पूरा देख सकता है बल्कि उसके साथ छेड़छाड़ भी कर सकता है। जाहिर है ऐसी स्थिति में कोई भी यूजर यही चाहेगा कि उसका प्रोफाइल पिक्चर केवल वही देख सके कोई दूसरा नहीं और न ही उस पर कोई कमेंट कर सके। सवाल उठता है इसके लिए क्या करें। फोटो प्राइवेसी मेंटेन करने का सबसे आसान तरीका है कि आप आप अपना फोटो पहले ही छोटा डालें। बेहतर होगा कि आप फोटो को फोटोशॉप में क्रॉप करें और उसका साइज 180-180 ही रखें। जब आप इस साइज में फोटो अपलोड करेंगे तो यह उतना ही रहेगा और इसका कोई गलत इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। आप अपने पुराने और नए प्राइवेसी सेटिंग फोटो में बदलाव कर सकते हैं। इसमें आप एडिट में जाकर प्राइवेसी में हू शुड सी दिस? ऑप्शन पर क्लिक करें और मोर ऑप्शन्स में जाएं और वहां जाकर ऑनली मी क्लिक करें। यह एक सुरक्षित और आसान तरीका है।

## इमेज और वीडियो स्कैनिंग



अगर आप जी-डेटा सिक्योर चैट ऐप के प्रीमियम वर्जन लेने की सोचेंगे तो इसमें आपके चैट के लिए एक फिल्टर बनाया हुआ है। इससे आपके जो भी इमेज या वीडियो होंगे उन्हें स्कैन किया जा सकता है। आपके आने और जाने वाले एसएमएस को भी स्कैन किया जा सकता है। अगर आप इस ऐप के प्रीमियम वर्जन को इस्तेमाल करना चाहते हैं तो 12 महीने के लिए आपको करीब 1000 रुपये देने होंगे। गूगल प्ले स्टोर से इसको डाउनलोड करके बस आपको इसे इनस्टॉल कर लेना है। उसके बाद आप थोड़े दिन तक इसके फ्री वर्जन को इस्तेमाल कर सकते हैं। उसके बाद अगर आपको जरुरत महसूस हो तो आप इसे साल भर के लिए खरीद सकते हैं। आपको बता दें कि इस तरह का ही स्नैपचैट ऐप खुद डिलीट होने वाले मैसेज को लेकर विवादों में फंस चुका है। इस ऐप को लेकर कईयों ने कानून का दरवाजा खटखटाया है तो ब्रिटेन के कुछ स्कूलों में इसे बैन भी किया गया है। इसलिए इस तरह के ऐप के इस्तेमाल में सावधानी बरतना जरूरी है।

# कितने रंग के कूलैंट...?

जैसे जैसे तकनीक का विकास हुआ, वाहन के इंजन की गरमी काम करने के लिए रेडिएटर में पानी डालने का झमेला खत्म हो गया। रेडिएटर में सादा पानी डालना जोखिम वाला काम माना जाने लगा। फिर सादे पानी की बजाए कुछ रसायन कार के कूलैंट मिले पानी का उपयोग सुरक्षित हो गया। तब से रेडिएटर में डाला जाने वाला पानी, कूलैंट कहलाया जाने लगा, लेकिन कई रंगों के कूलैंट बाजार में मिलते हैं, उनके बारें में थोड़ा समझना पड़ेगा। वास्तव में हर इंजन का निर्माण विशिष्ट कार्यों और क्षमताओं के हिसाब से होता है तथा उनकी कार्यप्रणाली व निर्माण सामग्री भिन्न भिन्न होती है, इसलिए रेडिएटर का कूलैंट भी अलग अलग होना चाहिए।

## कूलैंट की पहचान कैसे?

अलग अलग कूलैंट की पहचान कैसे हो? इसके लिए कृत्रिम रूप से रंग मिलाये गए और उन रंगों के कोड से पहचान बनी कि किस रंग का कूलैंट किस वाहन के लिए होना चाहिए। जापानी आये एक नए रसायन मिश्रण, नए फॉर्मूले वाला कूलैंट और इसकी पहचान बना इसमें मिला पीला रंग। जनरल मोटर्स ने प्रचलन से हट कर जंग से लड़ने के लिए नारंगी रंग का एक अलग ही उत्पाद बनाया। इस तकनीक को कहा गया ऑर्गेनिक एसिड टेक्नोलॉजी। इस कूलैंट का प्रयोग करने से पारंपरिक 2 वर्षों में कूलैंट बदलने की बजाए 5 वर्षों में बदलने की जरूरत होती है। ऐसे बेहतरीन परिणाम देने के बावजूद इसका प्रयोग उन कारों के लिए नुकसानदायक है जो इस तरह के कूलैंट के लिए नहीं बनीं हैं।



## इंद्रधनुषी रंग

*अब तो हरा, पीला, नीला, गुलाबी, नारंगी और भी ना जाने किन किन इंद्रधनुषी रंग के कूलैंट मिल रहे बाजार में। लेकिन सिर्फ रंग के बलबूते भी कूलैंट चुनना नादानी है क्योंकि कई बार एशियाई देशों में उत्पादित एक रंग का कूलैंट, अमेरिकी, यूरोपियन देशों में उसी रंग वाले कूलैंट वाले फॉर्मूले से भिन्न होता है।*

## पारंपरिक कूलैंट

*पारंपरिक कूलैंट हरे रंग का होता है जिसमें जंग से लड़ने के लिए अकार्बनिक लवण; बोरेट, नाइट्रेट, नाइट्राइट, फॉस्फेट, मॉलिब्डेट और सिलिकेट मिलाए जाते हैं। यह तांबा, पीतल, इस्पात, लोहे और एल्यूमिनियम से बनी पुरानी इंजन प्रणालियों के लायक माना जाता है। अधिकतर यह डीजल इंजन में प्रयुक्त किए जाते हैं। भारी डीजल इंजिन्स के लिए यह बैंगनी रंग का भी हो सकता है।*

## ओएटी कूलैंट

*कार्बनिक अम्ल प्रौद्योगिकी -ओएटी कूलैंट आम तौर पर नारंगी या लाल रंग के होते हैं। पूरी तरह से निष्प्रभावी कार्बनिक अम्ल और ओल्स मिला यह कूलैंट बोरेट, नाइट्राइट और सिलिकेट मुक्त होने के कारण एशियाई देशों के गर्म वातावरण के लिए अनुशंसित किया जाता है। फास्फेट मुक्त होने के कारण यूरोपियन और उत्तरी अमेरिकी देशों के लायक भी है। यह उच्च तापमान वाले एल्यूमीनियम इंजन की उत्कृष्ट सुरक्षा करता है।*

## ■ हाइब्रिड कूलैंट

जैसा कि नाम से ही जाहिर है यह पारंपरिक और ओएटी, दोनों के गुणधर्म को मिला कर बनाया जाता है। रंग में यह भी नारंगी या पीले रंग का होता है।

## ■ कूलैंट का पानी

अब सवाल यह उठता है कि कूलैंट में मिलाया जाने वाला पानी कैसा हो? पहले तो परवाह नहीं की जाती थी कि पानी खारा है या मीठा, नल का है या नदी का, कठोर है या नरम! लेकिन मैग्निशम, कैल्शियम लवणों वाला पानी निश्चित तौर पर पपड़ी और गाद इकट्ठा करता जाता है जो इंजन को ठंडा रखने के काम में अवरोधक हैं..क्लोराइड तो है ही कुख्यात जंग के लिए। तो सही यही है कि कूलैंट को कुछ और तरल बनाने के लिए डिस्टिल्ड वाटर का उपयोग हो तो यह सारी चिंताएं नहीं होंगी।

## ■ कूलैंट की मिलावट

एक बात का खास ध्यान रखने की है। दो अलग अलग रंगों वाले कूलैंट को मिला कर कभी प्रयोग न करें। इसका परिणाम यह होगा कि दोनों के अलग अलग रसायन आपस में प्रतिक्रिया कर गाद और जंग पैदा कर देंगे जो अंततः इंजन को नुकसान ही पहुंचाएंगे। अगर आपको लगता है कि किसी अन्य रंग वाले कूलैंट का उपयोग करना है तो सारा पुराना कूलैंट निकाल, सारी प्रणाली साफ कर नए रंग वाला कूलैंट डालें।

## ■ हर इंजन के अलग कूलैंट

संक्षेप में कहा जाए तो हरे रंग का कूलैंट कॉस्ट ऑयरन से बने इंजन के लिए चलेगा लेकिन पीले रंग का कूलैंट एल्यूमिनियम से बने इंजन के लिए है। आम तौर पर डीजल इंजन कॉस्ट ऑयरन से बनाये जाते हैं और पेट्रोल इंजन एल्यूमिनियम से। उलझन हो तो किसी भी वाहन के स्पेसिफिकेशन में देखा जा सकता है इंजन की धातु के बारे में।

# तीन पहियों की बाइक...



बाइकिंग के साथ कॉमर्शियल मुनाफा भी लेना चाहते हैं तो तीन पहियों की बाइक आपके काम की हो सकती है। मर्सिडीज ई क्लास की तुलना में तीन पहियों की बिजली से चलने वाली इस बाइक में ज्यादा सामान ले जा सकते हैं। डेनमार्क की कंपनी ट्रेफर ड्राइव ने इस बाइक को बनाया है। ये बाइक होम डिलीवरी करने वाली कंपनियों के लिए एकदम मुनाफे का सौदा साबित हो सकती है। इसमें आगे की तरफ दो पहिए दिए गए हैं। इसकी लंबाई करीब 8 फीट और चौड़ाई करीब 4 फीट है। ये 28 मील प्रति घंटे यानी करीब 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। खास बात ये है कि इसको रिवर्स भी किया जा सकता है। 8 घंटे बिजली से चार्ज करने के बाद ये 60 मील तक का सफर तय कर सकती है, जिसका मतलब है कि एक बार चार्ज करने पर शहरी इलाकों में आप इससे पूरे दिन काम ले सकते हैं। सामने की तरफ इसमें एक बॉक्स लगाकर इसको इस तरह डिजायन किया गया है कि आकर्षक लगने में कोई कोर कसर बाकी न रहे। इसमें करीब 440 पाउंड यानी करीब 200 किलो वजन का सामान ढोया जा सकता है, जो कि मर्सिडीज ई क्लास की क्षमता से ज्यादा है।



## ब्रीफ न्यूज

### हिन्दूओं को बटना नहीं है बटेंगे तो हम कटेंगे और जिहादी राज करेंगे : विनायक



**सीहोर।** झूठी जातपात में हिन्दुओं को बांटकर विधर्मियों ने हम पर अत्याचार किया है अब हिन्दूओं को बटना नहीं है, बटेंगे तो हम कटेंगे और जिहादी राज करेंगे,उक्त बात सोमवार शाम बालमिकी कॉलोनी में सामाजिक समरसता यात्रा आगमन को लेकर विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यात्रा समन्वयक विनायक राव देशपांडे ने कहीं। उन्होने कहा का विधर्मी जब जनप्रतिनिधि बनकर विधानसभा लोकसभा सासंद में जाता है तो वंदे मातरम जय हिन्द और भारत माता की जय कहने से भी मना कर देता है। देश के जिस कोने मे भी हिन्दू घटा है वह से देश कट गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत उद्धावदास महाराज ने कहा की झूठे प्रलोभनों में फसना नही है किसी भी हालत में सनातन धर्म को छोडऩा नही है। हिन्दूओं को एक जुट रहना होगा अपने धर्म देश संस्कृति को बचाना होगा। राजगढ़ से चली सामाजिक समरसता यात्री के तहत पहुंचे वक्ता सूरेंद्र सिंह, राजकुमार, सुनील यादव राजेंद्र टांक ने भी बालमिकी समाजजनों को संबोधित किया। विश्वहिन्दु परिषद बजरंग दल जिलाध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, जिलामंत्री राकेश विश्वकर्मा, विवेक राठौर, मोहन भाटी, रितेश चंदेल ने सामाजिक समरसता यात्रा का फूल वर्षाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालमिकी समाजजन सम्मिलित रहे।

### सलाहकार समिति की बैठक 21 को

**हरदा।** पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 21 नवम्बर को आयोजित होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया यह बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शाम 4 बजे से आयोजित की गई है।

### शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक 26 को होगी

**हरदा।** जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक 26 नवम्बर को आयोजित होगी। यह बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शाम 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में सहकारिता, वन, पुलिस, जिला पंचायत, खाद्य, खनिज, आबकारी, परिवहन, यातायात, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय पर जानकारी सहित उपस्थित होने के लिये कहा गया है।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**खंडवा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी।

# शहर में हो रही दुर्घटनाओं के पीछे नियमों की अनदेखी?





सत्ता सुधार ■ खरगोन

शहर में आए दिन एक्सिडेंट की घटनाएं दिन ब दिन बढ़ रही है। जिसे ले कर सोशल मीडिया पर प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही की बाते होती है। कोई सड़को की खराब हालत पर नियमो का पालन न होने जैसी बाते कर रहा है । हाल ही में हुई इको वाहन और एसडीएम सनावद के वाहन स्कॉर्पियो की घटना में सोशल मीडिया पर शिवसेना के जिलाध्यक्ष राजू शर्मा लिखते हैं के 17 नवंबर को खरगोन में हुए सड़क हादसे से प्रशासन को सबक लेना चाहिए

बड़े महानगरों की तरह खरगोन शहर में भी बड़े एक्सीडेंट होना अब आम बात हो गई है 17 नवंबर 24 को ड्राइवरसन रोड पर हुए भयावह सड़क हादसे जिसमें तीन लोगों की मृत्यु हुई इस हादसे ने संपूर्ण खरगोन को झंझोड़ कर रख दिया जिसका सबसे बड़ा कारण है यातायात नियमों की जानकारी ना होना। आजकल हर व्यक्ति आसानी से फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध होने के कारण कार खरीद लेता है उसके बाद एक महीने कार चलाने की क्लास जाता है और फिर बिना किसी यातायात नियम को समझे सीधे हाईवे पर कार चलाने लगता है नियमों की अनभिज्ञता के कारण बहुत सारे एक्सीडेंट होते हैं दूसरा कारण आसानी से उपलब्ध होने वाला कार लाइसेंस।

यदि हम आरटीओ कार्यालय में टू व्हीलर का लाइसेंस बनवाने जाते हैं तो वहां दलालों द्वारा राय दी जाती है कि टू व्हीलर के साथ-साथ फोर व्हीलर का भी लाइसेंस बनवा लीजिए आपको सस्ता पड़ेगा। ग्राहक को भले ही फोर व्हीलर चलाना नहीं आता हो लेकिन फोर व्हीलर का लाइसेंस आसानी से उपलब्ध होने के कारण वह भी बनवा ही लेता है।

### दलालों के सहयोग से बिना किसी परीक्षा के बन जाते हैं लाइसेंस

यातायात विभाग में नियमो का नही दलालों के सहयोग से लाइसेंस बन जाते है और वो भी बिना किसी परीक्षा । पहले लाइसेंस लेने वाले का प्रशिक्षण लिया जाता था। आखों की जांच का सर्टिफिकेट लगता था लेकिन अब लाइसेंस आसानी से बन जाते है चाहे आपको कार चलाना आता हो या नही। ऐसे ही प्रशासनिक लापरवाही से कोई भी लाइसेंस बनवा लेता है जिसे न तो सांकेतिक सूचनाओं का ज्ञान होता है न ही ड्राइव करने के अन्य नियमो का । फिर ये लोग कही से भी कभी भी कार या बाइक निकाल लेते है और इस तरह की घटना होती है। बीते दिनों हुई घटना के सीसीटीवी फुटेज में यही देखने को मिला । इको वाहन चालक ने टर्न लेते समय लापरवाही दिखाई तो स्कॉर्पियो चालक की गति भी तेज थी। अगर इन लोगो को नियमो का ज्ञान होता तो शायद ये घटना नही होती। ऐसी घटनाओं से अगर यातायात विभाग सिख ले तो लाइसेंस देते समय सही प्रशिक्षण दिया जाए तो घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। राजू शर्मा पूर्व में खराब सड़को पर भी कई बार मुद्दे उठा चुके है यहा तक के उन्होंने खराब सड़को को ठीक न करने पर जन आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। खराब सड़को से भी कई घटनाएं हो चुकी है लेकिन मौन धारण कर बैठा प्रशासन कुछ बोलना ही नही चाहता। कब तक बेकसूर नियमो की अनदेखी से अपनी जान गंवाते रहेंगे...?



# संविधान निमार्ता की मूर्ति तोड़ने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाही : वर्मा

### अम्बेडकर पार्क में धरना देकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दिया राज्यपाल के नाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ सीहोर

कांग्रेस कार्यकताओज़ के द्वारा विजयपुर विधानसना उपचुनाव के दौरान दलित बस्ती में घुसकर तोडफ़ोड़ घरों में आगजनी कर फसलों में आग लगाकर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को तोड़कर खंडित करने वाले भाजपा नेताओं, कार्यकताओं एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाही करने की मांग को लेकर मंगलवार को अम्बेडकर पार्क में धरना देकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर को दिया गया।




ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निशांत वर्मा ने बताया की गोहटा गांव में आतंक के कारण भय का वातावरण इस तरह निर्मित हो गया था कि ग्रामीणजन अपनी शिकायत लेकर थाने तक जाने में डर रहे थे और ये थाने भी नहीं पहुंच सके। आतंक का तांडव विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी तथा वनमंत्री रामनिवास रावत के पक्ष में मतदान ना होना मुख्य कारण है क्योंकि आदिवासी अंचल एवं जाटव समाज के लोगों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में खुलकर प्रचार प्रसार नहीं किया गया क्षेत्र में चर्चा व्याप्त रहीं कि उक्त समुदाय द्वारा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान किया गया है इसलिए गुण्डों, बदमाशों को भेजकर गोहटा गांव में आतंक फैलाया गया, घरों में तोडफ़ोड़ की गई, फसले फूक दी गई तथा बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित कर दी गई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राज्यपाल से 13 नवंबर के दौरान हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा तोडऩे वालों के विरुद्ध तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही कर गिरफ्तार किया जाये तथा गोहटा गांव के निवासियों को उचित पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाने मांग करती है। आरोपियों पर कार्रवाही नहीं की जाती है और घटनाओं की पुनावर्ज़्त्ति होती है तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती, नईम नवाब, राजाराम बड़े भाई, ओम वर्मा, सीताराम भारती, ओम बाबा राठौर', अनीस खा, राजेश भूरा यादव, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुरेश गुप्ता, घनश्याम यादव, मजीद अंसारी, विवेक राठौर, डा मारुती राव, राकेश' वर्मा, नरेन्द्र खंगराले, चिनू ठाकुर, तुलसी राठौर, केके रिचारिया, भगत तौमर, इश्वर सिंह बहादुर,आशिफ अंसारी, कमलेश चाडक, प्रदीप सरकार, विवेक टांक, पंकज शर्मा,मनीष मेवाड़ा, हर्ष यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आज भव्य रूप से निकाली जाएगी खाटू श्याम जी की निशान यात्रा

सत्ता सुधार ■ सीहोर

सीहोर बायपास रोड स्थानीय खाटू श्याम मंदिर पे चल रहे 5 दिवसीय खाटू श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में काफी श्रद्धालु पहुँचे खाटू श्याम मंदिर के प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर ,संस्थापक ऋषि सोलंकी, खाटू श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश सोलंकी एवं यात्रा के अध्यक्ष दीपांशु राठौर नट्टू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राण प्रतिष्ठा 21 नवंबर को होने वाली है एवं आज 20 नवंबर को बाबा श्याम सीहोर नगर के भ्रमण पर निकलेंगे एक चल समारोह के रूप में बाबा यहां विराजमान होंगे इसी कड़ी में आज खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा मनकामेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई सैकड़ाखेड़ी बायपास इंदौर भोपाल रोड पोहोचेगी यात्रा शाम 5 बजे से प्रारंभ होगी वहीं 21 नवंबर को भव्य भजन संध्या एवं भोजन प्रसादी शाम 6 बजे से प्रारंभ होगी स्थान खाटू श्याम मंदिर सैकड़ा खेड़ी रोड रहेगा प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर , मंदिर संस्थापक एवं कार्यक्रम आयोजक ऋषि सोलंकी ,निशान यात्रा अध्यक्ष दीपांशु राठौर नट्टू, समिति सदस्य प्रिंस राठौर (मोबाइल) सत्यम राठौर, दीपक राठौर,राहुल कुशवाहा, मोहित राठौर (भाऊ), भविष्य राठौर, गोलू राठौर, आयुष राठौर,हर्ष राजपूत, नीरज राठौर (मोटू) सत्यम सोनी, एवं मंदिर समिति के सभी वरिष्ठ सदस्यों ने खाटू श्याम निशान यात्रा एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में धर्मलाभ लेने की अपील की है आयोजन भव्य एवं दिव्य होने वाला है समिति के सभी सदस्यगण आयोजन को लेकर काफी मेहनत कर रहे थे जिस से आयोजन काफी सफतापूर्वक हो सके । आशीर्वाद दाता खामखेड़ा वाले देव महाराज, कथावाचक पंडित रविशंकर तिवारी ,केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मनोहरलाल माहेश्वरी , राज्य मंत्री दर्जाप्राप्त माँगीलाल सोलंक, सुरेश महेश्वरी ,विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के संयोजक विवेक राठौर आदि सहित समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में धर्म लाभ लेने की अपील की है ।

## विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में विज्ञान, गणित, पर्यावरण पर बनाए मॉडल



सत्ता सुधार ■ सीहोर

आवासीय खेलकूद संस्थान में विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान ,गणित, पर्यावरण एवम सामाजिक विज्ञान विषय पर बनाए मॉडल का प्रदशज़्न किया गया। यह दो स्तर में 6 से 12 के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदशज़्नी में शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट मॉडल बनाए गए । साथ ही अन्य विधाओं में लघु नाटक , एकल गायन की प्रस्तुति दी गई । जबकि बाजरे का स्वास्थ्य एवं दीर्घ जीवन में महत्व विषय पर सेमिनार में बच्चों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ सीहोर विकासखंड अधिकारी दीपा कीर , प्राचार्य आलोक शर्मा, प्रभारी डी पी सी चंद्रशेखर वर्मा, एपीसी अभिषेक भागज़्व, बी आर सी अशोक वर्मा ने किया गया । प्रतियोगिता के समापन पर बच्चों के बनाए शानदार प्रोजेक्ट का अवलोकन निर्णायक मंडल ने किया। सभी वर्ग में छात्र-छात्राओं को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया एवं आभार अमिता आहूजा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेंद्र यादव, हेमलता सेंगर, अमिता आहूजा, योगिता लोधी ,गायत्री श्रीवास्तव, निलेश राय , संजय सक्सेना, जन शिक्षक आशा मंडराई ,सोनम चौधरी, श्याम प्रजापति, चंदर वमाज़् ,भोजराज रघुवंशी यशपाल राठौर, नरेश गुजज़्र, रामेश्वर पाटिल, राघवेंद्र मालवीय, विजेंद्र बेस आदि सहित समस्त जनशिक्षक एवं ब्लॉक की शालाओं के शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

### संभागायुक्त श्री तिवारी ने नहरों का किया निरीक्षण, सिंचाई व्यवस्था देखी

**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने सोमवार को जिले के टिमरनी क्षेत्र के ग्रामों का दौरा कर नहरों से सिंचाई के लिये जल प्रदाय देखी। उन्होने इस दौरान गुरदिया उप नहर के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम गोगिया एवं घोड़ाकुण्ड ग्रामों का दौरा कर वहां के किसानों से चर्चा कर सिंचाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान संयुक्त आयुक्त जी.सी. दौहर, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता नर्मदापुरम संभाग आर.आर. मीणा, जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री सुश्री सोनम वाजपेयी सहित जल संसाधन विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने कार्यपालन यंत्री सुश्री वाजपेयी को निर्देश दिये कि ओसराबंदी व्यवस्थित तरीके से लागू करें और इसका संबंधित गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर नहर के अंतिम छोर पर स्थित खेत तक पानी पहुँचाएं। कार्यपालन यंत्री सुश्री वाजपेयी ने इस दौरान बताया कि नहरों की साफ-सफाई का कार्य लगातार जारी है। उन्होने कमिश्नर श्री तिवारी को बताया कि ओसराबंदी कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टेल क्षेत्र के ग्राम गोगिया और घोड़ाकुण्ड तक 26-27 नवम्बर तक नहर के माध्यम से खेतों तक पानी पहुँच जाएगा।

## विश्व एंटीबायोटिक सप्ताह 24 नवम्बर तक मनाया जायेगा



सत्ता सुधार ■ खंडवा

विश्व एंटीबायोटिक सप्ताह 18 से 24 नवम्बर तक मनाया जाएगा। सप्ताह भर अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम में 19 नवंबर को श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की थीम एंटीमाइक्रोबियल हैंडल विथ केयर पर आधारित कार्यक्रम किया गया।

इसी क्रम में जिला चिकित्सालय में मंगलवार को सभी चिकित्सकों, नर्सिंग ऑफिसर एवं पैरामेडिकल स्टाफ के लिए आईपीसी प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण सिविल सर्जन डॉ. संजीव दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. मधु तंतवार एवं डॉ. अनिरुद्ध कौशल द्वारा इनफेक्शन प्रिवेंशन और कंट्रोल के अंतर्गत साफ-सफाई रखने और दूसरों को इन्फेक्शन से बचाने के बारे में जानकारी दी गई तथा सभी स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप किया गया एवं इम्यूनाइजेशन से संबंधित जानकारी भी दी गई तथा अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एंटीबायोटिक पॉलिसी के बारे में विस्तार से समझाया गया। हैंड वॉशिंग एवं जनरल हेल्थ हाइजीन एवं अपने आसपास के वातावरण को साफ रखते हुए स्वयं एवं बीमार व्यक्ति की कैसे सेवा करनी चाहिए की जानकारी दी गई। सूखे एवं गीले कचरे के निस्तारण की जानकारी देते हुए उन्हें बताया गया कि खाँसते समय मुंह पर हमेशा कपड़ा रखें तथा बीमार पड़ने पर मान्यता प्राप्त चिकित्सक से ही दवाइयां ले।

इंटरनल असेसर डॉ. मधु तंतवार द्वारा बताया गया कि जब बैक्टीरिया वायरस फंगस परजीवी के इलाज में दवाइयों का असर नहीं होता है, तो मरीज मुश्किल में पड़ जाता है। इसीलिए हमेशा अति आवश्यक होने पर ही मरीज को एंटीबायोटिक दवाइयां लिखे तथा कौन सी बीमारी पर कौन सी एंटीबायोटिक का इस्तेमाल किया जाए इसका प्रशिक्षण दिया गया। मॉनिटरिंग के लिए प्रिस्क्रिप्शन ऑडिट करने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ. अंजलि जायसवाल एम.डी. मेडिसिन, आर.एम.ओ. डॉ. एम.एल. कलमें, डॉ. पर्व तिवारी, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**कार्यवाही की मांग** जिले में वन संरक्षण अधिनियम का हो रहा उल्लंघन

# आस्था के प्रतीक पीपल को बिना अनुमति के बेरहमी से काटा

सत्ता सुधार ■ हरदा

धार्मिक आस्था के प्रतीक पीपल वृक्ष को बड़ी बेहरमी से काटने का मामला प्रकाश में आया है। नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका अमर रोचलानी ने जिला कलेक्टर से शिकायत कर इसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पीपल से भक्तों की गहरी आस्था जुडी हुई थी। रोजाना सुबह-शाम दीपक लगाने के साथ-साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान किया करते थे। बावजूद उसके बिना अनुमति के वृक्ष को काट दिया गया।

### पर्यावरण को भारी नुकसान

भगवान शंकर पेडी घाट मंदिर के पास स्थित ऐतिहासिक पीपल वृक्ष की बिना अनुमति के कटाई की गई है। भगवान कृष्ण ने श्रीमद् भागवत गीता के उपदेश में बताया है कि में वृक्षों में पीपल वृक्ष हूं। भगवान वासुदेव का वास इसमें है। सर्वाधिक आक्सीजन प्रदाता यह वृक्ष है। इसके अलावा इस वृक्ष से भक्तों की गहरी आस्था जुडी हुई थी। पूजा, पाठ, दीपक लगाकर भक्त अपनी आस्था प्रकट करते हैं । ऐसे वृक्ष को काटकर पर्यावरणको भारी नुकसान पहुंचाया गया है। जो बेहद चिंताजनक और विचारणीय है।

### वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन

ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक पीपल के वृक्ष को काटकर वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन किया गया है। इसके तहत सजा एवं दंड का प्रावधान है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि इस वृक्ष को काटने के पहले नगर पालिका, वन विभाग और जिला प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई। जिससे अधिनियम का उल्लंघन हुआ है। साथ में भक्तों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

### भक्तों में व्यापक आक्रोश

बेरहमी से वक्षों को काटने को लेकर भक्तों में व्यापक आक्रोश व्यापत है। इसकी जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो इसको लेकर आक्रोशित भक्तगण विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हो जायेंगे। भविष्य में इस प्रकार



की घटनाओं को रोकने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग पर भक्तगण अड़े हुए हैं।

### वन विभाग, नगर पालिका मौन

हरा-भरा पीपल का वृक्ष काटे जाने को लेकर वन विभाग और नगर पालिका के जिम्मेदार जवाबदेह अधिकारी मौन हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए काटने वाले को नोटिस भेज कर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे । संवेदनशील और पर्यावरण से मामला जुड़ा हुआ है। फिर भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी भी इससे वाफिक हैं। फिर भी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिला कलेक्टर को आवेदन देकर अभिलंब कार्यवाही की मांग की गई है। अब देखना यह है कि पर्यावरण और भक्तों की आस्था से जुड़े मामले में क्या कार्यवाही की जा जाती है।

## ट्रिपल सुपर फॉस्फेट यानी तीन गुना ज्यादा 48 प्रतिशत सुपर फॉस्फेट कई गुना अधिक प्रभावशाली : कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के किसान भाइयों से कहा आप सभी के सहयोग से खाद का वितरण सुचारु रूप से संचालित कर पा रहे हैं और यह लगातार जारी रहेगा। यदि डी.ए.पी. खत्म हो भी जाता है, तो हमारे पास एन.पी.के. पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हमेशा जो किसान डी.ए.पी. लिया करते हैं, इस डीएपी में 46 प्रतिशत फॉस्फेट होता है। यह डी.ए.पी. दूसरे देशों से निर्यात होता है, जिसे हम आयात करते हैं। लेकिन अब सरकार ने अपना खुद का प्रॉडक्ट तैयार किया है, जो की ट्रिपल सुपर फॉस्फेट है, जिसका नाम है टीएसपी, इसका नाम टीएसपी इसलिए है, क्योंकि सबसे शुरुआत में जो सुपर फॉस्फेट निकला था, उसमें 16 प्रतिशत फॉस्फेट होता था, इसमें ट्रिपल सुपर फॉस्फेट यानी तीन गुना ज्यादा 48 प्रतिशत सुपर फॉस्फेट है, जबकि डीएपी में 46 प्रतिशत ही है तो अब 2 प्रतिशत अधिक फॉस्फेट हमको ट्रिपल सुपर फॉस्फेट में मिल रहा है, यह हमारे लिए डी.ए.पी. जितना ही प्रभावशाली है, बल्कि उससे ज्यादा प्रभावशाली है। उन्होंने कहा इसकी रैक एक हफ्ते के अंदर जल्दी ही जिले में आना शुरू हो जायेगी, यह भी हमारे पास उपलब्ध हो जायेगा, यूरिया हमारे पास पर्याप्त है, एन.पी.के. हमारे पास उपलब्ध है। कलेक्टर श्री कोचर ने हुये कहा डी.ए.पी. के विकल्पों पर ध्यान दें, यह विकल्प बहुत अच्छे हैं और डीएपी की तुलना में भी कई गुना अधिक प्रभावशाली हैं, यह हमारे जिले में पर्याप्त रूप से उपलब्ध रहेगा, तो इस सुविधा का जरूर लाभ लें। उन्होंने कहा वितरण शांतिपूर्वक करने के लिए पूरी व्यवस्थाएँ की हैं। शासन प्रशासन को व्यवस्थाएँ बनाने में भी आप अपना सहयोग करें।

## ब्रीफ न्यूज

### 2024 बीएमडब्ल्यू एम 340 आई हुई लांच

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में 2024 बीएमडब्ल्यू एम 340 आई लॉन्च कर दी गई है। इसे ऑनलाइन या डीलरशिप पर जाकर बुक कर सकते हैं और डिलीवरी जल्द ही शुरू की जाएंगी। इस गाड़ी की कीमत 74.90 लाख रुपए रखी गई है। यह गाड़ी ऑडी एस5 और मर्सडीज-एएमजी सी 43 को टक्कर देगी। इस गाड़ी में 3-लीटर छह-सिलेंडर टर्बो-पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 374 पीएस की पावर और 500 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इसके इंजन को 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ जोड़ा गया है। इसके अलावा इसमें एम्बिएंट लाइटिंग, थ्री-जोन ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर, 464 वॉट्स हरमन कार्डन साउंड सिस्टम, 8 एयरबैग, कॉर्नरिंग ब्रेक कंट्रोल (सीबीसी), 360-डिग्री कैमरा और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) जैसे फीचर्स दिए गए हैं।बीएमडब्ल्यू एम 340 आई में फ्री-स्टैंडिंग कर्व्ड इंस्ट्रूमेंट पैनल शामिल है, जिसमें 14.9-इंच कर्व्ड टचस्क्रीन और 12.3-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है।

### रियलमी जीटी 7 प्रो की डिस्प्ले तकनीक मिल का पत्थर साबित

**नई दिल्ली।** चाइनीज कंपनी रियलमी ने डिस्प्ले इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और अब उसने जीटी 7 प्रो स्मार्टफोन के साथ एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है। रियलमी जीटी 7 प्रो की डिस्प्ले तकनीक स्मार्टफोन के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रही है। यह तकनीक पहले केवल सैमसंग के महंगे फोल्डेबल स्मार्टफोन में ही देखने को मिलती थी, लेकिन अब रियलमी ने इसे प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में पेश किया है, जो विजुअल तकनीक के नए मानक स्थापित कर रहा है। इसके डिस्प्ले में रियलवर्ल्ड इकोद्द तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो पोलराइज़र के बिना पहला स्मार्टफोन डिस्प्ले है। इस स्मार्टफोन की डिस्प्ले में 120 प्रतिशत डीसीआई-पी3 कलर गैमट का समर्थन किया गया है, जो प्रोफेशनल मॉनिटर्स से भी बेहतर है। इसके कारण हर फोटो, वीडियो और एनीमेशन को अत्यधिक जीवंत और रंगीन बनाया जाता है। 6500 निट्स की पीक ब्राइटनेस के कारण स्क्रीन धूप में भी पूरी तरह से स्पष्ट दिखाई देती है, जिससे बाहर फोटोग्राफी और नेविगेशन करना बहुत आसान हो जाता है। गेमिंग के शौकिनों के लिए इस डिस्प्ले में 120 एफपीएस की क्षमता और वन पॉइंट फाइव रिज़ॉल्यूशन उपलब्ध है, जिससे फास्ट-पेस्ड गेम्स जैसे पबजी और रेसिंग गेम्स का अनुभव बेहद स्मूथ और इमर्सिव होता है। रियलमी जीटी 7 प्रो की डिस्प्ले तकनीक का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी प्रदर्शन और दक्षता का अनोखा संतुलन है। रियलमी और सैमसंग द्वारा विकसित इको ओलेड प्लस तकनीक ने बिजली की खपत को 52 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जबकि दृश्य गुणवत्ता को बरकरार रखा है। इससे उपयोगकर्ता बिना बैटरी की चिंता किए लंबे समय तक स्ट्रीमिंग या गेमिंग का आनंद ले सकते हैं। पोलराइज़र लेयर को हटाने से न सिर्फ पावर की बचत होती है, बल्कि स्क्रीन की रोशनी और स्पष्टता भी बढ़ जाती है।

# वार्डविजार्ड को इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर निर्यात का बड़ा ऑर्डर मिला



एजेंसी ■ नई दिल्ली

वार्डविजार्ड इनोवेशन्स एंड मोबिलिटी कंपनी को फिलीपींस से इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर निर्यात का बड़ा ऑर्डर मिला है। कंपनी को यह ऑर्डर बेलुआ इंटरनेशनल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन से मिला है।

इसके तहत, वार्डविजार्ड ने अपने ब्रांड जॉय ई-बाइक और जॉय ई-रिक के तहत तैयार कस्टमाइज्ड ई-ट्राइक (ड्राइवर प्लस 10 सीट) फिलीपींस भेजा है। वार्डविजार्ड को बेलुआ इंटरनेशनल से 1.29 बिलियन डॉलर का ऑर्डर मिला था। इस कस्टमाइज्ड ई-ट्राइक को फिलीपींस सरकार के सार्वजनिक परिवहन आधुनिकीकरण कार्यक्रम को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य पुराने और प्रदूषणकारी वाहनों को हटाकर उन्हें पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलना है। फिलीपींस में सार्वजनिक परिवहन सुधार के लिए यह ई-ट्राइक फिलहाल परीक्षण के लिए भेजा गया है। फरवरी 2025 में, वार्डविजार्ड अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों की खेप भी जांच के लिए भेजेगी, ताकि स्थानीय परिवहन जरूरतों को समझा जा सके। कंपनी का लक्ष्य पर्यावरण के अनुकूल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग की साख को ऊंचा करना है। फिलीपींस में इस पहल से न केवल देश के सार्वजनिक परिवहन में सुधार होगा, बल्कि यह इलेक्ट्रिक वाहनों के पर्यावरणीय लाभ को बढ़ावा देने में भी सहायक साबित होगा।




बेल्जियम में यूरोपीय हाइड्रोजन वीक देखने आया एक व्यक्ति इवेको बस के करीब से निकलते हुए। यूरोपीय यूनियन की कारोबार नीति में हाइड्रोजन सेक्टर पर अधिक ध्यान देने पर जोर दिया गया है। इसी के तहत ही ये वीक मनाया जा रहा है।

# सीसीआई ने मेटा प्लेटफार्म पर लगाया 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना

## वॉट्सएप पर पांच साल तक मेटा के साथ डेटा साझा करने पर रोक

एजेंसी ■ नई दिल्ली




भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मेटा प्लेटफार्म पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोका है। यह जुर्माना वॉट्सएप की 2021 की प्राइवेसी पॉलिसी के जरिए मेटा द्वारा अपने प्रभावशाली बाजार स्थिति का दुरुपयोग करने के कारण लगाया गया है। यह फैसला पॉलिसी को कैसे लागू किया गया और यूजर्स का डेटा कैसे इकट्ठा और मेटा कंपनियों के साथ साझा किया गया। इसके अलावा सीसीआई ने मेटा और वॉट्सएप को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे एक तय समयसीमा के अंदर अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें।

सीसीआई ने आदेश दिया है कि वॉट्सएप अगले पांच साल तक मेटा कंपनियों के साथ विज्ञापन के लिए यूजर्स का डेटा साझा नहीं कर सकता है। इस अवधि के बाद यूजर्स को यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वे गैर-सेवा संबंधी डेटा शेयरिंग से बाहर हो सकें।

इसके साथ ही वॉट्सएप को यह साफ तौर पर बताना होगा कि मेटा कंपनियों के साथ कौन-सा डेटा साझा किया है, उसका इस्तेमाल कैसे किया जाता है और उसका उद्देश्य क्या है। यह फैसला वॉट्सएप के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि भारत में इसके 500 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं।

सीसीआई ने वॉट्सएप की 2021 की सेवा शर्तों और प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर यह फैसला सुनाया है। इस पॉलिसी में यूजर्स को मेटा कंपनियों के साथ डेटा शेयरिंग की नई शर्तें स्वीकार करना जरुरी किया था अन्यथा वे ऐप का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे। उस समय ने ऐप के भीतर नोटिफिकेशन भेजकर यूजर्स को 8 फरवरी, 2021 तक इन शर्तों को मानने को कहा था। यह पॉलिसी 25 अगस्त, 2021 की पुरानी पॉलिसी से अलग थी, जिसमें यूजर्स को फेसबुक के साथ डेटा शेयरिंग से ऑप्ट आउट करने की सुविधा दी गई थी।

सीसीआई ने कहा कि वॉट्सएप की 2021 की पॉलिसी ÷ले लो या छोड़ दो÷ की तरह थी, जो उपयोगकर्ताओं को मेटा ग्रुप के साथ डेटा शेयरिंग की शर्तें जरुरी रूप से स्वीकार करने पर मजबूर करती थी। इसे आयोग ने अनुचित शर्त माना है। पिछले साल सीसीआई ने गूगल के एंड्रॉइड मामले में 1338 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था और कंपनी से बिजनेस मॉडल में बदलाव करने को कहा था।

## साल 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर के आकार तक पहुंचने की उम्मीद है। इस ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान देश की जीडीपी की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि, वित्त वर्ष 2025 से लेकर 2031 तक की वार्षिक वृद्धि दर महामारी से पहले के दशक की औसत वृद्धि दर (6.6 प्रतिशत) के आसपास होगी। इस विकास को मुख्य रूप से पूंजीगत खर्च और उत्पादकता में सुधार से प्रेरित बताया गया है। 2023-24 के चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी विकास दर 6.8 प्रतिशत तक रहने की संभावना है, जिसका कारण उच्च ब्याज दरें और सख्त लेंडिंग नियम हैं, जिससे शहरी मांग पर असर पड़ा है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि केंद्र सरकार के राजकोषीय घाटे को कम करने के प्रयासों का प्रभाव अर्थव्यवस्था के विकास पर देखने को मिलेगा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 2024-25 में औसत 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले साल के 5.4 प्रतिशत से कम होगी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि मौसम की स्थिति और भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं विकास और महंगाई के लिए महत्वपूर्ण जोखिम हैं। इस वर्ष खरीफ की बुआई अधिक हुई है, लेकिन बेमौसम बारिश और अन्य मौसम संबंधित प्रभावों को लेकर सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

# ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवाड्र्स 2024 में एचडीएफसी बैंक सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक चुनी गई




एजेंसी ■ ग्वालियर

भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) द्वारा आयोजित ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवाड्र्स 2024 में भारत में सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा प्रकाशित एक प्रमुख वैश्विक व्यावसायिक प्रकाशन प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) निजी बैंकों और उनके संचालन वाले क्षेत्रीय वित्तीय केंद्रों की विकास रणनीतियों का विश्लेषण करने में माहिर है। ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवाड्र्स ने खुद को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित निजी बैंकिंग पुरस्कारों के रूप में मजबूती से स्थापित किया है और अब अपने सोलहवें वर्ष में हैं।

पीडब्लूएम ने अपनी वेबसाइट पर कहा भारत के सबसे बड़े निजी स्वामित्व वाले बैंक का हिस्सा एचडीएफसी प्राइवेट बैंकिंग ऐसे देश में गति बना रहा है जहां संपत्ति तेजी से बढ़ रही है। एचडीएफसी बैंक के राकेश के सिंह के अनुसार संपत्ति में इस तेज उछाल को बनाए रखने के लिए एक हब-एंड-स्पोक बिजनेस मॉडल का निर्माण करना और साथ ही बैंक के कर्मचारियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करना महत्वपूर्ण है। श्री राकेश के सिंह ने कहा हमें प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) से यह पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस हो रहा है। यह पुरस्कार ग्राहकों की सेवा के लिए हमारी टीम के समर्पण और लगभग तीन दशकों से एचडीएफसी बैंक पर उनके भरोसे का प्रमाण है। हमारे वेल्थ मैनेजर भारत भर में 923 स्थानों पर ग्राहकों की सेवा करते हैं।

# आज शेयर बाजार रहेगा बंद इस हफ्ते तीन दिन नहीं होगी ट्रेडिंग

## दिसंबर महिने में भी 10 दिन नहीं होगा कारोबार, बाजार रहेगा बंद



एजेंसी ■ नई दिल्ली

20 नवंबर को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होना है। इस वजह से शेयर बाजार बंद रहेगा। इस दौरान शेयर बाजार में किसी भी प्रकार की ट्रेडिंग नहीं होगी। शेयर बाजार में कब छुट्टी रहती है, इसे लेकर बीएसई और एनएसई साल का कैलेंडर जारी करते हैं। चूंकि कई बार ऐसे मौके आते हैं जब किसी दिन छुट्टी के बारे में कैलेंडर में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में बीएसई और एनएनई नोटिफिकेशन के जरिए छुट्टी की घोषणा करते हैं।

शेयर बाजार में इस हफ्ते भी तीन दिन छुट्टी रहेगी। पिछले हफ्ते भी तीन दिन छुट्टी थी। पिछले हफ्ते 15 नवंबर को गुरुनानक जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद था। इसके बाद शनिवार और रविवार की छुट्टी हो गई थी।

बता दें दिसंबर में 10 दिन कारोबार नहीं होगा। 10 दिन शेयर बाजार बंद रहेगा। इसमें 4 शनिवार और 5 रविवार शामिल हैं। इसके अलावा 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर भी शेयर मार्केट बंद रहेगा। मंगलवार को शेयर मार्केट में काफी दिनों बाद तेजी देखी गई। सेंसेक्स एक हजार अंकों से ज्यादा उछला। वहीं निफ्टी में भी 300 अंकों से ज्यादा की तेजी आई। शेयर बाजार में इस तेजी के साथ निवेशकों को 6 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा मिला।

## सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गयी है। सुबह सोने चांदी के वायदा भाव में तेजी रही। सुबह सोने के वायदा भाव 75,400 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 91,050 रुपये के करीब थे। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की वायदा कीमतों में तेजी आई। सोने का वायद बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध एमसीएक्स पर आज 153 रुपये की तेजी के साथ 75,200 रुपये के भाव पर खुला। यह अनुबंध 355 रुपये की तेजी के साथ 75,402 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एक समय ये 75,429 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 75,200 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे थे। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 235 रुपये बढ़कर के 90,748 रुपये पर खुला। एक समय ये अनुबंध 552 रुपये की तेजी के साथ 91,065 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 91,100 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 90,748 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। इस साल चांदी के वायदा भाव 1,00081 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है।

# पुणित गोयनका ने ज़ी-एंटरटेनमेंट के एमडी पद से दिया इस्तीफा, कंपनी ने बनाया सीईओ

एजेंसी ■ नई दिल्ली



पुणित गोयनका ने ज़ी-एंटरटेनमेंट के एमडी पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने उन्हें मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाया है। कंपनी ने 18 नवंबर को कारोबार की समाप्ति पर उनके इस्तीफे को मंजूर की लिया और उसी दिन सीईओ के तौर पर उनकी नियुक्ति भी कर दी।

ज़ी-एंटरटेनमेंट ने जानकारी दी कि कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) मुकुंद गलगली को डिप्टी सीईओ बनाया है। यह बदलाव कंपनी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया है। पुणित गोयनका की नई भूमिका उनकी मौजूदा फुल-टाइम नौकरी जैसी ही होगी। हालांकि, उनके वेतन का 40 फीसदी वेरिएबल हिस्सा उन्हें केवल कुछ विशेष लक्ष्यों को पूरा करने पर ही दिया जाएगा। इस वेतन की अधिकतम सीमा बोर्ड द्वारा तय की गई है। ज़ी-एंटरटेनमेंट के मुताबिक इस कदम के जरिए गोयनका कंपनी के प्रदर्शन और मुनाफे को बेहतर करने पर पूरी तरह ध्यान देंगे। यह फैसला बोर्ड और नामांकन व वेतन समिति की 15 नवंबर 2024 की बैठक में लिया गया।बोर्ड ने कहा कि पुणित गोयनका कंपनी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम हैं। ज़ी-एंटरटेनमेंट ने कहा कि कंपनी मजबूत स्थिति में है और अपने भविष्य के लिए ठोस नींव तैयार करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। यह तय करने के लिए कि हमारे लक्ष्य पूरे हों, संचालन स्तर पर ज्यादा समय और ऊर्जा की जरुरत है। पुनीत गोयनका, जो मीडिया दिग्गज सुभाष चंद्रा के बेटे हैं, उन्होंने कंपनी के संचालन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सीईओ के रूप में फिर से नियुक्ति की मांग की है।

ज़ी-एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड बोर्ड ने 18 अक्टूबर को गोयनका को 5 साल के लिए फिर से सीईओ बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह कार्यकाल 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2029 तक रहेगा। हालांकि, यह नियुक्ति कंपनी के शेयरहोल्डर्स की 28 नवंबर को होने वाली एनुअल जनरल बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

पिछले हफ्ते बोर्ड ने पुनीत गोयनका के प्रदर्शन के लिए नए और ऊंचे लक्ष्यों को तय किया। विगत दिवस बैठक में बोर्ड ने अगले चार तिमाहियों के लिए समेकित राजस्व और कमाई का लक्ष्य तय किए। साथ ही कंपनी के समेकित शुद्ध लाभ का 25 फीसदी डिविडेंड के रूप में शेयरहोल्डर्स को देने का लक्ष्य तय किया गया है।

## आईपीओ | कंपनी के शेयर 27 नवंबर को एनएसई और बीएसई पर हो सकते हैं सूचीबद्ध

# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का सब्सक्रिप्शन के लिए आईपीओ खुला

एजेंसी ■ नई दिल्ली

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का 10 हजार करोड़ रुपए का आईपीओ मंगलवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। यह एक बुक-बिल्ट इश्यू है। इसमें 92,59,25,926 नए शेयर जारी होंगे। आईपीओ का मूल्य दायरा 102-108 रुपए प्रति शेयर है। इसमें लॉट साइज 138 शेयरों का है। खुदरा निवेशकों को 138 शेयरों के एक लॉट के लिए बोली लगाने के लिए न्यूनतम 14,904 रुपए की जरूरत होगी।

बाजार विश्लेषक सार्वजनिक पेशकश में आवेदन की सलाह दे रहे हैं क्योंकि लंबी अवधि में इसमें काफी संभावनाएं हैं। एंकर निवेशकों के लिए बोली आज तय की गई है। आईपीओ के लिए बोली मंगलवार को खुलेगी और शुक्रवार 22 नवंबर को बंद होगी। 25 नवंबर को आवंटन को अंतिम रूप दिया जाएगा और शेयर 26 नवंबर मंगलवार को डीमैट खातों में क्रेडिट किए जाएंगे। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का शेयर बुधवार 27 नवंबर को एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध होने की संभावना है।

विवरणिका के मसौदे यानी रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के मुताबिक एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी आईपीओ से प्राप्त रकम का इस्तेमाल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी (एनआरईएल) में निवेश करने कुछ उधारी चुकाने या समय से पहले भुगतान करने और कंपनी के सामान्य कामकाज करने की योजना बना रही है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी



का प्रीमियम ग्रे मार्केट में सोमवार को गिर गया। ये शेयर आईपीओ मूल्य के ऊपरी स्तर से एक रुपए के प्रीमियम पर मिल रहे हैं, जो 0.93 फीसदी का जीएमपी बताता है। सूत्रों के मुताबिक 14 नवंबर, 2024 को जीएमपी 3 रुपए था। ज्यादातर ब्रोकरेज फर्में कंपनी की संभावना को लेकर सकारात्मक हैं और आवेदन की सलाह दे रही हैं। रिलायंस सिक्योरिटीज ने इसमें दीर्घकालिक संभावनाओं को देखते हुए आवेदन की सलाह दी है। विश्लेषकों ने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की वित्तीय ताकत, मजबूत क्रेडिट रेटिंग और बड़े पैमाने की परियोजनाओं पर अमल करने की विशेषज्ञता पर प्रकाश डाला। हरित हाइड्रोजन और भंडारण जैसे नए ऊर्जा समाधानों पर कंपनी का ध्यान है जिससे कंपनी भारत के नेट-जीरो लक्ष्यों में योगदान के लिए अहम स्थिति में हो जाती है। रिलायंस सिक्योरिटीज का मानना है कि विवेकपूर्ण बिजनेस मॉडल, मजबूत आय वृद्धि और बेहतर वित्तीय स्थिति के कारण लंबी अवधि के लिहाज से इसमें आवेदन करना तर्कसंगत है। एसबीआई सिक्योरिटीज ने भी लंबी अवधि के लिए आईपीओ में आवेदन की सलाह दी है। 108 रुपए के ऊपरी कीमत स्तर पर एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का मूल्यांकन वित्त वर्ष 2024 के उद्यम मूल्य-परिचालन लाभ के 53.4 गुने पर किया गया है। ब्रोकरेज का अनुमान है कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की परिचालन क्षमता सितंबर 2024 में 3.3 गीगावॉट से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 वित्त वर्ष 2026 वित्त वर्ष 2027 तक 6/11/19 गीगावॉट हो जाएगी। वित्त वर्ष 2024-2027 के दौरान राजस्व, परिचालन लाभ और शुद्ध लाभ क्रमशः 79 फीसदी, 117.2 फीसदी और 123.8 फीसदी सालाना की दर से बढ़ने की संभावना है। एसबीआई सिक्योरिटीज ने कहा कि कीमत दायरे के ऊपरी स्तर पर इश्यू की कीमत आकर्षक है और हम निवेशकों को लंबी अवधि के लिए इसमें आवेदन करने की सलाह देते हैं।

# मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री में गिरावट दर्ज

एजेंसी ■ नई दिल्ली

बीते महीने अक्टूबर 2024 में मारुति सुजुकी ने 1,59,591 यूनिट्स की घरेलू बिक्री की। कंपनी की यह बिक्री पिछले साल अक्टूबर 2023 में बेची गई 1,68,407 यूनिट्स की तुलना में 5प्रतिशत कम है। वहीं फेस्टिव सीजन की बदौलत सितंबर 2024 की तुलना में 10प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

मारुति की अर्टिगा ने 18,785 यूनिट्स की बिक्री के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें 32प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई। स्विफ्ट ने 17,539 यूनिट्स बेचीं, हालांकि इसकी बिक्री में 15त्न की गिरावट हुई। ब्रेजा, फ्रॉन्क्स और बलेनो ने क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर कब्जा किया, जबकि ग्रैंड विटारा ने 14,083 यूनिट्स की बिक्री के साथ 30प्रतिशत का शानदार सुधार दिखाया। सेडान सेगमेंट की सियाज ने केवल 659 यूनिट्स बेचीं, जो इसके लंबे समय से अपग्रेड न होने का संकेत है। मारुति सुजुकी ने फेस्टिव सीजन का लाभ उठाकर कुल बिक्री में मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन कई मॉडलों की गिरती मांग कंपनी के लिए एक चुनौती बन सकती है। कभी सबसे ज्यादा बिकने वाली ऑल्टो ने केवल 8,548 यूनिट्स बेचीं, जो 24प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है।

## ब्रीफ न्यूज

### जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का अधिकारी शीघ्रता से करें निराकरण

**मुरैना।** जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनकर्ता को तत्परता से न्याय मिले, यह अधिकारी सुनिश्चित करें। ये निर्देश अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद ने कलेक्ट्रेट परिसर में चल रही जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को दिये। विदित है कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक जिला, खंड, नगरीय निकाय, पंचायत स्तर पर हर कार्यालय में जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत जिला मुख्यालय पर अपर कलेक्टर ने 148 आवेदनकर्ताओं को जनसुनवाई के दौरान सुना और आवेदनकर्ताओं को सुनने के बाद संबंधित अधिकारी को मौके पर ही समस्या का समाधान हल करने के निर्देश दिये। 19 नवंबर को प्राप्त होने वाले आवेदनों में 2 आवेदन अति गंभीर पाये गये, जिन्हें टीएल मार्क किया गया।

### जल संसाधन विभाग के भवन को कुर्क कर लगाया ताला

**मुरैना।** उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के समक्ष प्रचलित अवमानना प्रकरण क्रमांक 1788/2024 में जल संसाधन विभाग मुरैना पर बकाया राशि 184928/- रुपए को जमा नहीं किए जाने के कारण 19 नवम्बर, 2024 को तहसीलदार मुरैना नगर सीताराम वर्मा द्वारा अपने दल के साथ कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मुरैना के चंबल कॉलोनी मुरैना स्थित कार्यालय भवन को कुर्क कर भवन पर ताला डाला गया।

### पुलिस भर्ती में फिजिकल के दौरान फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा, मामले की जांच में जुटे अधिकारी

**मुरैना।** मंगलवार को पांचवी बटालियन में पुलिस भर्ती में फिजिकल टेस्ट के दौरान एक फर्जी अभ्यर्थी के पकड़े जाने के बाद पुलिस की भर्ती प्रक्रिया पर सवालिया निशान खड़ा हो गए हैं, हालांकि इस मामले में पुलिस अधीक्षक का कहना है कि फर्जीवाडे को रोकने के लिए फूल प्रूफ योजना तैयार की गई थी, जिसके तहत ही फर्जी अभ्यर्थी को पकड़ा गया है द्य इस मामले की पूरी जांच की जा रही है और बुधवार की शाम तक इसमें शामिल लोगों को राउंडअप कर लिया जाएगा द्य बताया जाता है कि इस समय पांचवी बटालियन में पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया चल रही है और फिजिकल टेस्ट के दौरान मंगलवार को एक फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा गया है, जो किसी दूसरे के स्थान पर फिजिकल टेस्ट देने के लिए आया द्य पुलिस द्वारा बनाई टीम लगातार चेकिंग कर रही थी और क्रास चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब आई कार्ड एवं अन्य दस्तावेज चेक किया तथा अभ्यर्थी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह किसी और के स्थान पर फिजिकल टेस्ट देने आया था द्य इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने मीडिया को बताया कि इसमें शामिल लोगों को बुधवार की शाम तक राउंडअप कर लिया जाएगा द्य इसकी संभावना कम है कि इसमें कोई बहुत बड़ा रैकेट होगा, अगर इसमें कोई आधार केंद्र की संलिपितता पाई जाती है तो उसको हम ट्रैक कर सकते हैं, इसकी सुविधा हमारे पास है और ट्रैक होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चंबल नदी का सीना छलनी कर रहा माफिया

# वन विभाग, पुलिस रेत माफियाओं पर कार्रवाई करने में नाकाम

### खुलेआम सैकड़ो ट्रैक्टर ट्राली ट्रक डंपर आदि से हो रहा रेत का परिवहन





सत्ता सुधार ■ मुरैना

चंबल नदी के तमाम घाट से रेत माफिया लगातार नदी का सीना छलनी करते हुए सैकड़ो ट्रैक्टर ट्राली ट्रक डंपर आदि से रेत का परिवहन कर अपनी तिजोरी भर रहा है और जिला प्रशासन वन विभाग एवं पुलिस खामोश होकर तमाशा देख रहे हैं। पिछले दो दशक से भी अधिक समय से रेत माफिया पर मुरैना का प्रशासन अंकुश लगाने में नाकामयाब रहा है और रेत माफिया हमेशा हावी रहा है, जिस कारण प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की हिम्मत जवाब दे गई है। इस समय सोशल मीडिया पर रेत उत्खनन का एक वीडियो वायरल हो रहा है जो जिले के अंबाह एवं चिन्नौनी थाना अंतर्गत चंबल के घाट का बताया जा रहा है द्य इस वीडियो में बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रॉली रेत भरवा रहे हैं और एक युवक दूसरे ट्रैक्टर से उनमें रेत भर रहा है।

जिले में चंबल नदी के घाट से रेत माफिया द्वारा अवैध उत्खनन करते हुए सरे आम वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहे हैं और प्रशासन को खुली चेतावनी दी जा रही है, लेकिन प्रशासन इन पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। शहर में एवं हाईवे पर सुबह से ही रेत माफियाओं के रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य वाहन दौड़ने लगते हैं, जो शहर की यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे हैं। पिछले दो दशक से भी अधिक समय से चंबल पर रेत माफिया का कब्जा है और प्रशासन लाख कोशिश कर चुका, लेकिन रेत माफियाओं का बाल भी बांका नहीं हो सका और वह अब खुलेआम चोरी एवं सीना जोरी कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं की रेत माफिया द्वारा वर्तमान में चंबल के आधा दर्जन से अधिक घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है और शहर में लाया जा रहा है। माफिया द्वारा जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर ट्राली में लगे यंत्रों से चंबल नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। प्रशासन पुलिस एवं वन विभाग खामोश रहकर तमाशा देख रहा है। पिछले दो दिन से सोशल मीडिया पर एक वीडियो रेत माफिया द्वारा वायरल किया गया है जो चिन्नौनी थाना क्षेत्र के भर्रा घाट सहित अंबाह थाना क्षेत्र के मलवसई घाट का बताया जा रहा है। इस प्रकार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर रेत माफिया ने सरकारी तंत्र को खुला चैलेंज दे रखा है।

#### सर्दियों में आने वाले जलीय जीवों को खतरा

जानकार बताते हैं कि सर्दियों के मौसम में तमाम विदेशी पक्षी चंबल नदी क्षेत्र में विचरण करने के लिए आते हैं, लेकिन वर्तमान में जिस तरीके से चंबल नदी से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, उससे उनके जीवन पर खतरा मंडरा रहा है द्य वन विभाग के अधिकारी चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं तथा रेत माफिया अपने मंसूबे कामयाब कर रहा है।

# कोचिंग वाले इलाकों में रंगदारी करने वालों पर... सख्त हुई पुलिस, लगातार चेकिंग से बना खौफ





सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर के अधिकांश कोचिंग सेंटर जीवाजी गंज इलाके में संचालित है और यहां आए दिन रंगदारी मारपीट तथा हवाई फायरिंग की घटनाएं होना आम बात हो गई है। इसे देखते हुए पुलिस डिपार्टमेंट द्वारा सोमवार से विशेष चेकिंग अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए सघन चेकिंग की जा रही है, हालांकि दो दिन की कार्यवाही में पुलिस द्वारा किसी भी असामाजिक तत्व को नहीं पकड़ा गया है और ना ही कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद हुई है, लेकिन इस चेकिंग अभियान से उपद्रवी युवाओं में पुलिस का खौफ जरूर नजर आने लगा है। सोमवार से जीवाजीगंज इलाके में पुलिस की टीम द्वारा 3:30 घंटे का चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद से असामाजिक तत्व जो आए दिन जीवाजी गंज में कोचिंग सेंटर के बाहर मारपीट एवं फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे, उन पर कुछ हद तक विराम लगा है। पुलिस की लगातार सघन चेकिंग के कारण अब उपद्रवी दाएं बाएं से निकलने को मजबूर हैं। मंगलवार को एसडीओपी रवि सोनेर के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध लोगों की तलाशी लेकर दस्तावेज चेक किए द्य इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा भी जीवाजी गंज में भ्रमण किया गया। गौरतलब है कि जीवाजी गंज इलाका बेहद शांतिप्रिय क्षेत्र रहा है, लेकिन पिछले एक दशक से भी अधिक समय से यहां कोचिंग सेंटर संचालित होने के कारण यहां का माहौल अशांत हो गया है और उपद्रवी इस क्षेत्र में आए दिन मारपीट एवं फायरिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस कारण यहां का माहौल खराब हो गया है और इस इलाके में रहने वाले व्यापारी वर्ग को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### पुलिस ने युवाओं के हाथों से उतरवाऐ चूड़ा

पुलिस टीम ने जीवाजी गंज में चेकिंग के दौरान ऐसे कई छात्रों को चेक किया जो हाथ में स्टील के कड़े पहनकर चलते हैं। बताया जाता है कि कई बार मारपीट की घटनाओं में युवाओं द्वारा इस चूड़ा का इस्तेमाल किया जाता है, जो काफी सख्त होता है और इससे मारपीट करने पर गहरी अंदरूनी चोट लगती है। पुलिस ने सारी संख्या में ऐसे कड़े चूड़ा जप्त किए हैं।

#### इनका कहना है..

जीवाजी गंज में आए दिन होने वाली मारपीट एवं अन्य घटनाओं को देखते हुए रूटीन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, क्योंकि क्षेत्र में कोचिंग सेंटर बहुत है इसलिए असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। अभी इस अभियान में कोई संदिग्ध युवक नहीं पकड़ा गया है और ना ही कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद हुई है।

**-रवि सोनेर,** एसडीओपी मुरैना

# पुरानी पेंशन के लिए हजारों कर्मचारियों ने जंतर मंतर दिल्ली में किया आंदोलन



सत्ता सुधार ■ मुरैना

ऑल इंडिया एन.पी.एस. एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मंजीत सिंह पटेल के नेतृत्व मै 17 नवंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर आंदोलन किया गया। मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रामनरेश दंडोतिया एवं संघ के जनक सिंह रावत ने बताया कि पुरानी पेंशन के लिए प्रदेश एवं देश के हजारों कर्मचारी जंतर मंतर दिल्ली पर पहुंचे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मंजीत सिंह पटेल ने कहा नई पेंशन स्कीम और अभी घोषित यू.पी.एस. मंजूर नहीं है। कर्मचारियों को केवल पुरानी पेंशन ही चाहिए। मंच से ऐलान किया गया कि 5 महीने का समय प्रधानमंत्री को देते हैं, कर्मचारियों की आत्मा पुरानी पेंशन को बहाल करें अन्यथा आने वाले समय में देश का कर्मचारी संसद भवन का घेराव करेगा। उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष क्रांति सिंह,प्रदीप सरल एवं रेलवे से आए कर्मचारी संगठन के नेताओं ने भी अपने विचार रखे। रामनरेश दंडोतिया और जनक सिंह रावत के नेतृत्व में जिले से सैकड़ो कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन जय घोष आंदोलन में अपनी सहभागिता की और सरकार से पुरानी पेंशन की मांग की गई। जनक सिंह रावत द्वारा कहा गया कि पहले कर्मचारियों को ठगने के लिए एन.पी.एस. लागू की गई, जिसमें कर्मचारियों का 10 अंशदान और वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 14 अंशदान दिया जा रहा है, वह स्कीम न्यू पेंशन स्कीम नहीं अपने मित्रों को लाभ देने वाली पेंशन स्कीम थी, क्योंकि जो कर्मचारी और सरकार का अंशदान जाता है वह शेयर मार्केट में लगा दिया जाता है, इसका कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे थे। अब सरकार द्वारा एक नई स्कीम यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यू.पी.एस. )लागू की गई है यह तो एन.पी.एस. से भी ज्यादा खतरनाक है द्य एन.पी. एस.स्कीम में 60 प्रतिशत राशि कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर मिल जाती थी, लेकिन यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यू.पी.एस.) में तो मात्र कुछ महीनों की राशि ही मिलेगी।

### गांजा तस्करी के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास, एक लाख का जुर्माना

**मुरैना।** मंगलवार को षष्ठम अपर सत्र न्यायालय मुरैना द्वारा आरोपी प्रमोद जाट पुत्र महीपत जाट निवास श्याम पुरा झुझुनू राजस्थान को गांजा तस्करी के केस में 10 वर्ष सश्रम कारावास व एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। शासन की ओर से पैरवी इन्द्रसिंह गुर्जर अपर लोक अभियोजक ने की है।

घटनाक्रम के अनुसार 3 अक्टूबर 2023 को थाना सिविल लाइन मुरैना के उप निरीक्षक यशपाल सिंह को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि होंडा सिटी कार नं एच आर 12 एच 9635 में एक व्यक्ति अबैध गांजा तस्करी करके ग्वालियर तरफ से धौलपुर तरफ जाने वाला है, जिस पर से उप निरीक्षक ने पुलिस फोर्स एकत्रित करते हुए रवाना होकर छौंदा पुल के पास चैकिंग पोइंट लगाकर उक्त नंबर की कार को पकड़ लिया द्य मौके पर गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें 24.329 किलो गांजा मिला।

# चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



सत्ता सुधार ■ मुरैना

रिठौरा थाना पुलिस ने सोमवार की शाम चेकिंग के दौरान हुब्बालाल का पुरा गांव से ट्रैक्टर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

रिठौरा थाना प्रभारी जितेंद्र दोहरे को मुखबिर से सूचना मिली कि हुब्बालाल का पुरा गांव से ट्रैक्टर चोरी करने वाले आरोपीगण को सहारा फैक्ट्री के आस-पास देखा गया है। उक्त सूचना के आधार पर थाना रिठौराकलां पुलिस द्वारा सहारा फैक्ट्री के पास मालनपुर रोड पर चैकिंग लगाकर दो आरोपियों अतेद्र पुत्र राजवीर गुर्जर हेतमपुर सरायछौला एवं रामलखन पुत्र विद्याराम गुर्जर संभर कापुरा सरायछौला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया ट्रेक्टर कीमती करीबन 2.50 लाख रूपये का जप्त कर बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर 2024 को अज्ञात चोर फरियादी हरिशंकर शर्मा ग्राम हुब्बालाल का पुरा के घर के बाहर खड़े एक नीले सफेद रंग के स्वराज ट्रेक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 07 एबी 8895 है, को अज्ञात चोर चुराकर ले गए हैं। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना रिठौराकलां पर अज्ञात आरोपीगण के विरूद्ध धारा 303 (3) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये थाना प्रभारी रिठौराकलां द्वारा सायबर सेल के माध्यम से तकनीकी सहायता प्राप्त की गई।

### राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

# आयरन लेडी एवं वीरांगना की जयंती मनाकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मंगलवार की सुबह जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने भीमराव अंबेडकर स्टेडियम सिंगल बस्ती में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी आयरन लेडी एवं महारानी वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती मनाते हुए विजयपुर उपचुनाव में की गई लोकतंत्र की हत्या के विरोध में धरना प्रदर्शन किया तथा नारीवादी करते हुए राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मधुराज तोमर व शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं समस्त कांग्रेस



कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंद्रा गांधी और महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनको याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में विजयपुर विधानसभा के संपन्न हुए उपचुनाव में मतदान के दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं असामाजिक तत्वों ने मिलकर अनुचित कार्य करते हुए मतदान को प्रभावित करने के साथ-साथ हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया तथा रात में गोहटा गांव में बदमाशों ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ की तथा उनकी फसलों में आग लगाकर नुकसान पहुंचाया गया। गांव में स्थापित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति को भी तोड़कर खंडित कर दिया। गोहटा गांव में आतंक के कारण भय का वातावरण इस तरह निर्मित हो गया था कि ग्रामीणजन अपनी शिकायत लेकर थाने तक जाने में डर रहे थे और वे थाने भी नहीं पहुंच सके एवं लोकतंत्र की हत्या कर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को वोट डालने से रोका गया, जो कि निश्चित ही चिंताजनक होने के साथ-साथ निंदनीय है।

# रिटायर्ड आर्मी जवान के घर का ताला तोड़कर एक लाख की चोरी

सत्ता सुधार ■ मुरैना



सिटी कोतवाली के अंतर्गत शिव शक्ति विहार कॉलोनी कृष्णा पब्लिक स्कूल वाली गली में स्थित रिटायर्ड आर्मी जवान के मकान का ताला तोड़कर बीती रात्रि अज्ञात चोर एक लाख रुपए का माल समेट कर ले गए। पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर जांच पड़ताल की गई है और मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिटायर्ड आर्मी मेन नीरज तोमर पुत्र महिपाल सिंह तोमर निवासी शिव शक्ति बिहार कॉलोनी कृष्णा पब्लिक स्कूल वाली गली वर्तमान में चेन्नई में दूसरी नौकरी कर रहा है और सोमवार को नीरज का परिवार घर का ताला डालकर डॉक्टर के पास ग्वालियर गया हुआ था। इसी बीच देर रात्रि को अज्ञात चोर मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए और अलमारी तोड़कर ढाई सौ ग्राम चांदी, सोने के कुछ आभूषण एवं नगदी रुपए कुल कीमत एक लाख चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह घर पहुंचने पर परिजनों को ताला टूटा मिला। इसके बाद घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की।

## ब्रीफ न्यूज

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने पान मसाला थोक एजेंसी का किया औचक निरीक्षण



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुए जबलपुर रोड, आम चौपरा स्थित ए.आर. सेल्स से राजश्री पान मसाला के नमूनें जांच हेतु लिए, जिनको गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। उक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। ए.आर. सेल्स के पास राजश्री पान मसाला की थोक विक्रय एजेंसी है। परिसर में मौके पर फूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई। एजेंसी संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के विभिन्न नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। मौके पर पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन, कार्यरत कर्मचारियों के वार्षिक मेडिकल सर्टिफिकेट एवं फोस्टैक ट्रेनिंग प्राप्त करने के निर्देश एजेंसी संचालक को दिए गए।

### नपा टिमरनी के क्रियानवयन पर न्यायालय ने लगाई रोक - जायसवाल

**हरदा।** शहर टिमरनी के फल एवं सब्जी विक्रेता तथा अन्य दुकानदार जो रहटगांव रोड पर सड़क किनारे व्यवसाय करते है। पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने बताया कि उन्हें नगर परिषद टिमरनी द्वारा 1



लाख रुपये जमा करने तथा 1100/ रुपये प्रति माह किराये हेतु नोटिस जारी किया गया था। जिसमें परिषद 147 संकल्प 31जूलाई का उल्लेख किया गया। उक्त सूचना पत्र एवं प्रस्ताव के विरुद्ध कलेक्टर न्यायालय में पीड़ितों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश टांक ने न्यायालय के समक्ष गरीब दुकानदारों का पक्ष रखते हुए वसूली रोकने की मांग की गई। जिस पर माननीय न्यायालय ने राहत देते हुए परिषद के पारित संकल्प पर आगामी आदेश तक रोक लगाई है।


यातायात नियमों का उल्लंघन रोकने चेकिंग पाईंट तय
मोडिफाइड साइलेंसर बना सर दर्द

सत्ता सुधार की खबर पर चला विशेष अभियान

खबर का असर

# बुलडोजर से नष्ट किये गये 35 साइलेंसर

सत्ता सुधार ■ हरदा

यातायात नियमों के हो रहे उल्लंघन और आमजन बुजूर्गों आदि को हो रही परेशानी को देखते हुए बुलेट में इस्तेमाल किये जा रहे मोडिफाइड सायलेंसरों को निकाल कर उसे बुलडोजर से चौराहे पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही का लोगों में अच्छा मैसेज जायेगा और निकट भविष्य में मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग बंद हो जायेगा। अभी तक अभियान चलाकर 35 मोडिफाइड साइलेंसर को जप्त कर नष्ट किया जा चुका है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

**सत्ता सुधार ने उठाया मुद्दा :** जनहित के इस ज्वलंत मुद्दे को सत्ता सुधार ने प्राथमिकता और प्रमुखता से उठाया जिसको संज्ञान में लेते हुए पुलिस



अधीक्षक अभिनव चौकसे के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी संदीप सुनेश ने अभियान चलाकर कार्यवाही की। पटाके की आवाज वाले साइलेंसर आमजन, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों और छोटे बच्चों के लिए सर दर्द बन गये थे। देर रात तक इसका उपयोग करने से लोगों की चैन की नींद गायब हो जाती थी। बच्चे रोने लगते थे भयभीत हो जाते थे। इसके विरुद्ध आवाज उठाई गई। सत्ता सुधार ने प्रभावितों की आवाज को जिम्मेदार जवाबदेह अधिकारियों तक पहुंचाया जिसको संज्ञान में लेते हुए विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की और सायलेंसर को जप्त कर लिया।

**शिकायत कर किया विरोध :** बुजुर्गों, बच्चों, बीमार व्यक्तियों की परेशानी और ध्वनि प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए इसकी शिकायत जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से की गई जिसको गंभीरता से लेते हुए मोडिफाइड सायलेंसर को पकड़ो के लिए अभियान चलाया गया है।

**बायपास चौराहे पर नष्ट किये गये सायलेंसर :** विशेष अभियान चलाकर बुलेट में मॉडिफाइड साइलेंसरों को निकाल कर चालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई। दो माह के भीतर 35 साइलेंसरों को जप्त किया गया। जिसे बायपास चौराहे पर बुलडोजर से नष्ट किया गया, ताकि साइलेंसर का दोबारा उपयोग न किया जा सके। जिसका सकारात्मक परिणाम सामने है। इस संबंध में समझाईस भी दी जा रही ध्वनि प्रदूषण से हो रही परेशानी से अवगत नैतिक और कानूनी दृष्टिकोंण से अनुचित बताकर साइलेंसर नहीं उपयोग करने की सजा दी जा रही है।

**विशेष अभियान में सराहनीय योगदान :** सायलेंसर के दुरूपयोग को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाकर साइलेंसर जप्त किया जा रहा है। थाना प्रभारी यातायात श्री सुनेश के अलावा सउनि बसंत चौधरी, प्रआरद्वय महेश शर्मा,अनूप कामले, आरद्वय अभिषेक,पंकज, ललित, सैनिक महेन्द्र आदि की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस उप अधिक्षक सुनील लाटा सहित उक्त समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सायलेंसर नष्ट करने की कार्यवाही बुलडोजर से की गई। सुनील लाटा ने बताया कि सायलेंसर से ध्वनि प्रदूषण हो रहा था। जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा था। यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा था जिसके मद्देनंजर कानून व्यवस्था शांति बनाये रखने में यह कार्यवाही की गई है।

# भारतीय संस्कृति और इतिहास बहुत महान है, जरूरत है अपने इतिहास को जानने की : राज्यमंत्री लोधी

## नोहटा में विश्व धरोहर सप्ताह का हुआ शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ दमोह

आधुनिक युग में जगदीश चंद्रबसु ने कहा था कि पौधों में जीवन है, वह कहते हैं कि यह बात हजारों साल पहले हमारे पूर्वजों ने कही थी, हजारों साल पहले हमारे पूर्वजों ने गंगा के तट पर बैठकर कहा था की वृक्षों में जीवन होता है, पौधे बीमार होते हैं, यह बूढ़े होते हैं और मरते भी हैं, यह सारी बातें हमारी भारतीय संस्कृति में देखने को मिलती हैं। कहने का तात्पर्य है कि हमारी भारतीय संस्कृति बहुत महान है, हमारा इतिहास बहुत महान है, जरूरत है अपने इतिहास को जानने की, उस इतिहास पर गौरव करने की। पुरातत्व विभाग के माध्यम से विश्व धरोहर सप्ताह हम मना रहे हैं, एक सप्ताह यह कार्यक्रम चलेगा, इसका पूरा लाभ उठाएं, अपनी संस्कृति को जाने, अपने पूर्वजों को जाने अपने गौरवशाली अतीत को जाने। इस आशय के विचार आज प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक, न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने नोहटा में 19 से 25 नवम्बर तक मनाये जा रहे विश्व धरोहर सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये।

संस्कृति राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा पुरातत्व धरोहरों के संरक्षण के लिए सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। जिससे इस पीढ़ी को हमारे पुरातात्विक इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी, हम अपने पूर्वजों के बारे में भी जानेंगे, पुरातत्व में जो हमारी धरोहर है, उनको संरक्षित करने का बहुत अच्छा काम है, विद्यार्थियों को अपने पुरातात्विक इतिहास के बारे में जानकारी देने के लिए बहुत ही अच्छा कार्य भारत सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि 2047 तक हम अपने भारत देश को विकसित देश की श्रेणी में लाकर खड़ा करेंगे, भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने का काम करेंगे, भारत को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाएंगे। यह संकल्प लेकर काम कर रहे हैं उसके लिए आप सभी विद्यार्थियों की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाले समय में आप सभी लोग इस देश के जिम्मेदार नागरिक होंगे, तो निश्चित रूप से अपनी संस्कृति को, अपने पुरातात्विक इतिहास को आगे ले जाने का काम हम सभी लोग करेंगे।

इस अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा भारतीय पुरातात्विक विभाग द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह मनाया जा रहा है, यह निश्चित ही भारत सरकार की बहुत अच्छी पहल है, जो आने वाले समय में



हमारे युवाओं को, बच्चों को पुराने समय से जोड़ेगी, जो हमने अपनी पूर्वजों की धरोहर संरक्षित की हैं, उसके बारे में वे जानेंगे तो निश्चित ही गौरवान्वित महसूस करेंगे। एक सप्ताह का कार्यक्रम यहां लगा हुआ है, यहां आयें और हमारे बुंदेलखंड की पुरातन सनातनी परंपराओं के बारे में जानें, जब आप आकर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तो अपने आप को गौरांवित महसूस करेंगे।

सांसद श्री सिंह ने कहा ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल यह है कि हमें पता होना चाहिए की सबसे पुरानी संस्कृति, सबसे पुरानी सभ्यता इस पूरे विश्व में भारत की है, हमें इसे जानने की जरूरत है। यह आयोजन पूरा एक हफ्ता चलेगा केवल इस बात को जगाने के लिए कि आपने जिस भूमि में जन्म लिया है, चाहे वह बुंदेलखंड हो, बघेलखंड हो यहां की हर जगह की अपनी अपनी कहानी है, अपनी-अपनी कथाएं हैं, हम उन्हें जाने इस क्रम में केंद्र सरकार निरंतर काम करती है। उन्होंने कहा मोदी जी जब विदेश जाते हैं, तब वह इस बात का ध्यान रखते हैं, कि जब कभी बड़े-बड़े ऑडिटोरियम में, बड़ी-बड़ी सभाओं में उन्हें बोलने का मौका मिलता है, तो निश्चित ही वे भारत की संस्कृति को लेकर अवश्य बात करते हैं। शुरुआत में मोदी जी ने योग की ब्रांडिंग पूरे विश्व में की थी, तो लोगों ने इस बात को एक्सेप्ट नहीं किया था की क्या विश्व स्तर पर योग पहुंच पाएगा, लेकिन आज केंद्र सरकार की पहल पर योग दिवस के रूप में एक दिन मनाया जाता है, विदेश में भी योग पूर्ण रूप से स्वीकारा गया है।

इस अवसर पर गौरव पटेल ने कहा नोहटा के नोहलेश्वर मंदिर में सात दिवस के कार्यक्रम भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जबलपुर मंडल जबलपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। हमारी भारतीय संस्कृति एक बहु आयामी सभ्यता है, जिसका बहुत लंबा और सुनहरा इतिहास है, इसे संरक्षित और संवारने का काम हमें करना है। उन्होंने कहा यदि हम इतिहास को सहेज कर और संकलित कर नहीं रखेंगे तो आने वाली पीढ़ी धीरे-धीरे इसको विस्मृत कर देगी।

क्षेत्रीय निदेशक मध्य क्षेत्र भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण डॉ. भुवन विक्रम सिंह ने कहा मध्य प्रदेश भारत का हृदय प्रदेश है और बुंदेलखंड संस्कृतिक रूप से इतना उन्नत है, विस्तृत है कि यहां पर हमारे इतिहास के हर कालखंड का प्रतिनिधित्व है, वह चाहे प्रागैतिहासिक मानव के अवशेष हो, उनकी कलाकृतियां हो, भीमबेटिका, आजमगढ़ और तमाम ऐसे क्षेत्र के माध्यम से हमारे सामने पेश है। उनके बाद के कालों के भी अवशेष हमारे पास है, मंदिरों के स्थापत्य की जो एक बड़ी धरोहर है वह हमारे पास है, लेकिन हमारा दायित्व है कि हम इसे संरक्षण प्रदान करें। अधीक्षण पुरातत्वविद् जबलपुर मण्डल जबलपुर डॉ शिवाकान्त बाजपेयी ने कहा ऐसी पुरातात्विक धरोहर जो हजारों साल से सुरक्षित है, हम लोग आगे भी इन्हें सुरक्षित रखें यह हम सभी को प्रयास करना चाहिए क्योंकि यह संपत्ति हम सभी की है।

### रोजगार-स्वरोजगार अप्रेंटिस मेला का हुआ आयोजन



**दमोह।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दमोह में रोजगार - स्वरोजगार अप्रेंटिस मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल द्वारा सरस्वती पूजन एवं द्वीप प्रज्जवलन कर मेला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अभिषेक तिवारी एवं जिला रोजगार अधिकारी एलपी लडिया द्वारा रोजगार मेले के उद्देश्य की जानकारी दी गई। तत्पश्चात् जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा मेले में उपस्थित रोजगार हेतु आए हुए युवक - युवतियों को संबोधित किया गया। उन्होंने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के चौमुखी विकास हेतु हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का भ्रमण कराया गया एवं संस्था में संचालित समस्त व्यवसायों की जानकारी दी गई। साथ ही संस्था में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रशिक्षण केंद्र की जानकारी भी दी गई। मेले में 11 कंपनियां सम्मिलित हुई हैं जिनके द्वारा पांचवीं से स्नातक तथा आईटीआई के युवक-युवतियों हेतु रोजगार के अवसर प्रदान कर प्रारंभिक चयन किया गया।

# लोकतंत्र हत्या और दलित पर अत्याचार के विरोध में है धरना प्रदर्शन: जिलाध्यक्ष पटेल



सत्ता सुधार ■ हरदा

जिला कांग्रेस कमेटी ने विजयपुर और बुधनी उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या और दलित समाज पर किए गए अत्याचारों के विरोध में मंगलवार को अम्बेडकर चौराहे पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

ओम पटेल जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष किया गया। जहां कांग्रेस कार्यकताओं और सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर भाजपा के तानाशाही रवैये और असंवैधानिक हरकतों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। श्री पटेल ने कहा कि इस उपचुनाव में लोकतंत्र की हत्या का जो घिनौना कृत्य किया है, वह न केवल हमारे संवैधानिक मूल्यों पर हमला है,अपितु दलित समाज के सम्मान और अधिकारों को भी चोट पहुंचाने वाला है। डॉ. अंबेडकर जो भारतीय संविधान के निर्माता हैं, उनकी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करना और दलित समाज पर हिंसा करना अत्यंत निंदनीय है। पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार ने कहा कि भाजपा की ऐसी हरकतें बताती हैं कि उन्हें लोकतंत्र और संविधान में कोई विश्वास नहीं है। यह पार्टी संविधान विरोधी पार्टी हैं। ब्लॉक कांग्रेसाध्यक्ष गोविंद व्यास ने कहा कि हम मांग करते हैं कि इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को शीघ्र सजा दी जाये। हरदा जिला कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया कि भाजपा के इन कृत्यों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा, और कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हर स्तर पर काम करेगी।

इस विरोध प्रदर्शन में रामचरण शिंदे, आमिर पटेल, इकबाल अहमद, दीपक वशिष्ठ, गंगाराम गुर्जर, बी.के.दीक्षित, चौरसिया सर, मदन राजपूत, महेंद्र मौर्य, कुँवर मंजीत सिंह, विनोद पटेल, कैलाश चतुर्वेदी, सुरेन्द्र सराफ हरदा जनपद उपाध्यक्ष गौरी शर्मा, टिमरनी जनपद उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, ओमप्रकाश मिश्रा, पार्षद मुकेश पाराशर आदि ने भाग लिया।

# प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद 70 वर्ष से अधिक बुज़ुर्गों के बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड

12 नवंबर से शुरू इस योजना अंतर्गत खंडवा जिले में 18 नवंबर तक 1160 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं

सत्ता सुधार ■ खंडवा

आर्थिक परेशानी के चलते कई मरीज अपनी बड़ी बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते थे, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में पहली बार गारंटी के रूप में 5 लाख रुपए की राशि का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की घोषणा की गई, जिसके फल स्वरुप कई गरीब लोगों की बड़ी से बड़ी बीमारी के इलाज भी इस कार्ड के माध्यम से निशुल्क संपन्न हुए, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास के साथ देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी कार्य कर रहे हैं आदिवासी, गरीब, किसानों के लिए जहां कई प्रकार की योजनाएं शुरू की गई है, श।वही आयुष्मान कार्ड धारी हितग्राही को ?5लाख तक का शासकीय अस्पताल के साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीज का निशुल्क इलाज अब



संभव हो रहा है, अभी तक इस योजना के अंतर्गत 65 वर्ष तक के लोगों के कार्ड बनाए गए थे, लेकिन विगत दिनों देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अच्छी सोच के साथ 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने की घोषणा की जिसमें कोई भेदभाव नहीं गरीब से लेकर अमीर तक के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया मोदी जी के आदेश के बाद शुरू हो चुकी है, अब 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग भी आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ?5लाख तक का अपना इलाज निशुल्क करा सकेंगे, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 12 नवंबर से शुरू इस योजना के अंतर्गत खंडवा जिले में 18 नवंबर तक 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के 1160 आयुष्मान कार्ड बना दिए गए हैं, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया लगातार चल रही है, जिला अस्पताल में भी काउंटर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, खंडवा जिला अस्पताल के डॉ अनिरुद्ध कौशल ने सभी 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के परिजनों से अनुरोध किया है कि आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया चल रही है अपने-अपने नजदीकी केंद्र पर जाकर आयुष्मान कार्ड आधार कार्ड ले जाकर बनवा सकते हैं, मोबाइल के माध्यम से भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है,सोमवार को जिला अस्पताल में काउंटर पर 35 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, इस अवसर पर डॉक्टर कौशल के साथ ही समाजसेवी एवं रोगी का कल्याण समिति के पूर्व सदस्य सुनील जैन, श्रीमती नीता जोसेफ एल.एच.वी, रेणुका चौकड़े, उमा केथवास डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा काउंटर पर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे ने सभी 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों एवं उनके परिजनों से अनुरोध किया कि

**जयंती** उपचुनाव में भाजपा द्वारा लोकतंत्र की हत्या के विरोध में अंबेडकर जी प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

# आयरन लेडी इंदिरा गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेसजनों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित

सत्ता सुधार ■ खंडवा

भारत की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी के नाम से प्रसिद्ध देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी की जयंती कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में मनाई गई उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला।बता दें कि इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर, 1917 को प्रयागराज में हुआ था।

श्री मिश्रा ने कहा इंदिरा गांधी ÷सशक्त एवं प्रगतिशील भारत के निर्माण में अपनी दक्षता, दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व, अद्वितीय कार्यशैली एवं दूरदर्शिता से भारत निर्माण में अग्रणी योगदान देने वाली भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और हमारी आदर्श थी, इंदिरा गांधी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

उसके पश्चात मध्यप्रदेश में हो रहे आदिवासियों के अत्याचार और बाबा साहब की प्रतिमा खंडित करने के विरोध में जिला अस्पताल के सामने स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के समक्ष पहुचकर माल्यार्पण कर धरना प्रदर्शन के द्वारा विरोध प्रकट कर महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार महेश सिंह सोलंकी को ज्ञापन सोपा गया,ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि मध्यप्रदेश में विजयपुर विधानसभा का उपचुनाव का मतदान 13 नवंबर 2024 को संपन्न हुआ, उक्त मतदान के दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं असामाजिक तत्वों ने मिलकर अनुचित कार्य करते हुए मतदान को प्रभावित करने के साथ-साथ हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया तथा रात में गोहटा गाव में बदमाशों ने दलित बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ की तथा घरों में आगजनी की, उनकी फसलों में आग लगाकर नुकसान पहुंचाया गया एवं गांव में स्थापित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को भी तोड़कर खंडित कर दिया। गोहटा गांव में आतंक के कारण भय का वातावरण इस तरह निर्मित हो गया था कि ग्रामीणजन अपनी शिकायत लेकर थाने तक जाने में डर रहे थे और वे थाने भी नहीं पहुंच सके।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि महामहिम राज्यपाल से ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि उपरोक्त



आतंक का तांडव विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी तथा वन मंत्री श्री रामनिवास रावल के पक्ष में मतदान न होना मुख्य कारण है। क्योंकि आदिवासी अंचल एवं जाटव समाज के लोगों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में खुलकर प्रचार प्रचार नहीं किया, उनके अनुरूप कार्य नहीं किया यहां तक की क्षेत्र में चर्चा व्याप्त रही कि उक्त समुदाय एवं द्वारा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान किया गया है। इसलिए गुंडों बदमाशों को भेज कर गोहटा गांव में आतंक फैलाया गया, घरों में तोड़ तोड़फोड़ की गई, फसली फूंक दी गई तथा बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित कर दिया गया है जो कि निश्चित ही चिंताजनक होने के साथ-साथ निंदनीय है।

महामिहम से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से उपरोक्त ज्ञापन के माध्यम से निवेदन करते हुए मांग की गई कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के गोहटा गांव में हुए उपचुनाव के मतदान दिनांक 13.11.24 के दौरान हिंसक गतिविधियों एवं बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने वालों के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक कार्यवाही की करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जावे लथा गोहटा गांव के निवासियों को उचित पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जावे तथा मध्यप्रदेश शासन को आगाह किया जावे कि प्रदेश में इस तरह की घटनाओं की पुर्नवृत्ति ना हो जिससे कि दलित वर्ग सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके हो जो कि न्यायोचित होगा।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ,शांतनु दीक्षित, कुंदन मालवीय, अमरेश पांडे, हुकुम मेलुंदे, अजीज मदनी, देवेंद्र जैन , मोईज खान, बबलू खान, रितेश मेलुंदे ,अबरार खान, शब्बीर कादरी ,अब्दुल कादिर, शहजाद पवार ,वहीद मंसूरी ,नासिर खान,, वकील नीलकंठ, शैलेश पालीवाल, अवेश खान, दिलीप भारती, राजू वडूर,सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष वामन राव जाधव आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन शांतनु दीक्षित ने किया एवं आभार हुकुम मेलुन्दे ने माना।




## नरवा ग्राम की घटना में 5 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**शाहगढ़/सागर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नरवा ग्राम में विगत माह हुई जानलेवा हमले की घटना के आरोपियों पर पुलिस ने इनाम घोषित कर दिया है।गौरतलब है कि 15 अक्टूबर की दरम्यानी रात्रि नरवा ग्राम में फसल की रखवाली करने के उद्देश्य से अपने गंज वाले खेत पर सो रहे नरवा निवासी सोने राजा परमार पर कुल्हाड़ी से हमला कर मारपीट की गई थी जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे जिसका मामला थाना शाहगढ़ में नामजद आरोपियों के खिलाफ पंजीबद्ध किया गया था एवं आरोपियों की तलाश उसी दिन से पुलिस ने शुरू कर दी थी।शाहगढ़ थाना से थाना प्रभारी संदीप खरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना शाहगढ़ में अपराध क्रमांक 145/2024 धारा 109,226(2),296, 351(2),3(5) भारतीय न्याय सहिंता के अंतर्गत नामजद आरोपियों के खिलाफ 15 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया था तभी से घटना को अंजाम देने वाले आरोपी कुलदीप बुंदेला,हरदेव बुंदेला,भूपेंद्र बुंदेला,रविन्द्र बुंदेला एवं संदीप बुंदेला फरार है।आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किया गया लेकिन आज दिनांक तक आरोपियों की गिरफ्तारी नही हुई जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक सागर विकास कुमार शाहवाल ने नियमानुसार उक्त आरोपियों पर दो दो हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

# दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील कलेक्टर,कलेक्ट्रेट में होने वाली जनसुनवाई भी अब है दिव्यांग फ्रेंडली

### शासकीय कार्यालय, अन्य सार्वजनिक स्थानों को दिव्यांग फ्रेंडली बनाने के निर्देश वे पहले ही दे चुके





**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. दिव्यांग भाई बहनों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं। उनकी कार्यशैली भी इस बात की ओर इंगित करती है। शासकीय कार्यालय, अन्य सार्वजनिक स्थानों को दिव्यांग फ्रेंडली बनाने के निर्देश वे पहले ही दे चुके हैं। अब जनसुनवाई स्थल, यानी कलेक्ट्रेट में भी दिव्यांग भाई बहनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जनसुनवाई स्थल पर किसी दिव्यांग के पहुंचने पर उन्हें सुलभ स्थान पर व्हीलचेयर उपलब्ध है साथ ही सहायक के साथ उन्हें एक पृथक कक्ष तक ले जाया जाता है।कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जनसुनवाई में आने वाले दिव्यांग भाई बहनों के लिए एक अलग कक्ष बनाया गया है, जहां कलेक्टर स्वयं पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं तथा संबंधित अधिकारी/ विभाग को तत्काल उस पर कार्यवाही करने के निर्देश देते हैं। इसके साथ ही वे इन प्रकरणों तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को समय सीमा के रूप में मार्क भी करते हैं, जिससे कि संबंधित का प्रकरण समय सीमा के अंदर शीघ्र हल किया जा सके। मंगलवार को भी करीब 11 विभिन्न दिव्यांग व्यक्ति जनसुनवाई स्थल पहुंचे।

#### दिव्यांग बच्चे का हाथों-हाथ बनवाया आधार कार्ड

कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर अब जनसुनवाई स्थल पर भी आधार कार्ड बन सकेंगे। अगले मंगलवार से यह सुविधा शुरू की जा रही है। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि प्रायः जनसुनवाई स्थल पर आधार से संबंधित शिकायतों को लेकर कई व्यक्ति आते हैं, जिनकी समस्या हल करने के लिए मौके पर ही अब टीम मौजूद रहेगी जो समस्या हल करने के साथ-साथ नए आधार बनाने का भी कार्य करेगी। कलेक्टर संदीप जी आर के समक्ष आज मंगलवार को भी ऐसा ही एक प्रकरण सामने आया जिसमें एक दिव्यांग बच्चे का आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था, जिस पर कलेक्टर संदीप जी आर ने मौके पर ही आधार कार्ड बनवाया और हाथों-हाथ उसे एनरोलमेंट नंबर के साथ आधार पर्ची सौंपी।बता दें कि कलेक्टर के निर्देश पर कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में सभी योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जा रहा है।



## आज देश में एक से बढ़कर एक प्रतिभा मौजूद है बस उसे निखारने की आवश्यकताः अशोक ध्यानचंद

### निर्मल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक खेल महोत्सव

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

यह बच्चे देश का भविष्य है जिस तरह बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभाओं का परिचय दिया वह वास्तव में प्रशंसनीय है आज देश में एक से बढ़कर एक प्रतिभा मौजूद है बस उसे निखारने की आवश्यकता है। मैं निर्मल ज्योति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ को बधाई देता हूं जिन्होंने पूरे कार्यक्रम में जिवीटता प्रदान की। यह बात निर्मल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद ने कहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सिस्टर अंजलि प्रिंसिपल सिस्टर थेरेसा, 22 प्रिंसिपल सिस्टर फ्लोरेंट के साथ आफ टी कमल सिंह एवं पूर्व की खिलाड़ी गोपाल सेन ने विजेता खिलाड़ियों वी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को मेडल पहनकर पुरस्कार किया खेलों के बीच नृत्य नृत्य संगीत योगा कराटे, एरोबिक्स इत्यादि अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई कार्यक्रम का विशेष आकर्षण परेड रही। विशिष्ट प्रशंसनीय टीचर एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा एंकरिंग ने सभी का दिल छू लिया साथ ही कार्यक्रम को एक ऐसा आरक्षण का केंद्र बनाया जैसे किसी बड़े स्टेडियम में बैठकर अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को देखकर समय-समय पर तालियां बजा कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वरदान किया।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगनी महारानी रानी लक्ष्मी बाई की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की

**बीना/सागर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगनी महारानी रानी लक्ष्मी बाई एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की।इसअवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव ने स्वतंत्रता सेनानी महारानी लक्ष्मीबाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा दोनों मातृशक्ति देश की शान है। पूर्व प्रधानमंत्री ने देश को एक नई दिशा और दशा प्रदान की उन्होंने विश्व में भारत का नाम रोशन किया।

## अपने घट में ईश्वर को प्राप्त करना ही मानव जीवन का लक्ष्य हैः साध्वी सखी भारती

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

दिव्यज्योति जाग्रति संस्थान दिल्ली शाखा भोपाल द्वारा आयोजित तृतीय दिवस की कथा में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री साध्वी भारती ने अपने श्रीमुखसे शिवजी की महिमा का व्याख्यान किया उन्होंने बताया शिवजी से कोई मनोकामना है,तो हम नंदी के कानों में कह देते हैं तो वह कोई मनोकामनाएं शिवजी तक पहुंच जाती है आगे उन्होंने बताया जब दुख जीवन? में आते है तब ही भगवन और भक्ति याद आती है उन्होंने इशारा किया 84 लाख योनियों के वाद? ये जीवन मिलता है जिसमे ईश्वर की साधना आरधना करके जीवन को सफल बनाना चाहिये लेकिन मानव दुनिया के



माया को सम्हालने में शरीर को सजाने में, व्यतीत कर देता है ÷भक्ति हीन कैसैब सोवत ऐसे, लवण विना सब व्यंजन जैसे÷ भक्ति के बिना मनुष्य उस भोजन जैसा है जिसमे सबकुछ तो है पर नमक नहीं है। गुरुवहिन शिवानी जीने सुमधुर संगीतमय भजनों को सुनाकर श्रोताओ को मंन्त्रमुग्ध कर दिया दीप प्रज्वलन की रश्मि वीना माँ मोतीचूर पर्यावरण संरक्षण समीति ने अदाकी, बीना नगर के गणमान्य नागरिको ने शिरकत की, राजेन्द्र सिह, बजभान सिह ठा. मनोज श्रीवास्तव शिक्षक, और अनेक श्रद्धालुओं मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का हुआ आयोजन

सत्ता सुधार ■ देवरी/सागर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में दिनांक 19 नवम्बर 2024 को भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत् निबंध, भाषण एवं पोस्टर ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा का इतिहास काफी प्राचीन है आज की नई युवा पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परम्परा से अवगत होना चाहिए यही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जी.आर. चौहान ने कहा कि ज्ञान के क्षेत्र में पूर्णता किसी को प्राप्त नहीं है। भारतीय ज्ञान परम्परा पर वर्तमान सरकार बहुत जोर दे रही है आवश्यकता है हमें इसके महत्व को समझने की। कार्यक्रम की सह प्रभारी डॉ. अनामिका पाठक ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान



परम्परा के माध्यम से जो प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं उनकी आवश्यकता एवं उनका उद्देश्य क्या है? दो दिवसीय आयोजन की सम्पूर्ण रूप रेखा विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। प्रथम दिवस में निबंध प्रतियोगिता में कु रजनी यादव ने प्रथम स्थान, कु. अंजना यादव ने द्वितीय एवं कु. गोमती काछी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भाषण प्रतियोगिता में अभिषेक राजपूत ने प्रथम, कु. रजनी यादव ने द्वितीय एवं राजेन्द्र कुर्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सत्र की अंतिम प्रतियोगिता पोस्टर निर्माण में कु. राजमणी लोधी ने प्रथम, कु. सौम्या अंसारी ने द्वितीय एवं कु. जागृति लोधी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष जैन एवं आभार डॉ. मनोज मिश्रा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**हादसा**

### बीना में दुर्घटना में चार लोगों की मौत

# बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 2 की मौके पर मौत

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

बीना के बेलई तिराहा के पास सोमवार रात को अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक को गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया है। बाइक सवार तीनों युवक खिमलासा से मजदूरी करके बीना लौट रहे थे।अज्ञात वाहन ने मारी बाइक सवारों को टक्कर जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार अनुराग पिता बालकिशन कुशवाहा (20) निवासी हड़कल पार, रोहित लोधी (24) निवासी मेवली और हर्षित पिता देवेंद्र कुशवाहा (19) निवासी बरदौरा, जो खिमलासा से बीना आ रहे थे, बेलई तिराहा के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना में अनुराग और रोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हर्षित के सिर में गंभीर चोटें



आई।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 100 की मदद से घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, मृतकों के शव को सिविल अस्पताल के मर्चुरी में रखा गया, मंगलवार को पोस्टमार्टम किया गया।घायल हर्षित को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अनूप यादव भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है।

#### शव वाहन के ड्राइवर को भी टक्कर

घटना में मृतकों के शव को लेने के लिए शव वाहन ड्राइवर वीरेन्द्र तिवारी गए थे, और जैसे ही वे शव को उठाकर वाहन में रख रहे थे, उसी समय अज्ञात वाहन ने उन्हें भी टक्कर मार दी। इससे उनके हाथ में गंभीर चोटें आई। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

#### मामले की जांच की जाएगी

#### 36 घंटे में बीना के चार लोगों की दुर्घटना में मौत

बीना के प्रताप वार्ड में रहने वाले दो नाबालिग लड़कों की मालथौन थाने के अंडेला के पास नदी के पुल में गिरने से हुई मौत का मामला अभी लोग भूल भी नहीं पाए थे कि उसी बीना-मालथौन रोड पर 36 घंटे के बाद सोमवार रात को बीना के दो युवकों की मौत का मामला सामने आया। इन 36 घंटों में बीना के दो नाबालिगों सहित कुल चार लोगों की मौत हो गई, जिससे शहर में मातम पसर गया है।

बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि घटना में दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य युवक घायल है। घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की जा रही है कि यह घटना किस वजह से हुई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है, फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है।

## वार्ड पार्षद के साथ नगर पालिका अध्यक्ष ने किया पाठक वार्ड का दौरा

**बीना(सागर)।** बीना नगरपलिका अध्यक्ष लता सकवार ने सोमवार को पाठक वार्ड पार्षद प्रकाश बजाज के साथ पाठक वार्ड का दोरा किया ज़िसमे वार्ड पार्षद प्रकाश बजाज ने वार्ड की विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया। ज़िसमे उन्होंने पुराने पंजाब बैक हनुमान मन्दिर के बाजू से बनने वाले नाले ज़िसकी लगात 68.78 लाख रूपये प्रसतवित है।अध्यक्ष लता सकवार ने कहा शीघ्र नाले का निर्माण कार्य किया जावेगा में बीना के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं।उन्होंने बताया कि शीघ्र कच्चे रोड का नाम मां जागेश्वरी मार्ग के नाम के साथ ही दोनों छोरों पर द्वारों का निर्माण किया जावेगा।इससे पहले सदैव वार्ड के विकास के लिए कार्य करने वालें वार्ड पार्षद प्रकाश बजाज ने कहा कि नाले का जो निर्माण होगा वह प्रशासन की निगरानी मे बने ।साथ ही उन्होंने बताया कि कच्चे रोड का नाम मां जागेशवारी मार्ग प्रस्ताव था। आज से 2 वर्ष पहले सर्वसहमति प्रस्ताव पास हुआ था ज़िसमे कच्चे रोड का नाम मां जागेशवरी मार्ग ओर रोड के दोनो तरफ मां जागेशवरी द्वार बनाने के लिये तत्काल प्रभाव से अधिकारियो को तुरत कार्य करने के आदेश दिये ओर वार्ड मे मुख्य रोड ओर वार्ड मे रोड बनाने के लिये तत्काल कहा ओर वार्ड मे बदहाल सफाई विवस्था पर तुरत कार्यवाही की मांग की।इस मोके पर विशेष रूप से पूर्व पार्षद सुनीता राय नवीन साहू प्रहलाद यादव सफाई शाखा प्रभारी मनोज नामदेव विधुत शाखा से नन्दकिशोर अहिवार, कपीस विशकर्मा विजय आदि के अलावा अनेक वार्ड वासी मौजूद थे।

दिल्ली की तरह आगरा शहर में भी वायु प्रदूषण को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। क्योंकि प्रदूषण का स्तर बेहद गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। इस कारण खुले में सांस लेना खतरनाक हो गया है। आगरा में 48 घंटे का रेड अलर्ट जारी किया गया है। शहरभर में प्रदूषण का स्तर 24 माह में अधिकतम स्तर पर है।

# अंत्योदय से सर्वोदय, राष्ट्रीय एकता, 2025 सुशासन को होगा समर्पित

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अफसरों से बोले- कार्यक्रमों की कार्ययोजना यथाशीघ्र जारी की जाए, स्कूल-कॉलेजों में निबंध और डिबेट आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराएं

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आगामी वर्ष 2025 अत्यंत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। यह वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जाना है, तो यह लौहपुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती का भी वर्ष है। एक ओर जहां हम संविधान अंगीकार करने का अमृत महोत्सव मनाएंगे। वहीं लोकतंत्र की हत्या आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर लोगों को जागरूक भी किया जाना है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती भी इसी वर्ष मनाई जाएगी। 2025 का यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष है तो इसी वर्ष हमें जीरो पॉवर्टी का लक्ष्य भी पूरा करना है। यह पूरा वर्ष अंत्योदय से सर्वोदय, राष्ट्रीय एकता और सुशासन की परिकल्पना को समर्पित होगा। इनके दृष्टिगत पूरे वर्ष आयोजन किए जाएंगे।



### संविधान के प्रति की ली जाए शपथ

26 दिसंबर-2024 से प्रारंभ हो रहे संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष की शुरुआत पर राजधानी लखनऊ में शासन स्तर के साथ-साथ सभी सरकारी संस्थानों, विभागों, कार्यालयों, विद्यालयों, विवि में संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली जानी चाहिए। स्कूल और कॉलेजों में निबंध और डिबेट आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। संसदीय कार्य विभाग इसका नोडल विभाग होगा। पूरे वर्ष होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना यथाशीघ्र जारी कर दी जाए।

### जनजातीय संग्रहालय बनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार जनजातीय समाज की संस्कृति के संरक्षण और जनजातीय समाज के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। बलरामपुर के इमिलिया कोडर में जनजातीय संग्रहालय भी स्थापित किया गया है, जबकि दो और संग्रहालय भारत सरकार द्वारा स्थापित कराए जा रहे हैं। महाकुम्भ में भगवान बिरसा मुंडा पर और प्रदेश की जनजातीय संस्कृति, सरकार के प्रयासों पर केंद्रित विशेष गैलरी बनाया जाए।

### आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाए

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती को पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर मनाया जाना चाहिए। आक्रांताओं के कालखंड में किस प्रकार अहिल्याबाई ने भारतीय सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवन दिया, इससे नई पीढ़ी को परिचित कराया जाना चाहिए। अहिल्याबाई जी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर स्कूल कॉलेजों में निबंध, डिबेट और सेमिनार का आयोजन भी कराया जाए। लोकतंत्र की हत्या आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोगों को अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से इसकी विभीषिका से नई पीढ़ी को परिचित कराया जाना चाहिए। इस दौरान लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के सम्मेलन कराया जाना चाहिए।

## ब्रीफ न्यूज

### बाइक सवार चार छात्रों को बस ने रौंदा, तीन ने तोड़ा दम

**मथुरा।** मथुरा में मंगलवार को दर्दनाक हादसा घटित हुआ। गिर्राज महाराज कॉलेज के चार छात्रों को प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन छात्रों की मृत्यु हो गई। जबकि एक गंभीर घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर के लिए भरतपुर रेफर किया गया है। घटना मंगलवार सुबह 11:30 बजे मगोर्रा थाना क्षेत्र स्थित जाजमपट्टी पर हुई है। तीन छात्रों की एक साथ मृत्यु से परिवारों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहित तोमर ने बताया कि मंगलवार सुबह भरतपुर के रहने वाले चार छात्र एक बाइक पर कॉलेज के लिए जा रहे थे। जाजमपट्टी के समीप उन्हें प्राइवेट बस चालक ने टक्कर मार दी। इसमें भरतपुर के बयाना स्थित मनपुरिया निवासी 20 वर्षीय रितेश, चेतन, मुकुल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि रामकेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पांच हजार रूपए घूस लेते पकड़ा गया वीडीए का कर्मचारी

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण में 5000 रुपए घूस लेते संपत्ति विभाग में कार्यरत बाबू रवि शंकर को एंटी करप्शन ने पकड़ा हैं। टीम द्वारा उसे पड़कर कैंट थाने लाया गया, जहां विधिक कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि शास्त्री नगर कॉलोनी सिगरा में फ्लैट हस्तांतरण के लिए पिछले चार साल से अधिवक्ता शिवकुमार चक्कर लगा रहे थे। जिसमें कर्मचारियों ने 50,000 रुपए की मांग की थी। इसी क्रम में मंगलवार को पहली किस्त के तहत 5000 रुपए दिया गया। पैसा लेते ही टीम ने उसे रवि शंकर को दबोच लिया।

### मीरापुर में बोले औवेसी...सब लोग डटकर मतदान करें

**मीरापुर।** यूपी के मीरापुर विधानसभा उपचुनाव में वोटिंग से पहले एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने फिलिस्तीन का उदाहरण देकर मुसलमानों को हिम्मत और साहस से चुनाव में भाग लेने की प्रेरणा दी। ओवैसी ने कहा, फिलिस्तीनी 70 साल से जंग लड़ रहे हैं, गाजा में 40 हजार लोग मारे गए, 12 लाख लोग बेघर हुए, लेकिन उनके हौसले आज भी बुलंद हैं। उन्होंने कहा, हमें डरकर वोट नहीं करना चाहिए, अगर चुनावी मुकाबला करना है, तब डटकर मुकाबला करें। ओवैसी का यह बयान फिलिस्तीन की स्थिति को संदर्भित करते हुए था, जिसमें वे इजरायल के खिलाफ फिलिस्तीनियों के संघर्ष को एक प्रेरणा के रूप में पेश कर रहे थे।

### यूपी भाजपा अध्यक्ष समेत सरकार के चार मंत्रियों की दांव पर लगी प्रतिष्ठा

# कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में प्रतिष्ठा की लड़ाई वर्चस्व से

**भितरघात से जूझ रहे सपा और भाजपा के उम्मीदवार**

**अंबेडकरनगर में बसपा के गढ़ में सेंध लगाने में जुटी सपा-भाजपा**

**एजेंसी ■ मुरादाबाद**

मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में प्रतिष्ठा की लड़ाई वर्चस्व से है। कुंदरकी सीट पर सपा के वर्चस्व के इतिहास को बदलने के लिए भाजपा के लिए दस जनप्रतिनिधियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत सरकार के चार मंत्री शामिल हैं। वहीं सपा के आठ जनप्रतिनिधियों के लिए कुंदरकी सीट पर दबदबा कायम रखने की चुनौती है। उपचुनाव के नतीजे भाजपा-सपा के इन 18 जनप्रतिनिधियों की आगे की सियासी राह पर असर डाल सकते हैं। जिले में छह विधानसभा क्षेत्र (मुरादाबाद नगर, देहात, कांठ, ठाकुरद्वारा, बिलारी, कुंदरकी) हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने जिले की छह में से पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा सिर्फ मुरादाबाद नगर सीट ही बचा सकी थी। जबकि 2017 के चुनाव में भाजपा के पास दो सीटें थीं। विधायक जियाउर्रहमान बर्क के सांसद बनने पर रिक्त हुई कुंदरकी विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। इस सीट पर सपा का वर्चस्व रहा है। पिछले छह चुनावों (1996 से 2022 तक) में चार बार जीत की बाजी सपा के हाथ लगी है। जबकि दो बार बसपा विजयी रही। भूपेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी, सत्यपाल सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी, जसवंत सैनी, मंत्री, धर्मपाल सिंह, मंत्री, जेपीएस राठौर, मंत्री, गुलाब देवी, मंत्री, रितेश गुप्ता, विधायक, मुरादाबाद नगर, डॉ. शैफाली सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी, गोपाल अंजान, एमएलसी की प्रतिष्ठा दांव पर है।




### सिर्फ एक बार जीती भाजपा

इस सीट पर भाजपा सिर्फ एक बार 1993 में जीत हासिल कर पाई है। इस इतिहास को बदलने के लिए तब से अब भाजपा जीतोड़ कोशिश कर रही है। कुंदरकी सीट पर सपा का वर्चस्व तोड़कर 31 साल के जीत के सूखे को खत्म करना भाजपा की प्राथमिकता है। इसके लिए भाजपा ने अपने चार मंत्रियों को करीब दो महीने पहले की चुनाव मैदान में उतार दिया था।

### ये कर चुके प्रचार

मुरादाबाद गृह जनपद होने के कारण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी भूपेंद्र सिंह लगातार कुंदरकी पर निगाह लगाए हुए हैं। इसके अलावा जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष, एक विधायक और तीन विधान परिषद सदस्य भी भाजपा के हैं। जो पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। दूसरी ओर सपा के जनप्रतिनिधियों की फेहरिस्त भी भाजपा से कम नहीं है। जो कुंदरकी सीट पर पार्टी के वर्चस्व बरकरार रखने में लगे हैं। इसके लिए पार्टी ने आठ जनप्रतिनिधियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी है।

### चार सांसद, चार विधायकों पर दबाव

सपा ने भी उपचुनाव जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। पार्टी ने आठ जनप्रतिनिधियों को चुनाव मैदान में उतारा है। इसमें चार सांसद (एक राज्यसभा सांसद) और चार विधायक शामिल हैं। जिन पर कुंदरकी सीट पर पार्टी को लगातार चौथी पर जीत दिलाने का दबाव है। वहीं उपचुनाव में सपा जीती तो प्रत्याशी हाजी रिजवान की यह चौथी जीत होगी।

### दिल्ली-लखनऊ की सियासत

कुंदरकी विधानसभा सीट से दो जिले जुड़े हैं। यहां से दिल्ली और लखनऊ दोनों की सियासत होती है। कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र मुरादाबाद जिले में आती है, लेकिन लोकसभा क्षेत्र में जिला बदल जाता है। कुंदरकी विधानसभा सीट की लोकसभा संभल लगती है। जहां से अब डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के पोते जियाउर्रहमान बर्क सांसद हैं।

## नौ विस सीट पर उपचुनाव के लिए आज होगा मतदान

**इधर,** यूपी की नौ विस सीट पर उपचुनाव के लिए बुधवार को मतदान होगा। उपचुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद पहली चुनावी लड़ाई में कांग्रेस ने जहां उपचुनाव से खुद को बाहर रखा है और अपने सहयोगी दल सपा का समर्थन कर रही है। वहीं बसपा अपने दम पर सभी नौ सीट पर चुनाव लड़ रही है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अनुसार, बुधवार के उपचुनाव के वास्ते राज्य में 34.35 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे जिनमें 18.46 लाख से अधिक पुरुष और 15.88 लाख से अधिक महिला मतदाता शामिल हैं। शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा. उत्तर प्रदेश की जिन नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है, उनमें कटेहरी, करहल, मीरापुर, गाजियाबाद, मझवां, सीसामऊ, खैर, फूलपुर और कुंदरकी शामिल हैं। इनमें से आठ सीट मौजूदा विधायकों के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद खाली हुई हैं, जबकि सीसामऊ में मौजूदा सपा विधायक इरफान सोलंकी को आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव में कुल 90 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### अजब फरियाद लेकर पहुंचा शख्स, बोला

# साहब! मेरे घर पर चलवा दें बुलडोजर

**एजेंसी ■ शाहजहांपुर**

शाहजहांपुर के नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को संभव के तहत जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इस बीच एक फरियादी अपने ही मकान को तुड़वाने की फरियाद लेकर पहुंचा। चिनौर निवासी अतुल ध्यानी ने बताया कि उनकी दुकान के किरायेदार ने पिता से दो साल का एग्रीमेंट किया था। पिता का निधन होने के बाद एग्रीमेंट खत्म हो गया। अब वो चाहते हैं किरायेदार उनसे दुकान का एग्रीमेंट करे। लेकिन ऐसा नहीं कर रहा और कब्जा कर रखा है। उनकी मां की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दुकान खाली कराने की मांग की गई है, लेकिन भाई द्वारा फर्जी तरीके से किरायेदार के नाम बैनामा करवाया जा रहा है। उनकी मांग है कि किरायेदार को हटाया जाए। साथ ही बताया कि उनके मकान का चार फीट हिस्सा नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण कर बना है। उसको भी बुलडोजर चलवा कर तुड़वाया जाए।



### सुनवाई नहीं हो रही

कटिया टोला के राजेश कश्यप ने आर्य महिला इंटर कॉलेज के पास लगे इंडिया मार्का हैंडपंप के खराब होने की शिकायत की। बताया कि कई बार हैंडपंप ठीक कराने को ज्ञापन दिया, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। पूर्व सभासद हरनाम कटियार ने मोहल्ले में रोड का निर्माण न होने से आ रही समस्या से अवगत कराया। समस्याओं को सुनकर नगर आयुक्त ने विभागों के अफसरों को समय से और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, एक्सईएन आशीष त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

### चिनौर में धीमी गति से हो रहा नाले का निर्माण कार्य

संतराम सिंह कुशवाह ने बताया कि चिनौर में नाला बन रहा है, जिसका काम धीमी गति से हो रहा। इसकी वजह से लोगों को दिक्कत हो रही है। जिस पर नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बहादुरगंज निवासी लक्ष्मीकांत मिश्र ने बताया कि खिरनीबाग में कालीबाड़ी मंदिर के पास जमीन को लेकर विवाद न्यायालय में चल रहा था। उसका निस्तारण हो गया है, लेकिन अराजक तत्व दीवार नहीं खड़ी करने से रहे।

# ऋणमाफी की साजिश! यूपी सरकार के खिलाफ फैलाया भ्रम

## महिलाओं को गोरक्षनाथ मंदिर भेजा ताकि मठ भी चर्चा में आए

**एजेंसी ■ गोरखपुर**

सरकार और उसकी योजनाओं के खिलाफ आमजन में असंतोष पैदा कराने के लिए कर्जमाफी की अफवाह फैलाई गई थी। एजेंसियों की जांच में ये तथ्य सामने आया है। इस अफवाह के चलते स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं कई महिलाएं गोरखनाथ मंदिर पहुंच गई थीं। इस मामले में गिरफ्तार आंबेडकर जनमोर्चा के संयोजक श्रवण कुमार निराला और सहयोगियों पर महिलाओं को उकसाने का आरोप है। जांच में पता चला है कि केस दर्ज होने के पहले तीन अक्टूबर को आंबेडकर जनमोर्चा के बैनर तले पहले 24 माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के नाम से पंफलेट वितरित किए गए थे। राष्ट्रपति के नाम से छपवाए गए इस पंफलेट के जरिये महिलाओं के बीच ऋण कंपनियों के प्रति अविश्वास बनाने की मंशा थी। इसी के बाद पहली बार 13 अक्टूबर को कुछ महिलाएं गोरखनाथ मंदिर पहुंची थीं। उन्हें पुलिस ने यह बताकर लौटा दिया कि कर्जमाफी की कोई योजना नहीं है। एक दिन बाद ही महराजगंज, संतकबीरनगर और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में महिलाएं फिर मंदिर के गेट पर पहुंच गईं। एजेंसियों की जांच में सामने आया है कि कर्जमाफी की अफवाह व्हाट्सएप मैसेज या किसी प्रचार-प्रसार के जरिये नहीं फैलाई गई थीं। ऐसा पूरी सोची-समझी साजिश के तहत किया गया था।



# महाकुंभ-2025: बनारस से गंगा में चलेगी क्रूज

## 320 बस, 25 ट्रेनों से जाएंगे श्रद्धालु, मेला स्पेशल ट्रेनों की बनारस स्टेशन से होगी आवाजाही

### काशी से चुनार, विंध्याचल होते हुए संगम तक का सफर

**एजेंसी ■ वाराणसी**

महाकुंभ को लेकर काशी में भी तैयारियां चल रहीं हैं। काशी में पलट प्रवाह थामने से लेकर महाकुंभ के लिए प्रस्थान करने वालों को रेल, सड़क और जल मार्ग की भी सुविधाएं मिलेंगी। महाकुंभ के लिए कैंट रोडवेज बस स्टेशन से 320 बसें चलाई जाएंगी। हर पांच मिनट के अंतराल पर बसें उपलब्ध होंगी। बनारस स्टेशन, सिटी और कैंट से मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। नमो घाट और रविदास घाट से संगम तक गंगा में क्रूज और हाइड्रोजन जलयान चलाए जाने की भी तैयारियां चल रही हैं। दिसंबर माह में तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। रेलवे स्टेशनों और रोडवेज बस स्टेशन पर लगे एलईडी स्क्रीन में महाकुंभ का प्रसारण भी किया जाएगा।



### लगेंगी आठ डिपो की 320 बसें

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि कैंट डिपो की 52, काशी डिपो की 55, ग्रामीण डिपो की 33, चंदौली की 25, सोनभद्र की 32, विंध्यनगर डिपो की 28, गाजीपुर की 50 और जौनपुर डिपो की 55 बसें शामिल हैं। हर पांच मिनट के अंतराल पर श्रद्धालुओं को बसें मिलेंगी। दबाव बढ़ने पर बसों की संख्या और बढ़ाई जाएंगी। यह बसें दिसंबर के अंतिम सप्ताह से रूट पर उतरना शुरू हो जाएंगी। इलेक्ट्रिक बसें भी चलाई जाएंगी। संभवतः 25 ई-बसें चलाई जाएंगी। हालांकि इस पर अभी अंतिम मुहर नहीं लग सकी है।

**कवायद** रूमी दरवाजा किया जाएगा विकसित, विश्व धरोहरों में शामिल करने की तैयारी

# लखनऊ में देखने को मिलेगी इंडिया गेट जैसी डिजाइन

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में अवध वस्तुकला और लखनऊ शहर के प्रतीक रूमी दरवाजा को मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया व इंडिया गेट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। ताजमहल की तरह दरवाजे के सामने बैठकर दर्शक तस्वीर ले सकेंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से खाका तैयार किया जा रहा है। मेहराब पर चिकनकारी व पान के पत्ते की डिजाइन से तैयार रूमी दरवाजे को विश्व के पर्यटन स्थलों में शामिल करने की तैयारी है। इससे पूर्व इसे भव्य रूप दिया जाएगा। इसके लिए रूमी दरवाजे के चारों ओर रंग-बिरंगी लाइटें, छोटे-छोटे गुंबद और बैठने का स्थान बनाया जाएगा। संगमरमर व विशेष पत्थरों पर इतिहास काल की तस्वीर उकेरी जाएंगी। प्रदेश के स्मारकों व धरोहरों के छाया चित्र भी लगाए जाएंगे।



**इंटरप्रिटेशन सेंटर की होगी स्थापना:** राजधानी, देश-प्रदेश की धरोहरों, स्मारकों व पर्यटन स्थलों की जानकारी दर्शकों को एक स्थान पर मिलेंगी। यहां अलग-अलग सदी की वास्तुकला के आधार पर बनीं इमारतों के बारे में दर्शक जान सकेंगे। रूमी गेट के पास ही प्रदर्शनी और इंटरप्रिटेशन सेंटर की स्थापना होगी।

**किफायतुल्लाह ने डिजाइन किया था रूमी दरवाजा:** तुर्की वास्तुकार किफायतुल्लान ने रूमी दरवाजे की डिजाइन तैयार की थी। अकाल राहत प्रोजेक्ट के तहत साल 1784 में नवाब आसफउद्दौला ने इसे बनवाया था। इसे तुर्किश गेटवे भी कहा जाता है। यह करीब 60 फीट ऊंचा है। दरवाजे पर हिंदू व मुस्लिम कला का मेल दिखता है।

### इनका कहना है

रूमी दरवाजे को इंडिया गेट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। यह विश्व के पर्यटन स्थल में शुमार हो, इसे ध्यान में रखकर डिजाइन तैयार की जा रही है। कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदर्शनी सेंटर में छायाचित्र व प्रदर्शनी के माध्यम से धरोहरों के इतिहास के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**-डॉ. आफताब हुसैन,** अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण लखनऊ मंडल

# अखिलेश यादव की मांग- वोटिंग के दौरान बुर्का हटाकर चेकिंग न करें

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि मुस्लिम महिलाओं की वोटिंग के दौरान बुर्का हटाकर चेकिंग नहीं की जाना चाहिए। इस आशय का उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग की है। उन्होंने कहा कि यूपी में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में इस तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए। सपा ने ईसी को लिखे अपने पत्र में कहा,महिलाएं अगर बुर्का पहनकर वोटिंग करें तो पुलिस हस्तछेप न करे। मुस्लिम महिलाओं के बुर्का हटाने को लेकर वह डरी हुई हैं. ऐसे में वह मतदान नहीं कर पाती हैं। समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि वोटिंग के दौरान पुलिस के पास वोटर का पहचान पत्र जांच करने का अधिकार न हो, क्योंकि मुस्लिम वोटर पुलिस के नकाब हटाने को लेकर भयभीत हैं। सपा की इस मांग से सियासी घमासान मच सकता है। क्योंकि भाजपा कई मौकों पर बुर्काधारी महिला वोटर्स की जांच की मांग करती आई है। दिल्ली की 7 सीटों पर इस बार हुए लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी की दिल्ली यूनिट ने भी ऐसी ही मांग की थी। दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली भाजपा का एक प्रतिनिधमंडल, जिसमें विधायक अजय महावर, मोहन सिंह विष्ट, प्रदेशमंत्री किशन शर्मा, वकील नीरज गुप्ता ने दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा था। इसमें मांग की गई थी कि मतदान वाले दिन दिल्ली में जो भी बुर्का पहनकर या मुंह पर मास्क लगाकर मतदान करने आए, उसकी पूरी जांच के बाद ही वोट डालने दिया जाए। महिला अधिकारी या महिला पुलिस उनका चेहरा चेक करे।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड 10-11 सेक्टर बी इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित एवं तृतीय तल, सी ब्लॉक, मानसरोवर काम्पलेक्स भोपाल से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-अभिषेक शर्मा*, मोबाईल न. 6261052058, सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। आर एन आई नम्बर-एमपीएचआईएन/2017/72467, मोबाईल न. 9893126900, 9826384845, प्रतियां बुक कराने एवं एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें-जाहिद हुसैन-9826278877, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910